# प्राथमिक चुनाव

## मंगलवार, 2 जून, 2026

आधिकारिक मतदाता सूचना गाइड

### देरी न करें, आज ही मतदान करें!

**जैसे ही आपको अपना मतपत्र प्राप्त हों, इसे भरकर वापस भेजें।**

**डाक-द्वारा-मतदान से प्रारंभिक मतदान करने की अवधि 4 मई, 2026 से शुरू होती है।**

**मतदान स्थल चुनाव के दिन 2 जून, 2026 को सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं!**

## CALIFORNIA विश्वसनीय जानकारी

**California में प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को एक डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र प्राप्त होगा।**


**मतपत्र 4 मई को या उससे पहले डाक द्वारा भेजे जाते हैं।**

**मतपत्रों के प्राप्त होते ही उन पर मतदान किया जा सकता है और उन्हें वापस भेजा जा सकता है।**

**मतपत्र ड्रॉप बॉक्स 5 मई से खुलते हैं।**

**व्यक्तिगत रूप से जाकर मतदान करने के विकल्प सभी काउंटियों में उपलब्ध होंगे।**

**मोबाइल-अनुकूल मुझे स्कैन करें**



### सत्यता का प्रमाण-पत्र

मैं, Shirley N. Weber, California राज्य की राज्य सचिव, इसके द्वारा प्रमाणित करती हूँ कि यहाँ शामिल की गई जानकारी 2 जून, 2026 को पूरे राज्य भर में आयोजित होने वाले प्राथमिक चुनाव में California राज्य के निर्वाचकों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी, और यह कि इस गाइड को कानून के अनुसार सही तरीके से तैयार किया गया है। इस मार्च, 2026 के 9वें दिन को Sacramento, California में मेरे हस्ताक्षर और राज्य की महान मुहर के साक्षी बनें।

**Shirley N. Weber, Ph.D.**
**राज्य सचिव**

## मतदाता

# अधिकार-पत्र

## आपके पास निम्नलिखित अधिकार हैं:

1 **यदि आप पंजीकृत मतदाता हैं, तो मतदान करने का अधिकार।** आप मतदान करने के योग्य हैं यदि आप:

- California में रह रहे अमेरिका के नागरिक हैं
- कम से कम 18 वर्ष के हैं
- वहाँ पंजीकृत हैं जहाँ आप वर्तमान में रहते हैं
- वर्तमान में किसी गुंडागर्दी के लिए राज्य या संघीय जेल की सजा नहीं काट रहे हैं, और
- आपको वर्तमान में किसी अदालत द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाया गया है

2 **मतदान करने का अधिकार, यदि आप एक पंजीकृत मतदाता हैं, और आपका नाम सूची में नहीं है।** आप अनंतिम मतपत्र का उपयोग करते हुए मतदान करेंगे। आपका मतदान तभी गिना जाएगा यदि चुनाव अधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि आप मतदान करने के लिए पात्र हैं।

3 **मतदान करने का अधिकार, यदि मतदान समाप्त हो जाने पर भी आप लाइन में लगे हुए हैं।**

4 **गुप्त मतदान करने का अधिकार** किसी द्वारा आपको परेशान किए बिना या आपको यह बताए बिना कि मतदान कैसे करना है।

5 **यदि आपने कोई गलती कर दी है, तो नया मतपत्र प्राप्त करने का अधिकार**, यदि आपने पहले से ही अपना मत डाल न दिया हो। आप निम्नलिखित कर सकते हैं:

**मतदान स्थल में किसी चुनाव अधिकारी से** नया मतपत्र देने के लिए कहना,
**अपने डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र** को किसी चुनाव कार्यालय में, या अपने मतदान स्थल पर नए डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र **से बदलना**, या
**अनंतिम मतपत्र का उपयोग करते हुए मतदान करना।**

6 अपना **मतदान करने के लिए** अपने द्वारा चुने किसी भी व्यक्ति से **सहायता प्राप्त करने का अधिकार**, आपके नियोक्ता या यूनियन के प्रतिनिधि के सिवाए।

7 **अपना भरा हुआ डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र** California में **किसी भी मतदान स्थल पर छोड़ने का अधिकार।**

8 **अंग्रेज़ी के सिवाए किसी अन्य भाषा में चुनाव सामग्री प्राप्त करने का अधिकार** यदि आपके मतदान क्षेत्र में पर्याप्त व्यक्ति वह भाषा बोलते हैं।

9 **चुनाव प्रक्रियाओं के बारे में चुनाव अधिकारियों से प्रश्न पूछने** और चुनाव प्रक्रिया को देखने का अधिकार। आप जिस व्यक्ति से प्रश्न पूछते हैं, यदि वह आपके प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाता, तो उसे किसी उत्तर के लिए आपको सही व्यक्ति के पास अवश्य भेजना चाहिए। यदि आपका व्यवहार अनुचित है, तो वे आपको उत्तर देना बंद कर सकते हैं।

10 चुनाव अधिकारी या राज्य सचिव के कार्यालय में **किसी भी अवैध या धोखाधड़ी वाली चुनाव गतिविधि की रिपोर्ट करने का अधिकार**।

- वेब से **www.sos.ca.gov** पर
- फ़ोन द्वारा **(888) 345-2692** पर
- ईमेल द्वारा **elections@sos.ca.gov** पर

**यदि आपको लगता है कि आपको इनमें से किसी भी अधिकार से वंचित किया गया है,**
तो कृपया राज्य सचिव की गोपनीय टोल-फ्री मतदाता हॉटलाइन को **(888) 345-2692** पर कॉल करें।

# विषय-सूची

पृष्ठ

**उम्मीदवारों के वक्तव्य** 10

**मतदाता सूचना**

मतदाता अधिकार-पत्र........................................2
शीर्ष योगदानकर्ता..........................................3
राज्य सचिव की वेबसाइट पर संसाधन...........................3
अपने मतपत्र को ट्रैक करें.....................................3
राज्य सचिव का संदेश..........................................4
देरी न करें, आज ही मतदान करें!................................5
VCA के साथ मतदान करने के लिए अधिक दिन, अधिक तरीके.....5
त्वरित तथ्य...................................................6
California में चुनाव.........................................7
उम्मीदवारों के वक्तव्यों के बारे में जानकारी......................8
California मोटर वोटर......................................57
मतदाता पंजीकरण गोपनीयता जानकारी.........................57
चुनाव अभियान संबंधी नोटिस..................................58
मतदान प्रक्रिया बिगाड़ने संबंधी नोटिस...........................59
California मतदाता पहचान-पत्र और पंजीकरण आवश्यकताएँ....60
दूरस्थ सुलभ डाक-द्वारा-मतदान.................................61
विकलांग मतदाताओं के लिए सहायता...........................62
याद रखने वाली तारीखें........................................63

# राज्य उम्मीदवारों के शीर्ष योगदानकर्ता

जब कोई समिति (एक व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जो उम्मीदवारों को समर्थन देने या उनके विरोध में मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से धन प्राप्त या खर्च करता है) कम से कम $1 मिलियन इकट्ठा करती है, तो उस समिति के लिए California के निष्पक्ष राजनैतिक आचरण आयोग (FPPC) को अपने शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं की जानकारी देना आवश्यक होता है। यदि इस सूची में कोई भी बदलाव होता है, तो समिति को इस सूची को अपडेट करना होगा।

ये सूचियाँ FPPC की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:
*fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html*

उम्मीदवारों या मतपत्र विधेयकों के लिए अभियानों के योगदानों की जाँच करने के लिए, राज्य सचिव की वेबसाइट *powersearch.sos.ca.gov* पर जाएँ।

# निम्नलिखित के लिए राज्य सचिव की वेबसाइट पर जाएँ:

- *voterguide.sos.ca.gov* पर इस मतदाता गाइड को अन्य भाषाओं में देखें
- यह गाइड ऑडियो और बड़े प्रिंट वाले संस्करण में या अंग्रेज़ी, चीनी, हिन्दी, जापानी, खमेर, कोरियाई, स्पेनिश, टैगालोग, थाई, और वियतनामी में निःशुल्क मंगवाने के लिए, *vote.ca.gov* पर जाएँ
- अपने निकटतम ड्रॉप बॉक्स, मतदान स्थल या मतदान केंद्र का पता लगाने के लिए *caearlyvoting.sos.ca.gov* पर जाएँ
- चुनाव के दिन अपने मतदान स्थल या किसी मतदान केंद्र का पता लगाने के लिए *sos.ca.gov/elections/polling-place* या *voterstatus.sos.ca.gov* पर जाएँ
- *voterstatus.sos.ca.gov* पर अपनी पंजीकरण स्थिति और पंजीकरण जानकारी की जांच करें
- *electionresults.sos.ca.gov* पर चुनाव के दिन पर मतदान की समाप्ति के बाद लाइव चुनाव परिणाम देखें

# अपने मतपत्र को ट्रैक करें

California के आधिकारिक मेरा मतपत्र कहाँ हैं? (Where's My Ballot?) ट्रैकिंग टूल के जरिए सभी मतदाता अपने मतपत्रों के बारे में महत्वपूर्ण अपडेट्स प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण करने में तीन मिनट से भी कम समय लगता है!

आप अपने मतपत्र की स्थिति के बारे में टेक्स्ट (SMS), ईमेल, या वॉयस कॉल के जरिए अधिसूचनाएँ प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं, जिसमें आपके मतपत्र में किसी भी समस्या के बारे में अलर्ट प्राप्त करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका मत गिना जाए, उन्हें ठीक करने के निर्देश शामिल होते हैं।

अपने मतपत्र के संबंध में पूरी प्रक्रिया पर नज़र रखने का मौका न चूकें! अधिक जानकारी के लिए *wheresmyballot.sos.ca.gov* पर जाएँ।

# राज्य सचिव का संदेश

प्रिय California मतदाता,

जून 2026 के प्राथमिक चुनाव के मतपत्र पर दिखाई देने वाले उम्मीदवारों के बारे में जानने के लिए समय निकालने के लिए धन्यवाद। यह मतदाता सूचना गाइड आपको महत्वपूर्ण, निष्पक्ष जानकारी प्रदान करने के लिए बनाई गई है ताकि आप मतदान करते समय सोच-समझकर निर्णय ले सकें।

California को अपने मतदाताओं को सुरक्षित, सुलभ, और पारदर्शी चुनाव प्रदान करने पर गर्व है। प्रत्येक सक्रिय पंजीकृत मतदाता को डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र प्राप्त होगा, जिससे वे सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से मतदान कर सकेंगे। आप अपना मतपत्र आधिकारिक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स में डाल सकते हैं, किसी मतदान केंद्र पर जाकर व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकते हैं, या इसे संयुक्त राज्य अमेरिका की डाक सेवा के माध्यम से वापस भेज सकते हैं। कई समुदायों में जल्दी मतदान करने के अवसर उपलब्ध हैं, और जो लोग व्यक्तिगत रूप से जाकर मतदान करना पसंद करते हैं, उनके लिए चुनाव का दिन भी एक विकल्प बना हुआ है।

आपका मत आपकी आवाज़ है। चुनावों में भाग लेना हमारे समुदायों, राज्य और देश के भविष्य को आकार देने में मदद करता है। राज्य सचिव कार्यालय काउंटी के चुनाव अधिकारियों के साथ मिलकर काम करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक पात्र California वासी को पंजीकरण करने, मतदान करने और उनके मतपत्र की सही तरीके से और सुरक्षित रूप से गिनती कराने का अवसर प्राप्त हो।

इस गाइड में राज्यव्यापी उम्मीदवारों और आपके लिए उपलब्ध मतदान संसाधनों के बारे में जानकारी दी गई है। मैं आपको इसे ध्यानपूर्वक पढ़ने और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterstatus.sos.ca.gov* पर जाकर या अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से संपर्क करके अतिरिक्त विश्वसनीय चुनाव संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ।

California की ताकत उसके मतदाताओं की भागीदारी से आती है। जब आप मतदान करते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि हमारा लोकतंत्र हमारे विविधतापूर्ण राज्य की आवाजों और मान्यताओं को प्रतिबिंबित करता है।

एक सक्रिय और जानकारीपूर्ण मतदाता होने के लिए धन्यवाद।

# देरी न करें, आज ही मतदान करें!

California के सभी मतदाताओं को 2 जून, 2026 को होने वाले प्राथमिक चुनाव के लिए डाक द्वारा एक मतपत्र और डाक टिकट लगा हुआ एक लिफाफा भेजा जाएगा। काउंटी चुनाव अधिकारी 4 मई, 2026 तक मतपत्र भेजना शुरू कर देंगे।

अपनी राय जल्दी ही व्यक्त करें। देरी न करें, तुरंत मतदान करें। डाक में मतपत्र प्राप्त होते ही आप उस पर अपना मतदान कर सकते हैं।

लोकतंत्र आप पर निर्भर करता है! अपने मतदान करने के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए इन पांच आसान चरणों का पालन करें:

☑ **इसे पूरा करें।**

अपने मतपत्र पर अपने चयनों पर निशान लगाएँ।

☑ **इसे सील करें।**

अपने मतपत्र को अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से प्राप्त वापसी लिफाफे में डालकर सुरक्षित करें।

☑ **इस पर हस्ताक्षर करें।**

अपने मतपत्र के वापसी लिफाफे के बाहर हस्ताक्षर करें।

सुनिश्चित करें कि आपके हस्ताक्षर आपके CA ड्राइवर लाइसेंस/राज्य पहचान-पत्र, या आपके द्वारा पंजीकरण करते समय प्रदान किए गए हस्ताक्षर से मेल खाते हों। आपका काउंटी चुनाव कार्यालय आपके मतपत्र की गणना करने से पहले उनका मिलान करेगा।

☑ **इसे वापस भेजें।**

ड्रॉप बॉक्स द्वारा—5 मई से लेकर 2 जून को मतदान स्थलों के बंद होने तक किसी भी समय अपने पूरे किए हुए मतपत्र को अपनी काउंटी में बने किसी सुरक्षित आधिकारिक ड्रॉप बॉक्स में डालें।

व्यक्तिगत रूप से—अपना पूरा किया हुआ मतपत्र किसी सुरक्षित ड्रॉप बॉक्स, मतदान स्थल, मतदान केंद्र, या काउंटी के चुनाव कार्यालय में 2 जून रात 8:00 बजे तक वापस करें। मतदान स्थल सभी काउंटियों में चुनाव के दिन से पहले उपलब्ध होंगे। मतदान स्थल मतदाता पंजीकरण, प्रतिस्थापन मतपत्र, सुगम्य मतदान मशीनों, और भाषा सहायता की पेशकश करते हैं।

डाक द्वारा—मतपत्र के प्राप्त होते ही जितनी जल्दी से जल्दी हो सके, इसे वापस भेजें। डाक से भेजे जाने वाले मतपत्रों पर चुनाव के दिन या उससे पहले की डाक-मोहर लगा होना ज़रूरी है और चुनाव के दिन के बाद 7 दिनों तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके मतपत्र पर चुनाव के दिन की डाक-मोहर लग जाए, इसे चुनाव के दिन, 2 जून, 2026 से कम से कम पांच दिन पहले डाक से भेज दें। यदि आप चुनाव के दिन पर डाक से भेज रहे हैं, तो संयुक्त राज्य अमेरिका के डाकघर में मौजूद किसी डाक कर्मचारी से हाथ से लगाई गई डाक मोहर प्राप्त करें।

☑ **इसकी स्थिति का पता लगाएँ।**

अपने मतपत्र की स्थिति के बारे में टेक्स्ट (SMS), ईमेल, या वॉयस कॉल द्वारा अपडेट्स प्राप्त करने के लिए *wheresmyballot.sos.ca.gov* पर साइन अप करें। अपने मतपत्र के संबंध में पूरी प्रक्रिया पर नज़र रखने का मौका न चूकें!

**California मतदाता विकल्प अधिनियम के साथ**

# मतदान करने के लिए अधिक दिन, अधिक तरीके

CALIFORNIA VOTER'S CHOICE ACT

मतदाता विकल्प अधिनियम वाली काउंटियों में चुनाव के दिन से 10 दिन पहले तक मतदान केंद्र व्यक्तिगत रूप से जाकर मतदान करने के लिए खुले रहते हैं।

यदि आप निम्नलिखित में से किसी भी काउंटी में रहते हैं, तो आप अपनी काउंटी के किसी भी मतदान केंद्र पर जाकर व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकते हैं।

- Alameda
- Amador
- Butte
- Calaveras
- El Dorado
- Fresno
- Humboldt
- Imperial
- Kings
- Los Angeles
- Madera
- Marin
- Mariposa
- Merced
- Napa
- Nevada
- Orange
- Placer
- Riverside
- Sacramento
- San Benito
- San Diego
- San Mateo
- Santa Clara
- Santa Cruz
- Sonoma
- Stanislaus
- Tuolumne
- Ventura
- Yolo

अधिक जानकारी के लिए, *vca.sos.ca.gov* पर जाएँ।

# 2 जून, 2026 के प्राथमिक चुनाव के बारे में त्वरित तथ्य

**मुझे मतदान करने के लिए पंजीकरण कैसे करना है?**

मतदान करने के लिए पंजीकरण करने या अपना पंजीकरण अपडेट करने के लिए *registertovote.ca.gov* पर जाएँ। यदि आप एक कागज़ी फॉर्म भरना चाहते हैं, तो मतदाता पंजीकरण आवेदन डाकघरों, काउंटी चुनाव कार्यालयों और पुस्तकालयों में उपलब्ध हैं।

**यदि मैं मतदाता पंजीकरण करने की समय सीमा से चूक गया(गई) तो क्या करूं?**

यदि आप मतदान करने के लिए पंजीकरण करने की समय सीमा से चूक जाते हैं, तब भी आप सशर्त मतदाता पंजीकरण (जिसे अक्सर "उसी दिन मतदाता पंजीकरण" कहा जाता है) को पूरा करने के लिए चुनाव के दिन या उससे पहले अपने काउंटी चुनाव कार्यालय, मतदान केंद्र, या मतदान स्थल पर जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से संपर्क करें या *vote.ca.gov* पर जाएँ।

**यदि मुझे अपनी मतदाता पंजीकरण स्थिति की जांच करने की आवश्यकता हो, तो क्या करूं?**

अपने मतदाता पंजीकरण की स्थिति की जांच करने के लिए आप *voterstatus.sos.ca.gov* पर "मेरी मतदाता स्थिति" (My Voter Status) टूल का उपयोग कर सकते हैं।

**मुझे अपना मतपत्र कब प्राप्त होगा?**

सभी सक्रिय पंजीकृत मतदाताओं को 2 जून, 2026 के प्राथमिक चुनाव के लिए एक मतपत्र भेजा जाएगा। काउंटियों के लिए मतपत्र भेजना शुरू करने का आखिरी दिन 4 मई, 2026 है।

**मुझे अपनी राज्य की आधिकारिक मतदाता सूचना गाइड कब प्राप्त होगी?**

पंजीकृत मतदाताओं को चुनाव के दिन से कुछ सप्ताह पहले उनकी राज्य की आधिकारिक मतदाता सूचना गाइड प्राप्त होगी। यह ऑनलाइन *voterguide.sos.ca.gov* पर भी उपलब्ध होगी।

**यदि मुझे प्रतिस्थापन मतपत्र की आवश्यकता हो तो क्या करूं?**

यदि आपको अपना मतपत्र प्राप्त नहीं हुआ है, या आपने अपना मूल मतपत्र खो दिया है या नष्ट हो गया है, तो आप एक प्रतिस्थापन मतपत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रतिस्थापन मतपत्र आवेदन को *https://elections.cdn.sos.ca.gov/vote-by-mail/pdf/replacement-application.pdf* पर प्राप्त किया जा सकता है।

आप अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से फोन, ईमेल, फैक्स या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से भी प्रतिस्थापन मतपत्र के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

**मैं अपने मतपत्र को वापस कैसे भेज सकता(ती) हूँ?**

आप अपना मतपत्र वापस कर सकते हैं:

- **<u>ड्रॉप बॉक्स द्वारा:</u>** आप चुनाव के दिन California में बने किसी भी मतदान स्थल या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स के स्थान पर रात 8:00 बजे तक अपना मतपत्र व्यक्तिगत रूप से पहुंचा सकते हैं।
- **<u>व्यक्तिगत रूप से:</u>** काउंटी के चुनाव अधिकारियों द्वारा मतदान स्थल स्थापित किए जाते हैं और वे **चुनाव के दिन, मंगलवार, 2 जून, 2026 को सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे** तक खुले रहेंगे। चुनाव के दिन से पहले मतदान करने का स्थान खोजने के लिए, *caearlyvoting.sos.ca.gov* पर जाएँ।
- **<u>डाक द्वारा:</u>** मतपत्र के प्राप्त होते ही जितनी जल्दी से जल्दी हो सके, इसे भरकर वापस भेजें। डाक से भेजे जाने वाले मतपत्रों पर चुनाव के दिन या उससे पहले की डाक-मोहर लगा होना ज़रूरी है और चुनाव के दिन के बाद 7 दिनों तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके मतपत्र पर चुनाव के दिन की डाक-मोहर लग जाए, इसे चुनाव के दिन, 2 जून, 2026 से कम से कम पांच दिन पहले डाक से भेज दें। यदि आप चुनाव के दिन पर डाक से भेज रहे हैं, तो संयुक्त राज्य अमेरिका के डाकघर में मौजूद किसी डाक कर्मचारी से हाथ से लगाई गई डाक मोहर प्राप्त करें।

**मैं अपना निकटतम ड्रॉप बॉक्स, मतदान स्थल, या मतदान केंद्र कैसे तलाश करूं?**

- अपने निकटतम ड्रॉप बॉक्स, मतदान स्थल या मतदान केंद्र का पता लगाने के लिए *caearlyvoting.sos.ca.gov* पर जाएँ।
- अपने स्थानीय काउंटी चुनाव कार्यालय से संपर्क करें।

**मैं अपना मतपत्र कैसे ट्रैक कर सकता(ती) हूँ ताकि पता चल सके कि वह प्राप्त हुआ है और उसकी गणना की गई है या नहीं?**

मतदाता "*मेरा मतपत्र कहाँ है? (Where's My Ballot?)*" टूल के लिए साइन-अप करके अपने मतपत्र की स्थिति के बारे में अधिसूचनाएँ प्राप्त कर सकते हैं।

अपने मतपत्र की स्थिति के बारे में टेक्स्ट (SMS), ईमेल, या वॉयस कॉल द्वारा स्वचालित अपडेट्स प्राप्त करने के लिए *wheresmyballot.sos.ca.gov* पर साइन-अप करें।

आप *voterstatus.sos.ca.gov* पर जाकर भी यह पता लगा सकते हैं कि आपके मत की गणना की गई है या नहीं।

**महत्वपूर्ण समय सीमाएँ:**

| | |
|---|---|
| काउंटियों के लिए मतपत्र डाक से भेजना शुरू करने का अंतिम दिन | 4 मई |
| मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का अंतिम दिन | 18 मई |
| सशर्त मतदाता पंजीकरण | 19 मई–2 जून |
| सभी मतपत्र वापस जमा किए जाने का अंतिम दिन* | 2 जून |

*डाक द्वारा वापस भेजे गये सभी मतपत्रों पर 2 जून की या उससे पहले की डाक-मोहर लगे होना और काउंटी चुनाव कार्यालयों द्वारा 9 जून तक प्राप्त किया जाना ज़रूरी है।

# California में चुनाव

शीर्ष दो उम्मीदवार मुक्त प्राथमिक अधिनियम के अनुसार यह आवश्यक है कि मतदाता-नामांकित कार्यालय के सभी उम्मीदवारों को एक ही मतपत्र पर सूचीबद्ध किया जाए। मतदाता-नामांकित कार्यालयों में राज्य विधायी कार्यालय, अमेरिकी कांग्रेस के कार्यालय और राज्य संवैधानिक कार्यालय शामिल हैं, जिन्हें पहले राजनीतिक दल से संबंधित कार्यालयों के नाम से जाना जाता था।

मुक्त प्राथमिक और आम चुनावों दोनों में, आप अपने मतदाता पंजीकरण फॉर्म पर बताई गई पार्टी वरीयता के बावजूद भी किसी भी उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं। प्राथमिक चुनाव में अधिक मतदान प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवार—भले ही उनकी पार्टी की वरीयता कुछ भी हो—आम चुनाव में आगे जाते हैं। अगर किसी उम्मीदवार को मतदान का बहुमत (कम-से-कम 50 प्रतिशत +1) प्राप्त होता है, तब भी एक आम चुनाव आयोजित किया जाना ज़रूरी है।

California का खुला प्राथमिक तंत्र अमेरिकी राष्ट्रपति, काउंटी केंद्रीय समिति या स्थानीय कार्यालयों के लिए उम्मीदवारों पर लागू नहीं होता है।

मतदाता-नामांकित कार्यालयों के लिए राइट-इन उम्मीदवार अभी भी प्राथमिक चुनाव में भाग ले सकते हैं। हालांकि कोई राइट-इन उम्मीदवार आम चुनाव में केवल तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह प्राथमिक चुनाव में शीर्ष के दो मत प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से एक हो। इसके अतिरिक्त, आम चुनाव के लिए कोई भी स्वतंत्र नामांकन प्रक्रिया नहीं होती है।

California के कानून के तहत निम्नलिखित जानकारी को इस गाइड में प्रकाशित किया जाना आवश्यक है।

## मतदाता-नामांकित कार्यालय

राजनीतिक दलों को प्राथमिक चुनाव में मतदाता-नामांकित कार्यालयों के लिए औपचारिक रूप से उम्मीदवार नामांकित करने का अधिकार नहीं है। प्राथमिक चुनाव में मतदाता-नामांकित कार्यालय के लिए नामांकित उम्मीदवार जनता का नामांकित व्यक्ति होता है, न कि आम चुनाव में किसी पार्टी का आधिकारिक नामांकित व्यक्ति। मतदाता-नामांकित कार्यालय के लिए नामांकन हेतु उम्मीदवार की अपनी योग्य पार्टी की वरीयता, या योग्य पार्टी की गैर-वरीयता मतपत्र पर निर्दिष्ट होगी, लेकिन पार्टी वरीयता पदनाम पूरी तरह से उम्मीदवार द्वारा चुना जाता है और इसे केवल मतदाताओं की जानकारी के लिए दिखाया जाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि उस उम्मीदवार को नामित पार्टी द्वारा नामांकित या अनुमोदित किया गया है, या पार्टी और उम्मीदवार के बीच कोई संबंध है, और मतदाताओं द्वारा नामांकित किसी भी उम्मीदवार को किसी भी राजनीतिक दल का आधिकारिक रूप से नामांकित उम्मीदवार नहीं माना जाएगा। काउंटी मतदाता सूचना गाइड में पार्टियाँ मतदाता-नामांकित कार्यालयों के लिए ऐसे उम्मीदवारों की सूची तैयार कर सकती हैं, जिन्हें पार्टी का आधिकारिक अनुमोदन प्राप्त हुआ हो।

कोई भी मतदाता किसी भी उम्मीदवार के लिए मतदाता-नामांकित कार्यालय के लिए मतदान कर सकता है, अगर वह उस कार्यालय के लिए मतदान करने के लिए आवश्यक अन्य योग्यताएँ पूरी करता हो। प्राथमिक चुनाव में सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले पहले दो उम्मीदवार मतदाता-नामांकित कार्यालय के आम चुनाव में आगे जाते हैं, भले ही दोनों उम्मीदवारों ने एक ही पार्टी वरीयता पद को निर्दिष्ट किया हो। किसी भी पार्टी के पास अपनी पार्टी वरीयता पदनाम के साथ किसी उम्मीदवार को आम चुनाव में आगे भेजने का अधिकार नहीं है, जब तक कि उम्मीदवार प्राथमिक चुनाव में दो सबसे अधिक मत प्राप्त करने वालों में से एक न हो।

## निर्दलीय कार्यालय

राजनीतिक दलों को प्राथमिक चुनाव में निर्दलीय कार्यालयों के लिए उम्मीदवार नामांकित करने का अधिकार नहीं है, और प्राथमिक चुनाव में कोई उम्मीदवार आम चुनाव में निर्दिष्ट कार्यालय के लिए किसी भी पार्टी का आधिकारिक नामांकित व्यक्ति नहीं होता है। किसी निर्दलीय कार्यालय में नामांकन वाला उम्मीदवार अपनी पार्टी की वरीयता, या पार्टी वरीयता के ना होने को मतपत्र पर नामित नहीं कर सकता है। प्राथमिक चुनाव में सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवार निर्दलीय कार्यालय के आम चुनाव के लिए आगे आते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्यों के बारे में जानकारी

इस मतदाता गाइड में राज्यव्यापी संवैधानिक कार्यालय के उम्मीदवारों के वक्तव्य शामिल हैं जो इस गाइड के पृष्ठ 10 से शुरू होते हैं।

## राज्यव्यापी संवैधानिक कार्यालय

California के कानून में राज्य कार्यालय के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए स्वैच्छिक खर्च सीमाएँ शामिल है, जो अपने चुनाव अभियान से संबंधित खर्चों को निर्दिष्ट डॉलर राशि से कम रखने का विकल्प चुनते हैं। राज्यव्यापी संवैधानिक कार्यालय के उम्मीदवार, जो स्वैच्छिक खर्च सीमाओं को स्वीकार करते हैं, वे इस मतदाता गाइड में उम्मीदवार वक्तव्य (250 शब्दों तक) के लिए स्थान खरीद सकते हैं।

2 जून, 2026, प्राथमिक चुनाव के लिए निम्नलिखित कार्यालयों के लिए स्वैच्छिक खर्च सीमाएँ निम्नलिखित हैं:

- राज्यपाल—$11,767,000
- उप राज्यपाल, राज्य सचिव, नियंत्रक, कोषाध्यक्ष, महान्यायवादी, बीमा आयुक्त, और लोक निर्देश अधीक्षक—$7,844,000
- समानता बोर्ड के सदस्य—$1,961,000

निम्नलिखित उम्मीदवार सूचियों में, एक तारे का निशान (*) राज्यव्यापी संवैधानिक कार्यालय के ऐसे उम्मीदवार को दिखाता है, जिसने California की स्वैच्छिक चुनाव अभियान खर्च सीमाओं को स्वीकार किया है और इसलिए उसके पास इस मतदाता गाइड में उम्मीदवार के वक्तव्य के लिए स्थान खरीदने का विकल्प मौजूद है। कुछ योग्य उम्मीदवार जिन्होंने खर्च सीमाओं को स्वीकार किया है, वे एक उम्मीदवार वक्तव्य के लिए स्थान न खरीदने का चयन करते हैं। जिन उम्मीदवारों ने खर्च सीमाओं को स्वीकार नहीं किया है, उन्हें वक्यव्य सबमिट करने की अनुमति नहीं है।

इस गाइड के प्रकाशित होने के बाद निर्धारित उम्मीदवारों की अंतिम प्रमाणित सूची के लिए *vote.ca.gov* पर जाएँ।

**राज्यपाल**

| | |
|---|---|
| Akinyemi Agbede* | डेमोक्रेटिक |
| Mohammad Arif* | डेमोक्रेटिक |
| James Athans Jr.* | रिपब्लिकन |
| Larry Azevedo | डेमोक्रेटिक |
| Naomi Bar-Lev* | कोई योग्य पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Xavier Becerra | डेमोक्रेटिक |
| Chad Bianco* | रिपब्लिकन |
| Carolina Buhler* | डेमोक्रेटिक |
| Joseph Cabrera* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Elaine Culotti* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Patricia De Luca Basualdo* | रिपब्लिकन |
| Louis A. DeBarraicua | डेमोक्रेटिक |
| LivingForGod AndCountry DeMott* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Randeep S. Dhillon* | रिपब्लिकन |
| Sophia Edum-A-Sam | डेमोक्रेटिक |
| Serge Fiankan* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Lukasz Adam Filinski | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Max Fomin* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Derek Grasty* | डेमोक्रेटिक |
| Don J. Grundmann* | कोई योग्य पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Jon Henderson* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Lewis Herms* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Rafael M. Hernandez* | रिपब्लिकन |
| Steve Hilton | रिपब्लिकन |
| Joel Jacob | डेमोक्रेटिक |
| Dawit E. Kellel | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Gary Howard Kidgell* | डेमोक्रेटिक |
| Anne Komarovsk* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Alicia Olivia Lapp* | रिपब्लिकन |
| Matthew Chase Levy* | डेमोक्रेटिक |
| Duane Terrence Loynes Jr.* | कोई योग्य पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Matt Mahan | डेमोक्रेटिक |
| Amanda Martin* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Brent Maupin* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Daniel Mercuri* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Leo Naranjo IV* | रिपब्लिकन |
| Tim Nelson | रिपब्लिकन |
| Barack D. Obama Shaw* | डेमोक्रेटिक |
| Mauro Alberto Orozco | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Thunder Parley | डेमोक्रेटिक |
| Katie Porter* | डेमोक्रेटिक |
| Raji Rab* | डेमोक्रेटिक |
| Satish Rao* | डेमोक्रेटिक |
| Ramsey Robinson* | पीस एंड फ्रीडम |
| Reza Safarnejad* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Sam Sandak | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Christine R. Sarmiento* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Frederic C. Schultz* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Scott P Shields* | डेमोक्रेटिक |
| Gretha Solórzano* | रिपब्लिकन |
| Tom Steyer | डेमोक्रेटिक |
| Eric Swalwell | डेमोक्रेटिक |
| Ebony Taylor | रिपब्लिकन |
| Tony K. Thurmond* | डेमोक्रेटिक |
| Margaret Trowe* | कोई योग्य पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Antonio Villaraigosa | डेमोक्रेटिक |
| Tom Woodard | लिबरटेरियन |
| Betty T. Yee* | डेमोक्रेटिक |
| Nancy D. Young* | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Leo Samuel Zacky* | रिपब्लिकन |
| Erin “Zez” Zezulak* | डेमोक्रेटिक |
| David Zickefoose | रिपब्लिकन |

**उपराज्यपाल**

| | |
|---|---|
| Rakesh Christian | रिपब्लिकन |
| David Collenberg | रिपब्लिकन |
| Sean Collinson | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| David Fennell* | रिपब्लिकन |
| Josh Fryday* | डेमोक्रेटिक |
| Janelle Kellman* | डेमोक्रेटिक |

**उपराज्यपाल आगे जारी है**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Jason Lopez* | डेमोक्रेटिक | Gloria Romero* | रिपब्लिकन |
| Ebie Lynch* | रिपब्लिकन | Skip Shelton | रिपब्लिकन |
| Fiona Ma* | डेमोक्रेटिक | Abdur Rahman Sikder* | डेमोक्रेटिक |
| Oliver Ma* | लोकतांत्रिक | Alice Stek* | पीस एंड फ्रीडम |
| Tim Myers* | डेमोक्रेटिक | Michael Tubbs* | डेमोक्रेटिक |

**राज्य सचिव**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Gary N. Blenner* | ग्रीन | Donald P. (Don) Wagner* | रिपब्लिकन |
| Michael Feinstein* | ग्रीन | Shirley N. Weber* | डेमोक्रेटिक |

**नियंत्रक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Meghann Adams* | पीस एंड फ्रीडम | Herb W Morgan* | रिपब्लिकन |
| Malia M. Cohen* | डेमोक्रेटिक | | |

**कोषाध्यक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Anna M. Caballero* | लोकतांत्रिक | David Serpa* | रिपब्लिकन |
| Jennifer Hawks* | रिपब्लिकन | Glenn Turner* | ग्रीन |
| Eleni Kounalakis* | डेमोक्रेटिक | Tony Vazquez* | डेमोक्रेटिक |

**महान्यायवादी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Rob Bonta | डेमोक्रेटिक | Marjorie Mikels* | ग्रीन |
| Michael E. Gates* | रिपब्लिकन | | |

**बीमा आयुक्त**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Eric Thor Aarnio* | रिपब्लिकन | Jane Kim* | डेमोक्रेटिक |
| Ben Allen* | डेमोक्रेटिक | Stacy A. Korsgaden* | रिपब्लिकन |
| Steven Craig Bradford* | डेमोक्रेटिक | Sean Lee* | रिपब्लिकन |
| Merritt Farren* | रिपब्लिकन | Eduardo “Lalo” Vargas* | पीस एंड फ्रीडम |
| Robert P Howell* | रिपब्लिकन | Patrick Wolff* | डेमोक्रेटिक |

**समानता बोर्ड ज़िला 1**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Dusty Beach* | रिपब्लिकन | Nader F Shahatit* | रिपब्लिकन |
| Nelson Esparza* | डेमोक्रेटिक | Donald E. Williamson* | डेमोक्रेटिक |
| Shannon Grove* | रिपब्लिकन | | |

**समानता बोर्ड ज़िला 2**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sally J. Lieber* | डेमोक्रेटिक | John Pimentel* | डेमोक्रेटिक |
| J Brett Marymee* | रिपब्लिकन | Bill Shireman* | रिपब्लिकन |
| Mark McComas | रिपब्लिकन | John W. Zaruka | रिपब्लिकन |

**समानता बोर्ड ज़िला 3**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Carlo Basail | रिपब्लिकन | Marie Manvel | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं |
| Rudy Bermudez | डेमोक्रेटिक | Rey Portela* | रिपब्लिकन |
| Mike Gipson* | डेमोक्रेटिक | Baru Alejandro Sanchez* | डेमोक्रेटिक |
| Stephan Hohil | रिपब्लिकन | Samuel P. Sukaton | डेमोक्रेटिक |
| Zhijing Liu | डेमोक्रेटिक | Yvonne Yiu* | डेमोक्रेटिक |

**समानता बोर्ड ज़िला 4**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Martín Arias* | लोकतांत्रिक | Cody Petterson* | डेमोक्रेटिक |
| Denis Bilodeau* | रिपब्लिकन | Tom Umberg* | डेमोक्रेटिक |
| Gardner C. Osborne* | लिबरटेरियन | | |

**लोक निर्देश अधीक्षक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Richard Barrera* | निर्दलीय | Gus Mattammal* | निर्दलीय |
| Wendy Castaneda Leal | निर्दलीय | Al Muratsuchi* | निर्दलीय |
| Nichelle M. Henderson* | निर्दलीय | Josh Newman* | निर्दलीय |
| Frank Lara* | निर्दलीय | Anthony Rendon* | निर्दलीय |
| Ainye Long* | निर्दलीय | Sonja Shaw* | निर्दलीय |

इस गाइड के प्रयोजनों के लिए, “कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं” के रूप में सूचीबद्ध उम्मीदवारों ने या तो उस विकल्प का चयन किया या मतदान के लिए पंजीकरण करते समय कोई चयन नहीं किया था। "कोई योग्य पार्टी प्राथमिकता नहीं" के रूप में सूचीबद्ध उम्मीदवारों ने ऐसी पार्टी के लिए प्राथमिकता इंगित की जो मतदान के लिए पंजीकरण करते समय California में अभी योग्य नहीं हुई है।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल

- राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अधिकांश राज्य विभागों और एजेंसियों का पर्यवेक्षण, और न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं।
- नए कानून प्रस्तावित करते हैं, कानूनों का अनुमोदन या वीटो करते हैं, और विधान मंडल के समक्ष राज्य का वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हैं।
- आपातकालीन स्थितियों के दौरान राज्य के संसाधनों को इकट्ठा और निर्देशित करते हैं।



### Katie Porter | डेमोक्रेटिक

मैंने अपना पूरा करियर सत्ता में बैठे लोगों को झूठ बोलने या नियमों को तोड़ने पर जवाबदेह ठहराने में बिताया है। राज्यपाल के रूप में, मैं Donald Trump और California के परिवारों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति का डटकर सामना करूंगी। विधानसभा सदस्या के रूप में, मैंने अरबपति CEO और अक्षम Trump अधिकारियों का सामना किया, तथ्यों को दिखाने और भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने के लिए व्हाइटबोर्ड का इस्तेमाल किया। मैंने California के गृहस्वामियों के लिए कई बिलियन डॉलर की वसूली की जब बड़े बैंक उन्हें धोखा दे रहे थे, दवा कंपनियों को करदाताओं से अधिक शुल्क लेना बंद करने के लिए मजबूर किया, और Trump प्रशासन को सभी के लिए मुफ्त COVID टेस्ट उपलब्ध कराने के लिए बाध्य किया। अन्य अधिकांश डेमोक्रेट्स से विपरीत, मैं कॉर्पोरेशनों और लॉबिस्टों से चंदा लेने से इनकार करती हूँ। Sacramento में उन विशेष हितों और PAC के पास बहुत ज़्यादा ताकत है और वे California को हम सभी बाकी लोगों के लिए अत्यधिक महंगा बना रहे हैं। मुझे खरीदा नहीं जा सकता, इसलिए आप मुझ पर भरोसा कर सकते हैं कि मैं आपके लिए लागतों को कम करूंगी, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की गारंटी दूंगी और पर्यावरण की रक्षा करूंगी। तीन बच्चों की अकेली माँ होने के नाते, मैं खुद ही किराने का सामान लाने वाली कार्ट को धकेलती हूँ, मिनीवैन में पेट्रोल भरवाती हूँ और मासिक बिलों का भुगतान करती हूँ। मैंने देखा है कि बिजली-पानी जैसी उपयोगिताओं और बीमे के खर्चों में बढ़ोतरी हुई है और पैसे पहले की तरह अब पर्याप्त नहीं रह गए हैं, ठीक वैसे ही जैसे बहुत से California वासियों के साथ हुआ है। आपके राज्यपाल के रूप में, मैं परिवारों के लिए लागतों को कम करूंगी और कामगारों के लिए वेतन बढ़ाऊंगी। मैं इसे इस तरह करूंगी: मैं उन California वासियों के लिए आयकर समाप्त कर दूंगी, जिनकी आय $100,000 से कम है, ऐसे किफ़ायती आवासों का निर्माण करूंगी जिन्हें कामगार आसानी से खरीद या इस्तेमाल कर सकें, हमारे सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में ट्यूशन फीस लेना बंद करूंगी और सभी California वासियों के लिए बच्चों की देखभाल को मुफ्त बनाऊंगी। *KatiePorter.com* पर अधिक जानकारी प्राप्त करें।

1700 Tribute Rd., Suite 201, Sacramento, CA 95815 | टेलीफ़ोन: (909) 457-7850
ईमेल: info@katieporter.com | Facebook: @KatiePorterCA | X: @KatiePorterCA



### Betty T. Yee | डेमोक्रेटिक

ऐसे राज्यपाल के बिना हम सामर्थ्य संकट का समाधान नहीं कर सकते जो राज्य के बजट को ठीक करने में सक्षम न हो। बजट की मौजूदा समस्या हमारे स्कूलों, स्वास्थ्य सेवा, आवास-व्यवस्था, बच्चों की देखभाल, वरिष्ठ नागरिकों और पर्यावरण में किए जाने वाले निवेश को नुकसान पहुंचा रही है। मैं एकमात्र ऐसी उम्मीदवार हूँ जिसने राज्य बजट निदेशक, राज्य समानता बोर्ड की एक निर्वाचित सदस्या, और राज्य नियंत्रक के रूप में कार्य किया है। मैंने कॉर्पोरेशनों और धनवान लोगों के खिलाफ़ फैसले सुनाए, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे टैक्स का अपना उचित हिस्सा चुकाएँ। मैंने $7.3 बिलियन के दुरुपयोग का खुलासा किया। मैंने राज्य के बिलों का भुगतान करने के लिए कभी भी बाहर से ऋण नहीं लिया। मैंने स्कूल कर्मचारियों के रिटायरमेंट फंड का संरक्षण किया। मेहनती California वासी यही अपेक्षा करते हैं और वे इसी के लायक हैं, एक ऐसा अनुभवी नेता जो उनके लिए काम करे। हर दिन, परिवारों को इस बारे में कठिन आर्थिक फैसले करने पड़ते हैं कि किन बिलों का भुगतान करें और किन चीजों के बिना रहें। मैं परिवारों को बुज़ुर्गों और बच्चों की देखभाल संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करते समय ऐसा होते हुए देखती हूँ। हम परिवारों को और अधिक पिछड़ने नहीं दे सकते। और हमारा अगली पीढ़ी पर ऐसे बोझ न डालना ज़रूरी है जो उनकी सफलता और समृद्धि की क्षमता को सीमित कर दें। हालांकि, हम अपने लोगों में निवेश कर सकते हैं, और राज्य के हर कोने में अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियाँ पैदा करके अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित कर सकते हैं। Progressive Democrats of America, Asian Americans and Pacific Islanders Victory Fund, National Women's Political Caucus of California, California Women's List, Democratic Activists for Women Now और स्थानीय निर्वाचित अधिकारियों के साथ मिलकर अनुभवी, जवाबदेह नेतृत्व का समर्थन करें ताकि California सभी के लिए रहने की बेहतर जगह बन सके। मैं सम्मानपूर्वक आपके मत की माँग करती हूँ।

16633 Ventura Blvd., Suite 1008, Encino, CA 91436 | टेलीफ़ोन: (818) 884-1818
ईमेल: info@bettyyee.com | Facebook: facebook.com/BettyYeeforCA | Instagram: instagram.com/bettyyeeforcalifornia

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल



**Anne Komarovsk** | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं

नमस्कार मतदाता: *Please-Help-Make-CaliforniA-Great-Again-Thank-You-NPP26.com*
*HowTheWestWasOne.org*

9663 Santa Monica Blvd., Beverly Hills, CA 90210 | टेलीफ़ोन: (202) 844-0026
ईमेल: NPP26@Aol.com | NPP26.com | Facebook: FaceBook.com/AnneKomarovsk

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## राज्यपाल



### Gary Howard Kidgell | डेमोक्रेटिक

California वासियों के लिए किफ़ायती समाधान प्रदान करने वाला अग्रणी निर्माता

Santa Clara, CA | टेलीफ़ोन: (415) 471-6699
ईमेल: ghkcalifornia@gmail.com | @Kidgell4CA2026 | KidgellforCalifornia.com



### Tony K. Thurmond | डेमोक्रेटिक

पनामा से आई एक अप्रवासी मां के बेटे Tony Thurmond और उनके भाई का पालन-पोषण एक ऐसे चचेरे भाई ने किया, जिनसे वे कभी नहीं मिले थे, क्योंकि Tony की मां का निधन तब हो गया था जब वह केवल छह साल के थे। गरीबी में पले-बढ़े Tony के परिवार ने कठिनाइयों से उबरने के लिए सार्वजनिक सहायता और बेहतरीन सरकारी स्कूलों पर निर्भर किया, इन अनुभवों ने उन्हें सभी California वासियों के लिए समानता और अवसर के प्रति आजीवन समर्पण के लिए प्रेरित किया। अंततः वे एक समाज सेवक, नगर परिषद सदस्य, स्कूल बोर्ड सदस्य, विधानसभा सदस्य और अंत में California के $150 बिलियन की सार्वजनिक स्कूल प्रणाली के अधीक्षक बन गए। राज्य अधीक्षक के रूप में, Tony ने California के स्कूलों से ICE को दूर रखने के लिए एक कानून प्रायोजित किया। उन्होंने 4 साल के बच्चों के लिए सार्वभौमिक प्रीस्कूल और भूखे बच्चों के लिए सार्वभौमिक भोजन व्यवस्था करने में मदद की। Thurmond ने एस्बेस्टस और अन्य विषैले पदार्थों को हटाकर स्कूलों को सुरक्षित बनाने के लिए कई बिलियन डॉलर की धनराशि को पारित कराने में मदद की। Tony समझते हैं कि हमारी राजनीतिक व्यवस्था खराब है। खाद्य पदार्थों और किराने के सामान की आसमान छूती कीमतों से लेकर हमारी नागरिक स्वतंत्रता पर संघीय सरकार के हमलों तक, हमारा राज्य संकट में है। इस बीच, अरबपति और अमीर होते जा रहे हैं। इसीलिए वह अरबपतियों पर एक टैक्स लगाने, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा का निर्माण करने, ICE को खत्म करने, 2 मिलियन नए आवास इकाइयों का निर्माण करने, अंततः हमारे सार्वजनिक स्कूलों को पूरी तरह से वित्तपोषित करने, गर्भपात की सुविधा को कानूनी और सुलभ बनाने, युद्ध में इस्तेमाल होने वाले हथियारों को हमारी सड़कों से हटाने और लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए लड़ रहे हैं। हमें एक ऐसे नेता की ज़रूरत है जो बिलियनपतियों, संघीय सरकार का सामना कर सके और आम मेहनतकश California वासियों के लिए संघर्ष कर सके। हमें Tony Thurmond की ज़रूरत है। 2 जून को, Tony Thurmond को राज्यपाल पद के लिए वोट दें। *tonythurmond.com* पर जाएँ।

312 Clay St. #300, Oakland, CA 94607 | ईमेल: tony@tonythurmond.com
X: x.com/TonyThurmond | Facebook: www.facebook.com/tonythurmond

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल



### Margaret Trowe | कोई योग्य पार्टी प्राथमिकता नहीं

Margaret Trowe, जो पांच दशक से सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी की सदस्या हैं, एक होटल में हाउसकीपर के रूप में काम करती हैं और UNITE-HERE यूनियन की सदस्या हैं। उन्होंने संगठित एकजुटता दिखाई, होटल, स्कूल और अस्पताल के कर्मचारियों की हड़तालों में शामिल हुईं। कामगार वर्ग की एकता को मजबूत करने के लिए अवैध कामगारों के लिए माफी की मांग को लेकर श्रमिक संघों के समर्थन से संघर्ष करने का आह्वान करने वाली। नस्लवाद के खिलाफ, महिलाओं के अधिकारों के लिए और वियतनाम से लेकर वेनेजुएला तक के वाशिंगटन के युद्धों के खिलाफ लंबे समय से संघर्ष करने वाली। वह इजरायल के अस्तित्व और आत्मरक्षा करने के अधिकार का समर्थन करती हैं। यहूदियों के प्रति बढ़ती हुई नफरत के खिलाफ़ खड़ी होती हैं। क्यूबा क्रांति की एक समर्थक जो मेहनतकश लोगों को सत्ता में लाया। कहती हैं, "अमेरिका क्यूबा से दूर रहे! अमेरिका द्वारा क्यूबा पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध को समाप्त करें!" वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, उचित प्रक्रिया और अन्य संवैधानिक सुरक्षाओं का बचाव करती हैं। कामगारों द्वारा राजनीतिक सत्ता हथियाने की आवश्यकता के लिए अभियान—विश्व के पूंजीवादी आर्थिक, राजनीतिक और नैतिक संकट का एकमात्र समाधान और पूंजीवादी शासकों के III विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए कदमों को रोकने का एकमात्र तरीका।

675 Hegenberger Rd., Suite 250, Oakland, CA 94621 | टेलीफ़ोन: (510) 686-1351
ईमेल: SocialistWorkers2026campaign@gmail.com | www.themilitant.com



### Erin “Zez” Zezulak | डेमोक्रेटिक


नमस्कार Californiaवासियों, मैं Erin *Zez* Zezulak, RN, IBCLC, MPH, एक नर्स, शिक्षिका, लघु व्यवसाय मालकिन, सलाहकार और माँ हूँ। मेरा जन्म, पालन-पोषण और शिक्षा California में हुई। मेरी स्कूल शिक्षिका, डेमोक्रेट मां और मेरे वन्यजीव जीवविज्ञानी, रिपब्लिकन और उत्साही शिकारी पिता ने मेरी बहनों और मुझे California का बहुआयामी दृष्टिकोण प्रदान किया। अपने पिता द्वारा अध्ययन किए गए जानवरों का अनुसरण करते हुए, मैं California के कई खूबसूरत राज्य और नेशनल पार्कस में रह चुकी हूँ, साथ ही Los Angeles और San Francisco खाड़ी क्षेत्रों में अपने दादा-दादी के साथ भी रही हूँ। *मैं California को जानती हूँ।* California की चिकित्सा प्रणाली में लगभग 30 वर्षों तक मरीज़ों और परिवारों के साथ काम करने से मुझे California में रहने वाले सभी लोगों के लिए एक एकीकृत, न्यायसंगत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की योजना बनाने में मदद मिली है। सभी California वासियों के लिए समानता शिक्षा, सुरक्षा और संरक्षण तक फैली हुई है। हम सभी को भेदभाव और असंवैधानिक प्रथाओं से सुरक्षित रखा जाना ज़रूरी है। California में ICE को उसके मौजूदा दाँव-पेच का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मेरे दादाजी, जो एक भवन निर्माण करने वाले ठेकेदार थे, के साथ काम करने से मुझे यह समझने में मदद मिली कि हमारे शहरों का अधिकतम उपयोग कैसे किया जा सकता है, जिससे सभी के लिए किफ़ायती आवास उपलब्ध हो सकें। कृषि समुदायों में रहने से मुझे सूखे/बाढ़ के चक्र को समाप्त करने के लिए मेरी जल प्रबंधन योजनाओं के लिए प्रेरणा मिली है जो California की कृषि, अर्थव्यवस्था और समुदायों को प्रभावित करता है। प्रशिक्षण ले रही पायलट के रूप में, मैंने जंगल में लगने वाली आग से हवाई तरीके से लड़ने और जंगल में लगने वाली आग से होने वाले विनाश को कम करने के लिए आग का शीघ्र पता लगाने की रणनीतियों की योजना बनाई। *मैं California को जानती हूँ। आपके अगले गवर्नर के रूप में, मैं सभी के लिए एक बेहतर California बनाने के लिए काम करूंगी। आपके मतदान के लिए धन्यवाद।*

P.O. Box 4518, Davis, CA 95617 | टेलीफ़ोन: (530) 304-8737
ईमेल: erinzezulak@gmail.com | Facebook | Instagram

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के अन्यथा योग्य हो सकते हैं।


# उम्मीदवार के वक्तव्य

## राज्यपाल



### Duane Terrence Loynes Jr. | कोई योग्य पार्टी प्राथमिकता नहीं

अमेरिकन सॉलिडेरिटी पार्टी का प्लेटफॉर्म गर्भाधान से लेकर प्राकृतिक मृत्यु होने तक इंसान की गरिमा को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देता है, जिसमें अजन्मा शिशु, संकटग्रस्त गर्भावस्था वाली माँ, आप्रवासी, फिर चाहे वे वैध हों या अवैध, अपने माता या पिता से वंचित होने के जोखिम वाले बच्चे, आत्महत्या के लिए दबाव में आने के जोखिम वाले बुज़ुर्ग या बीमार व्यक्ति, परिवार का भरण-पोषण करने या घर खरीदने के लिए संघर्ष कर रहा कामगार, और वह बेघर व्यक्ति जिसके पास कोई आश्रय नहीं है और जो परिवार से अलग हो गया है, सभी शामिल हैं। यदि आप जनहित के लिए नीतियों के माध्यम से इस गरिमा को बनाए रखने की आवश्यकता से सहमत हैं, तो आज ही *https://ca.solidarity-party.org/learn_more/register-to-vote/* पर दिए गए निर्देशों का पालन करके अमेरिकन सॉलिडेरिटी पार्टी में पंजीकरण करने का निर्णय लें



### Matthew Chase Levy | डेमोक्रेटिक


Matthew Chase Levy California स्थित एक उद्यमी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक हैं और राजनीति से बाहर एक व्यक्ति के रूप में राज्यपाल पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वह NobleAI के संस्थापक हैं, जो एक विज्ञान-आधारित AI प्लेटफॉर्म है जो रसायन विज्ञान, सामग्रियों और ऊर्जा क्षेत्रों में खोज और नवाचार को गति देता है, और वह AE Blue Capital के भी संस्थापक हैं, जो एक वेंचर फर्म है जो California की बढ़ती हुई ऊर्जा लागत, ग्रिड विश्वसनीयता के मुद्दों और दीर्घकालिक डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण फ्यूजन और अन्य एडवांस स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों का समर्थन करती है। इन प्रयासों में उनका अनुभव सामाजिक समस्याओं के व्यावहारिक समाधानों को बढ़ावा देगा, रोज़गार का विस्तार करेगा और सभी California वासियों को फायदा पहुंचाने के लिए विज्ञान का उपयोग करने में विश्व नेता के रूप में California की अग्रणी भूमिका को बनाए रखेगा। Levy ने UCLA से B.A. की डिग्री हासिल की है और Rice यूनिवर्सिटी से भौतिकी में मास्टर और Ph.D. की डिग्री प्राप्त की है। डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के दौरान, उन्होंने Lawrence Livermore नेशनल लेबोरेटरी में अमेरिकी रणनीतिक सुरक्षा पर शोध किया। इसके चलते वे Oxford विश्वविद्यालय की रॉयल सोसाइटी द्वारा Isaac Newton इंटरनेशनल फेलोशिप से सम्मानित होने वाले पहले अमेरिकी भौतिक विज्ञानी बने। UCLA में अध्ययन करने के दौरान और उससे पहले टोक्यो में प्राप्त प्रारंभिक अंतर्राष्ट्रीय अनुभव ने, साथ ही यूके में उनके काम ने उन्हें वैश्विक नवाचार और California के परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान किया है। Levy Oxford के Wolfson कॉलेज में फेलो हैं; वाशिंगटन इंस्टीट्यूट के एक ट्रस्टी हैं; और Oakland के मेयर और पूर्व महिला सांसद Barbara Lee की वित्त समिति में कार्यरत हैं। Levy अपनी पत्नी Debbie Senesky, जो Stanford में प्रोफेसर हैं, और उनकी 12 वर्षीय बेटी के साथ Oakland में रहते हैं। *www.Matthewchaselevy.com*

P.O. Box 4679, Oakland, CA, 94505 | टेलीफ़ोन: (510) 269-7469
ईमेल: matthew@matthewchaselevy.com | Instagram: matthewchaselevy | X: matthewclevy

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल



**Akinyemi Agbede** | डेमोक्रेटिक

California के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए मेरी वेबसाइट *www.thenextgovernorofcalifornia2026.net* पर जाएँ।

545 S. San Pedro Street, Los Angeles, CA 90013 | टेलीफ़ोन: (213) 509-7673
ईमेल: yemibode@hotmail.com | www.thenextgovernorofcalifornia2026.net

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## राज्यपाल



### Joseph Cabrera | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं

California का निर्माण एक वादे के साथ हुआ था: कि कड़ी मेहनत और नवाचार के माध्यम से, कोई भी नागरिक एक खुशहाल जीवन का निर्माण कर सकता है। आज, वह वादा पक्षपातपूर्ण गतिरोध और $31 बिलियन के परिवहन बजट के कारण लुप्त हो रहा है, जिसके कारण हमारी सड़कें खस्ताहाल में हैं। मैं राज्यपाल पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ ताकि हमारे राज्य को जिस "स्वतंत्र समाधान" की सख्त ज़रूरत है, वह प्रदान कर सकूं। Sacramento के राजनेता नए टैक्स लगाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनका अपना बजट—अनुसूची 11—दिखाता है कि वे पहले से ही $30.1 बिलियन जुटाए हुए हैं, जो मतदाताओं द्वारा अनुमोदित, अप्रयुक्त बॉन्ड राशि है। हमारे पास लगभग यातायात कम करने के लिए $500 मिलियन की राशि 2006 से बेकार पड़ी है। एक व्यवसायी के तौर पर, मैं जानता हूँ कि जब तक आप अपने पास मौजूद क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं कर लेते, तब तक आप नए क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन नहीं करते। हमें अपने मानवीय संकटों का भी सामना करना होगा। आवासहीनता, स्कूलों में प्रदर्शन में भारी गिरावट, और हमारा मानसिक स्वास्थ्य संकट, ये सभी एक ही असफल नौकरशाही के लक्षण हैं। बहुत लंबे समय से, हम अपनी जेलों को मानसिक रूप से बीमार लोगों के लिए गोदाम के रूप में इस्तेमाल करते आ रहे हैं, जबकि हमारी सड़कों को झुग्गी-झोपड़ियों में बदलने दे रहे हैं। मैं संसाधनों को अनावश्यक खर्चों से हटाकर सामुदायिक उपचार की ओर मोड़ूंगा, और जेल के चक्कर लगाने की बजाय पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करूंगा। अंत में, हमें Donahoe उच्च शिक्षा अधिनियम को बहाल और संशोधित करना होगा। मैं हमारे सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को योग्यता-आधारित, सुलभ मॉडल पर वापस लाऊंगा, जिसने कभी California को दुनिया भर में प्रशंसित बनाया था। "फर्जी परियोजनाओं" का ऑडिट करके और ब्याज से हुई बचतों को पुनर्निर्देशित करके, हम आपके टैक्स में वृद्धि किए बिना अपने स्कूलों और क्लीनिकों को वित्तपोषित कर सकते हैं। मैं Inland Empire का एक स्वतंत्र एकजुट करने वाला व्यक्ति हूँ, न कि पेशेवर राजनीतिज्ञ। मैं California को सुधारने के लिए सम्मानपूर्वक आपके मत की माँग करता हूँ।

1941 California Ave., PO Box 77217, Corona, CA 92887 | टेलीफ़ोन: (909) 757-4615



### Elaine Culotti | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं

California वासी राजनीति से तंग आ चुके हैं। उन्हें समाधान चाहिए। मैं व्यावहारिक परिणामों के इर्द-गिर्द California को एकजुट करने और California के सपने को बहाल करने के लिए राज्यपाल पद के लिए चुनाव लड़ रही हूँ। मैं एक सरल वादे में विश्वास करती हूँ: यदि आप California में नौकरी करना चाहते हैं, तो आपको यहाँ नौकरी मिल जानी चाहिए। हमारे राज्य का निर्माण उद्यमियों, छोटे व्यवसायों, किसानों, नवप्रवर्तकों और जोखिम उठाने और कड़ी मेहनत करने के इच्छुक कामगारों द्वारा किया गया था। सरकार की भूमिका अवसर पैदा करने की है, न कि उसमें बाधा डालने की। 1991 से, मैंने California में व्यवसाय स्थापित किए हैं और रोज़गार सृजित किए हैं। मैंने अपने राज्य भर में यात्रा की है और दोनों पार्टियों के मेयरों और स्थानीय नेताओं से मुलाकात की है। वे सभी एक ही मूलभूत चीज़ चाहते हैं: सुरक्षित सड़कें, मजबूत स्कूल, समृद्ध स्थानीय अर्थव्यवस्थाएँ और करदाताओं के पैसे के लिए जवाबदेही। California को भविष्य का राज्य होना चाहिए, न कि ऐसा राज्य जिसे परिवारों और नियोक्ताओं को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़े। टैक्स से आने वाला राजस्व कोई व्यावसायिक मॉडल नहीं है। विकास, नवाचार और रोज़गार पैदा करना ही मुख्य कारक हैं। मेरी प्राथमिकताएँ स्पष्ट हैं। आर्थिक विकास जो नियमों को सुव्यवस्थित बनाता है, छोटे व्यवसायों को समर्थन देता है, कार्यबल प्रशिक्षण को मजबूत बनाता है और हर क्षेत्र में अवसरों का विस्तार करता है। स्वास्थ्य और सुरक्षा जो प्रमाणित मानसिक स्वास्थ्य उपचार, व्यावहारिक आवास समाधान और जवाबदेह सार्वजनिक सुरक्षा को वित्तपोषित करती है। स्थानीय नियंत्रण बहाल करके, बिना वित्तीय सहायता वाले आदेशों को समाप्त करके, धोखाधड़ी का पर्दाफाश करके और करदाताओं के टैक्स के खर्च में पूर्ण पारदर्शिता लाने को सुनिश्चित करके सत्ता को वापस जनता के हाथों में सौंपना। हम सब मिलकर अवसरों का पुनर्निर्माण कर सकते हैं और एक California के रूप में आगे बढ़ सकते हैं।

2 Civic Center Dr., Unit 4338, San Rafael, CA 94913-5703
ईमेल: contact@culottiforcalifornia.com | www.culottiforcalifornia.com | Instagram: @elaineculotti

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल



**Gretha Solórzano** | रिपब्लिकन

मेरा नाम Gretha Solórzano है। मैं UC Berkeley से प्रशिक्षित वैज्ञानिक, एक सेवानिवृत्त परमाणु इंजीनियर और California के गवर्नर पद की उम्मीदवार हूँ। एक व्यावहारिक उदारवादी के रूप में, मैं राजनीतिक मतभेदों को पाटने और California वासियों—रूढ़िवादियों, उदारवादियों और निर्दलीय लोगों—को कारगर समाधानों के साथ एकजुट करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। मेरा लक्ष्य सरल है: *California को फिर से किफ़ायती और चिरस्थायी बनाना*। मैं उन्नत ऊर्जा और जल संबंधी बुनियादी ढांचों में रणनीतिक निवेश के जरिए हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाऊंगी, जिसमें *$32.7 बिलियन* को पुनर्निर्देशित करना शामिल है, जो कि हम इस सम्य विदेशी तेल पर खर्च कर रहे हैं, जबकि हमें घरेलू उत्पादन पर ध्यान देना चाहिए ताकि ऊर्जा सुरक्षा में सुधार हो सके और नौकरियाँ हमारे देश में बनी रह सकें। मैं California में आवास की कमी की समस्या का भी समाधान करूंगी और हमारी शिक्षा प्रणाली में हो रही गिरावट को भी दूर करूंगी। अपनी तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय अनुशासन और परिणाम की ओर उन्मुख नेतृत्व के साथ, मैं रोज़गार सृजित करूंगी, उपयोगिता लागत कम करूंगी और सभी California वासियों के लिए दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करूंगी।

टेलीफ़ोन: (949) 534-5402 | ईमेल: CAGovGrethaSolo@outlook.com
X: x.com/GrethaSolorzano | TikTok: TikTok.com/@CA.Gov.Gretha



**Christine R. Sarmiento** | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं


मैं California के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ रही हूँ ताकि *सक्षम, जवाबदेह* नेतृत्व प्रदान कर सकूं जो परिणामों पर केंद्रित हो। एक नर्स और ऑपरेशंस मैनेजर के रूप में, मैंने *उच्च दबाव वाले* परिवेशों में काम किया है जहाँ गलतियों के *गंभीर परिणाम* होते हैं और *जवाबदेही मायने रखती है*। मैं एक ऐसी मां भी हूँ जिसने कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ फुल टाइम नौकरी भी की है—इसलिए मैं तनाव, त्याग और ज़िम्मेदारी को *प्रत्यक्ष रूप से*समझती हूँ। California की चुनौतियाँ *व्यावहारिक* हैं, अमूर्त नहीं। *किफ़ायती दरें, सार्वजनिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा तक पहुंच और बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता हर रोज़* परिवारों को प्रभावित करती है। यह व्यवस्था खराब नहीं, *बल्कि बीमार है*। उचित कदम उठाकर हम हर दिन इसे थोड़ा और बेहतर बना सकते हैं, और हम ठीक हो जाएंगे। मैं California को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए आपके विचार और विश्वास की अपील करती हूँ।

3100 Big Dalton Ave., Ste. 170-336, Baldwin Park, CA 91706 | टेलीफ़ोन: (213) 444-6204
ईमेल: info@christineforgovernor.com | christineforgovernor.com | X: x.com/C_R_Sarmiento

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवार के वक्तव्य


## राज्यपाल



### Frederic C. Schultz | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं

कृपया मुझे राज्यपाल चुनें, ताकि मैं हमारे अधिकारों/जानों को बचा सकूं। हम एक आपातकालीन स्थिति में हैं: मैं हम सबको बचाने के लिए आपातकाल की घोषणा करूंगा! हत्यारे सरकारी गुंडे शरण मांगने, हमलों का दस्तावेजीकरण करने और विरोध प्रदर्शन करने जैसे "अपराधों" के लिए हमें रोजाना मार डालते हैं। California में सालाना 800,000 लोगों को गिरफ्तार किया जाता है, जिनमें से अधिकांश असंवैधानिक पीड़ित-रहित / आपसी सहमति वाले "अपराधों" के लिए होते हैं, जिसके तहत प्रतिदिन 200,000 लोगों को गुलाम बनाया जाता है, और जूरी सदस्यों को यह नहीं बताया जाता कि हम *जब चाहें* "निर्दोष" के पक्ष में भी मतदान कर सकते हैं। "दवाई" पर प्रतिबंध/विनियमन से चिकित्सा लागतों में खरबों डॉलर का नुकसान होता है, हत्याएँ होती हैं, विश्व स्तर पर गरीबी बढ़ती है, लाखों लोग शरणार्थी बन जाते हैं, और बीमार लोगों को यातना देकर मार डाला जाता है। लाखों अमेरिकी आवासहीन हैं, जिनमें से आधे कंगाल हैं। हम $10,000,000 से अधिक की संपत्ति पर और $1,000,000 से ऊपर की आय पर 5% टैक्स लगाएंगे, जिससे सालाना $1,100,000,000,000 का राजस्व आएगा, यहाँ तक कि पूर्वव्यापी रूप से भी। किराये की वृद्धि पर रोक! कोई लॉकडाउन या जबरन टीकाकरण नहीं: इसके बजाय वैकल्पिक और असली भोजन! मैं स्कूल चुनने की स्वतंत्रता का समर्थन करता हूँ और विपरीत भेदभाव का विरोध करता हूँ: इसके बजाय समान अवसर का समर्थन करता हूँ। हम California स्टेट गार्ड की संख्या 900 से बढ़ाकर 2,000,000 करेंगे, प्रत्येक कक्षा में एक, देश भर में ICE द्वारा की गई हत्याओं सहित अधिकांश हत्याओं को रोकेंगे, मार्शल लॉ को रोकेंगे, और निर्दोष गुलामों को क्षमा करके गुलामी/मौत वाले शिविरों को बंद करेंगे! हम शारीरिक स्वायत्तता के अधिकारों, गर्भपात, इच्छा-मृत्यु और बंदूकों संबंधी अधिकारों को लागू करेंगे। आवास के मानवाधिकार ($10,000 घर), जीवन निर्वाह वेतन, नौकरियाँ, आय, उच्च/ट्रेड शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा (राष्ट्रव्यापी), भोजन (विश्वव्यापी), बच्चों की देखभाल, घातक उच्च गति वाली ट्रेनों के बिना वाला सार्वजनिक परिवहन। मुक्त उपयोगिताएँ/गैसोलीन, लेकिन पर्यावरण को बचाना। हम कीटनाशकों, औद्योगिक कृषि फार्मों और "स्वायत्त" वाहनों पर प्रतिबंध लगाएंगे। $100,000 से नीचे कोई बिक्री टैक्स या आयकर नहीं लगेगा! हम लोकतंत्र के अपने अधिकारों को लागू करेंगे: समान मतदान और सेवा करने का अवसर (सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित चुनाव)। निजता के अधिकार: सामूहिक निगरानी पर रोक, "झुंड पर" जासूसी करने वाले कैमरों पर रोक। Carina Sanchez उपराज्यपाल, Dan Kapelovitz अटॉर्नी जनरल। जनता को मुक्त करो! *#Fred4CA.com*!

टेलीफ़ोन: (858) 888-0461 | ईमेल: Fred4CA.com@gmail.com | Instagram: Instagram.com/Fred4CA | X: X.com/FredericEsq



### Scott P Shields | डेमोक्रेटिक

*ShieldsForGovernor.com* पर जाएँ

12912 Brookhurst Street, Garden Grove, CA 92840 | टेलीफ़ोन: (650) 313-0727
ईमेल: info@votethecandidate.com | thecryptogovernor.com | shieldsforgovernor.com

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य


## राज्यपाल



### Jon Henderson | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं

एकता में शक्ति है, विभाजन में पतन। California में राजनीति को लेकर पहले कभी इतनी फूट नहीं पड़ी थी, और इसकी वजह से हमें समय, पैसा और विश्वास का नुकसान हो रहा है। मैं Jon Henderson हूँ, और मैं एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राज्यपाल पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ क्योंकि California को संतुलन की जरूरत है, दोषारोपण की नहीं। हमारा राज्य क्षेत्र, नस्ल, आय, आयु और विचारधारा के मामले में इतना विविध है कि इसे केवल एक पक्ष के लिए शासित करना संभव नहीं है। मैं उन सभी के लिए शासन करूंगा जो कड़ी मेहनत करते हैं, परिवार का पालन-पोषण करते हैं, व्यवसाय चलाते हैं, समुदाय की सेवा करते हैं, या बस एक उचित अवसर चाहते हैं। मैं गोल्डन स्टेट के लिए गोल्डन रूल में विश्वास करता हूँ। California के सरकारी स्कूलों का एक गौरवान्वित विद्यार्थी होने के नाते, मैंने शून्य से शुरुआत करके कई कंपनियाँ खड़ी की हैं। मुझे लक्ष्य निर्धारित करना, परिणामों का आकलन करना और उन्हें पूरा करना आता है। सरकार को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए, न्यायसंगत मानक के तहत कार्य करना चाहिए। मैं अपनी संपत्ति को एक ब्लाइंड ट्रस्ट में रखूंगा, और मैं California के कानून निर्माताओं के लिए ब्लाइंड ट्रस्ट को अनिवार्य बनाने पर जोर दूंगा। भ्रष्टाचार और हितों के टकराव की स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई है। यदि हम सार्वजनिक पद से लाभ कमाने के प्रलोभन को समाप्त कर दें, तो हम सभी दलों के बीच विश्वास का पुनर्निर्माण कर सकते हैं। मेरी पुस्तक, California 2.0: An Independent Vision for California's Abundant Future, आवास और जंगल में लगने वाली आग जैसी हमारी सबसे बड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए एक खाका तैयार करती है, जिसमें पहले से मौजूद नवीन प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है। मैं मध्यमार्गी California वासियों के बहुमत के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ, जो अतिवाद से तंग आ चुके हैं। यदि आप मानते हैं कि हमारे राज्य को पक्षपातपूर्ण निष्ठा की बजाय स्वतंत्र सोच, संतुलन और जवाबदेही की आवश्यकता है, तो आपका मत प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

1802 Tice Valley Blvd., Walnut Creek, CA 94595 | टेलीफ़ोन: (925) 592-4501
ईमेल: jhenderson@echo45advisors.com | Instagram: www.instagram.com/jonhendersonca | X: x.com/JonHendersonCA



### Rafael M. Hernandez | रिपब्लिकन

मेरे लिए: California के लोग सर्वोपरि हैं। मेरे लक्ष्य हैं: 1. जीवनयापन की उच्च लागत को कम करना। 2. अधिक अच्छे वेतन वाली नौकरियों का निर्माण करना। 3. आवासहीनता के संकट का समाधान करना। 4. किफ़ायती आवासों का निर्माण करना।

टेलीफ़ोन: (805) 732-1350 | ईमेल: rafagarecords2009@hotmail.com
Instagram: Rafael4CAGovernor6-2-26 | TikTok: rafaelcagov2026

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य


## राज्यपाल



### Lewis Herms | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं

राज्यपाल बनना एक कठिन काम होना चाहिए क्योंकि California वासियों को ऐसे नेताओं की ज़रूरत है जो सेवा करें, न कि शासन। *"हम जनता के लिए वाले व्यक्ति"* के तौर पर, मेरा मानना है कि जवाबदेही और स्वतंत्रता को राजनीति की पुरानी परंपराओं की जगह लेनी होगी। पेशेवर राजनेताओं को अपना मौका मिल चुका है; अब समय आ गया है कि California के लोगों के हित में काम करने वाले व्यावहारिक नेतृत्व और सामान्य ज्ञान को बहाल किया जाए।

803 Camarillo Springs Rd., 1st Floor, Camarillo, CA 93012 | टेलीफ़ोन: (805) 774-1660
ईमेल: info@hermsforcali.com | X: @wowlewi | Facebook: @ScrewBigGovernment



### Max Fomin | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं


माइलेज टैक्स पर वीटो लगाऊंगा, आवासहीनता को खत्म करूंगा, बेरोज़गारी को जड़ से मिटाऊंगा, अपराध पर हमला करूंगा, आवासहीनों को बसाऊंगा, भ्रष्टाचार पर मुकदमा चलाऊंगा, और $ उत्पन्न करूंगा, जैसे मुझे अपनी कॉफ़ी बर्फ़ वाली पसंद है।

1221 W. 3rd Street, Unit 438, Los Angeles, CA 90017 | टेलीफ़ोन: (424) 944-7511
ईमेल: max4mkt@gmail.com | Instagram: @newmericans | www.newmericans.com

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल



### Serge Fiankan | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं

मेरा उद्देश्य California वासियों को विभिन्न क्षेत्रों, पृष्ठभूमियों और राजनीतिक विचारधाराओं से परे एकजुट करना है, ताकि एक ऐसा राज्य बनाया जा सके जो यहाँ रहने वाले लोगों के लिए काम करे। मैं व्यावहारिक, पारदर्शी और जवाबदेह नेतृत्व प्रदान करने के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ जो विचारधारा से ऊपर समाधानों को और राजनीति से ऊपर लोगों को प्राथमिकता देता है। इसका अर्थ है सरकार में विश्वास बहाल करना, उन प्रणालियों में सुधार करना जो अब हमारे लिए काम नहीं करती हैं, और ग्रामीण कस्बों से लेकर बड़े शहरों तक समुदायों को मजबूत बनाना, ताकि प्रत्येक California वासी को अवसर मिले, एक किफ़ायती जीवन यापन करने योग्य जगह मिले और रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान मिले।

P.O. Box 2451, Saratoga, CA 95070 | टेलीफ़ोन: (408) 898-0901
ईमेल: info@sf4gov.com | www.sf4gov.com | YouTube: www.youtube.com/@SF4GOV



### Amanda Martin | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं


मां, निर्माता, उद्यमी जो California की समस्याओं का समाधान कर रही हैं!

ईमेल: info@AmandaForCalifornia.org | Instagram: www.instagram.com/amandaforcalifornia/ | X: x.com/AmandaForCali

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल



**Daniel Mercuri** | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं

मेरा राज्यपाल पद नेतृत्व करने के लिए **नहीं**, बल्कि सभी Californiaवासियों की सेवा करने के लिए होगा। मैं अमेरिकी नौसेना का पूर्व सैनिक और California का मूल निवासी हूँ, जो हमारे संविधान के पूर्ण ज्ञान और समझ से लैस हूँ ताकि: भ्रष्ट नौकरशाहों की जांच, अभियोग, अभियोजन कर सकूं और उन्हें *जेल* में डाल सकूं, बच्चों को बच्चों का यौन शोषण करने वालों और बच्चों के यौन तस्करों से बचा सकूं, स्कूल में विचारधारा थोपने वालों को नियंत्रित कर सकूं, विद्यार्थियों के लिए शिक्षा को परिष्कृत कर सकूं, माता-पिता के अधिकारों को मजबूत बना सकूं, पीड़ितों को अपराधी ठहराने और अपराधियों को पीड़ित बनाने का सिलसिला समाप्त कर सकूं, अवैध की तुलना में वैध नागरिक को प्राथमिकता दे सकूं, सरकारी धन शोधन के लिए दंडित कर सकूं, छोटे व्यवसायों को पुनर्जीवित करते हुए और नियामक अतिक्रमण को दबाते हुए टिप्स, सेवानिवृत्ति, संपत्ति और आय पर स्टेट टैक्स को समाप्त कर सकूं। हम ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनेंगे, CEQA को प्रतिबंधित करेंगे और चिकित्सा स्वतंत्रता प्रदान करेंगे। मेरी प्रशासन में हमेशा जनता की स्थिति सरकार से ऊपर रहेगी। स्थापित उम्मीदवारों के अलावा अन्य उम्मीदवारों को मतदान देकर बदलाव लाने का यह आपका एकमात्र मौका है। मैं आपको निराश नहीं करूंगा! *www.danielforcalgovernor.com*

2828 Cochran St. #139, Simi Valley, CA 93065 | टेलीफ़ोन: (805) 390-9309
ईमेल: daniel@danielforcalgovernor.com | X: @daniel4calgov26 | Instagram: daniel4calgovernor



**Naomi Bar-Lev** | कोई योग्य पार्टी प्राथमिकता नहीं


पार्टी प्रणाली हमें पूरी तरह से असफल कर चुकी है। मीडिया की अधूरी रिपोर्टिंग क्षमा करने योग्य नहीं है। मेरे अनुभव में UCLA से अर्थशास्त्र में BA, 20 से अधिक वर्षों का रियल एस्टेट ब्रोकर का अनुभव, निर्माण क्षेत्र का अनुभव, उपाध्यक्ष पद, सैकड़ों ऋण अधिकारियों और एजेंटों का प्रबंधन करना, और एक मजबूत Airbnb व्यवसाय शामिल हैं। व्यवसाय की आय को दोगुना करने के लिए मेरी संपत्ति में सुधार किए गए, ठीक उसी वर्ष मेरे खिलाफ तोड़फोड़ और जासूसी की घटनाएँ शुरू हुईं। लगातार हमलों से बच निकलने के अनुभव ने मुझे ज्ञान प्रदान किया है! मैंने सत्ता पर छाए अत्याचार, उसके विस्फोटक भ्रष्टाचार, पुलिस, अदालतों, प्रौद्योगिकी और निगमवाद के उपयोग के बारे में एक प्रारंभिक पुस्तक लिखी है (*https://www.linkedin.com/in/naomi-bar-lev-56b894346*). बड़ी तकनीकी कंपनियों की साझेदारियां अब नागरिक और उपभोक्ता अधिकारों के साथ-साथ विश्वास-रोधी कानून का भी उल्लंघन कर रही हैं। फ्यूजन सेंटर, सूचना केंद्र और सैन्य स्तर की प्रौद्योगिकी केंद्र में हैं—राज्य भर में 6 केंद्र "स्थानीय पुलिस" द्वारा संचालित किए जाते हैं। उन्होंने सभी उपकरणों को आपस में जोड़ दिया है, जिससे व्यक्ति और व्यवसाय दोनों के खिलाफ जासूसी करना संभव हो गया है, जिसने अदालतों को बदल दिया है। मैं राजनेताओं की मित्र नहीं हूँ। राज्यपाल के रूप में, फ्यूजन सेंटर की धोखाधड़ी, चोरी और अपव्यय की गंभीर जांच के अधीन होंगे, जो कम बजट के साथ राजस्व का एक स्वस्थ स्रोत होगा। पुलिस पड़ोस में वापस लौटेगी, अपराध से लड़ेगी, नागरिकों से समान रूप से शिकायतें लेगी और संविधान के अनुरूप डेटाबेस का उपयोग करेगी। फ़ोन और अन्य उपकरण वापस मंगाए जाएंगे, पिछली सेवाओं का पैसा वापस किया जाएगा, फ़ोन, अलार्म सिस्टम, वाईफाई . . . सरकार में "साझेदारी" और गोपनीयता समझौतों को समाप्त किया जाएगा। उपभोक्ता और नागरिक अधिकार एजेंसियों में भर्तियां करने के लिए बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान, स्थानीय और राज्य के नेताओं को लोक सेवकों से बदलना। कोई बिक्री टैक्स, आय कर या संपत्ति टैक्स नहीं। पार्किंग शुल्क और परमिट शुल्क समाप्त कर दिए जाएंगे।

2244 2nd Ave. #39, San Diego, CA 92101 | टेलीफ़ोन: (619) 317-3634 | ईमेल: lawfulwon@gmail.com

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल



**Chad Bianco** | रिपब्लिकन

मेरा नाम Chad Bianco है। मैं एक पति, एक पिता और Riverside काउंटी का शेरिफ हूँ। मैं राजनीति के जरिए ऊपर नहीं उठा। मैंने लोक सेवा के माध्यम से तरक्की की है। शेरिफ के रूप में, मैं California की सबसे बड़ी कानून प्रवर्तन एजेंसियों में से एक का नेतृत्व करता हूँ। हमने हिंसक अपराधों को कम किया है, पीड़ितों के लिए आवाज उठाई है और हमारे समुदायों की रक्षा करने वाले पुरुषों और महिलाओं का समर्थन किया है। मैंने तनाव की स्थिति में, गंभीर परिणामों वाली परिस्थितियों में कठिन निर्णय लिए हैं। नेतृत्व नारों के बारे में नहीं है। जब सामान्य ज्ञान काम नहीं करता, तो आम लोगों को ही इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। California एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। बहुत से परिवार बस किसी तरह अपना गुजार-बसर करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। माता-पिता अधिक घंटों तक काम कर रहे हैं और फिर भी पिछड़ रहे हैं। नौकरियाँ देश छोड़कर जा रही हैं, जिसके चलते हमारे बच्चों को अवसरों की तलाश में दूसरे देशों की ओर रुख करना पड़ रहा है। घर खरीदना अब पहुंच से बाहर लगता है। गैस, किराने का सामान, और बिजली-पानी के बिल हर महीने बढ़ते जा रहे हैं। लोग सब कुछ सही कर रहे हैं पर फिर भी उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। राज्यपाल के रूप में, मैं राज्य सरकार में जवाबदेही और व्यावहारिक ज्ञान वापस लाऊंगा। मैं उन नौकरशाही बाधाओं को दूर करूंगा जो जंगल में लगने वाली आग के बाद परिवारों को पुनर्निर्माण करने से रोकती हैं। मैं आवासहीनों की समस्या पर खर्च किए गए बिलियन डॉलरों के लिए ठोस परिणाम की मांग करूंगा और जवाबदेही के बिना खर्च के इस चक्र को समाप्त करूंगा। हो सकता है कि हम हर बात पर सहमत न हों, लेकिन हम सभी कुछ बुनियादी चीजें चाहते हैं: सुरक्षित आस-पड़ोस, अपने बच्चों के लिए अवसर और आगे बढ़ने का उचित मौका। एक पति, एक पिता और एक शेरिफ के रूप में, मैं जानता हूँ कि ज़िम्मेदारी का क्या मतलब होता है। मुझे पता है कि नेतृत्व करना क्या होता है। मैंने सबसे अच्छे और सबसे बुरे हालात देखे हैं, और मुझे पता है कि हम इससे बेहतर कर सकते हैं। मैं आपका वोट मांग रहा हूँ।

3649 Mission Inn Ave., Floor 2, Riverside, CA 92501 | टेलीफ़ोन: (951) 782-7886
Instagram: @sheriffbianco | Facebook: Sheriff Chad Bianco



**Derek Grasty** | डेमोक्रेटिक

मैं एक कामगार वर्ग समुदाय से आया हूँ। मेरा मानना है कि हर किसी को अच्छा गुणवत्ता वाला जीवन जीने का अधिकार है। इसका अर्थ है किफ़ायती आवास, एक सुरक्षित समुदाय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। मेरे जीवन के अनुभवों ने मुझे सिखाया है कि कुछ भी किया जाना संभव है। California में एक शिक्षक, प्रधानाचार्य और लोक सेवक के तौर पर विविध समुदायों की सहायता करने के मेरे काम ने मुझे राज्यव्यापी मुद्दों से निपटने के लिए तैयार किया है। हम सब मिलकर अपहरणकर्ताओं (ICE) को हमारी सड़कों से दूर रखेंगे, कामकाजी परिवारों, प्राथमिक सेवा कर्मियों, शिक्षकों, अग्निशामकों और नर्सों के लिए आवास को किफ़ायती बनाएंगे। हमारे विद्यार्थियों के विकास में सहायता के लिए प्री-स्कूल शिक्षा, पठन विशेषज्ञ और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता उपलब्ध कराए जाएंगे। आइए California को सचमुच स्वर्णिम राज्य बनाएँ।
*www.GrastyforGovernor.com*

2231 Will Wool Road, San Jose, CA 95112
ईमेल: GrastyforGovernor@gmail.com | www.GrastyforGovernor.com | Facebook: Grasty for Governor

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल

***उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों।***

*कोई फोटो पेश नहीं किया गया*

### Don J. Grundmann | कोई योग्य पार्टी प्राथमिकता नहीं

इज़रायल द्वारा इस्तेमाल किए गए शेप्ड-चार्ज बम से Kirk की हत्या कर दी गई। सरकार को पता है। YouTube—Kirk को क्यों मरना पड़ा (Why Kirk had to die)। इज़राइल ने लिबर्टी के नाविकों की हत्या कर दी। इज़राइल के "कला छात्रों" ने 9/11 के लिए ट्विन टावर्स में तार लगाए। नियंत्रित विध्वंस। विमानों ने टावरों को नष्ट नहीं किया। इज़राइल ने ऐसा किया। इज़राइल के लिए युद्ध लड़ने को जायज ठहराने के लिए एक नया "पर्ल हार्बर" बनाने के लिए 3,000 लोगों की हत्या कर दी गई। “नाचते हुए इज़राइली” (मोसाद एजेंट) हमले की जानकारी होने का प्रमाण देते हैं। सरकार को पता है। इज़राइल (हमारा सबसे बड़ा दुश्मन), ईरान नहीं, "सैमसन ऑप्शन" के ज़रिए अमेरिका पर परमाणु हमला करेगा—जिसका दोष झूठे तौर पर डाल दिया जाएगा और हमारे राष्ट्र का स्थायी अंत हो जाएगा। इज़राइल, जो असल में आतंकवादी है, ने कतर के जरिए हमास का गठन किया और उसे वित्तपोषण प्रदान करता है। इज़राइल/Netanyahu द्वरा अनगिनत युद्ध अपराध। इज़राइल को अब और कोई धनराशि नहीं दी जाएगी। वे फिलिस्तीनियों और ईसाइयों और अमेरिका को "अमालेक" कहते हैं—यानी उन्हें अपना कट्टर चिरपरिचित दुश्मन मानते हैं। हम “गोयिम” (मनुष्य से कम दर्जे के जानवर/मवेशी) हैं जिन्हें वे गुलाम बना लेंगे। हम बेवकूफ़ हैं। इज़राइल हमारे द्वारा जीते गये गणराज्य पर शासन करता है। उनकी बाइबिल—तालमुद—कहती है कि इज़राइल में ईसा-मसीह का उबलना हमास के हमले की अनुमति/योजना/प्रोत्साहन देता है (उन्होंने अपने ही लोगों की हत्या की) ताकि नरसंहार को न्यायसंगत ठहराया जा सके और गाजा के तेल/गैस अधिकारों में बिलियन $ की चोरी की जा सके। ईसाई ज़ायोनिज़्म = आत्मा के लिए जहर। तालमुदिक “यहूदी-ईसाई मान्यताएँ” अस्तित्व में नहीं हैं . . . *DestroyTheZOG.org.* California की संवैधानिक पार्टी, राज्य से संबंद्धित क्रिश्चियन नेशनलिस्ट पार्टी। *CNParty.org*— विकसित हो रही है। *Fight-the-Power.org*. *CPofCA.org*. *StopNumber24.org*. FED का राष्ट्रीयकरण करो। ब्याज मुक्त अमेरिकी नोट प्रिंट करें। फ्रीडम लॉ स्कूल $300,000 चुनौती। *BlackGenocide.org*. Planned Parenthood ने 20 मिलियन अश्वेतों की हत्या की = वास्तविक “श्वेत वर्चस्व।”, *HenryMakow.com*. *NationalStraightPrideCoalition.org. Gtvflyers.com*

2010 El Camino Real #351, CA | टेलीफ़ोन: (510) 895-6789 | ईमेल: STOPtheIRS@hotmail.com



### Ramsey Robinson | पीस एंड फ्रीडम

*मैं आम लोगों के लिए California से चुनाव लड़ रहा हूँ, न कि अरबपतियों के लिए।* California के 194 अरबपतियों के पास हम 27 मिलियन लोगों से भी अधिक संपत्ति है। यह कोई संयोग नहीं है—यह एक सुनियोजित व्यवस्था है। हम California को समृद्ध बनाते हैं, लेकिन अपने बच्चों के लिए किराया, दवा या अच्छे स्कूल का खर्च नहीं उठा सकते क्योंकि अरबपति हमारे द्वारा कमाए गये धन को लूट लेते हैं। हमारे समाजवादी अभियान की मांग है कि आय के 20% तक सीमित आवास की गारंटी हो, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा हो, बच्चों को मुफ्त देखभाल प्राप्त हो और न्यूनतम वेतन पर यूनियन की नौकरियाँ हों जिसमें एक सुनिश्चित और सम्मानजनक रिटायरमेंट के साथ $30/घंटे का वेतन हो। देश-निकाले को बंद करो, ICE को खत्म करो! मैं समाजवाद के लिए लड़ रहा हूँ—एक ऐसी व्यवस्था जहाँ हम मेहनतकश लोगों के पास अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए राजनीतिक और आर्थिक शक्ति हो। हम सब मिलकर अरबपतियों के शासन को हमेशा के लिए खत्म कर देंगे। समाजवादियों को वोट दें! *leftunityslate.org* को वोट दें। पीस एंड फ्रीडम पार्टी में पंजीकृत हों।

टेलीफ़ोन: (510) 560-3514 | ईमेल: info@ramsey4gov.com | Instagram: @ramsey4gov | TikTok: @ramsey4gov

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य


## राज्यपाल



### Satish Rao | डेमोक्रेटिक

कुशल, प्रभावी और मानवीय। यही असली परीक्षा है। हर नीति कुछ लोगों को लाभ पहुंचाती है और दूसरों को हानि पहुंचाती है, इसलिए चर्चा किया जाना आवश्यक है—और मुश्किल भी। अक्सर गुटबाजी, सत्ता और संकीर्ण प्रोत्साहन ही परिणाम तय करते हैं। शिक्षा इसे स्पष्ट बना देती है। California संवेदनशील विद्यार्थियों को एक बुनियादी कार्य में असफल कर चुका है: पढ़ना सीखना। वहीं दूसरी ओर, जिन जगहों को हम नजरअंदाज करना सीखते हैं, उन्होंने वहाँ बेहतर प्रदर्शन किया है। क्या यह एक विलक्षण प्रतिभा का कमाल था? शब्द अक्षरों से बने होते हैं—यह मूलभूत सिद्धांत है, कोई जादू नहीं। अंकगणित कोई नफ़रत के कारण किया जाने वाला अपराध नहीं है। लेकिन California में, बुनियादी बातों को खलनायक की तरह और जटिलता को गुण की तरह माना जाता है: एक हजार पन्नों की, राज्य द्वारा अनुमोदित भौतिक-विज्ञान की किताब जो मजबूत कमर और प्रकाशक के मुनाफे के लिए तो बढ़िया है, लेकिन असल में पढ़ी नहीं जाती। असफलता की देखरेख करने वाले लोग अभी भी संस्थानों को नियंत्रित करते हैं। यह कोई साजिश नहीं है; यह नौकरशाही है। विश्वविद्यालयों में सत्ता प्रशासन में केंद्रित होती है, और बजट सत्ता के अनुरूप ही निर्धारित होते हैं। California विश्वविद्यालय, Berkeley में—जहाँ मैं काम करता हूँ—अकेले गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का वेतन ही $30,000 प्रति विद्यार्थी से अधिक है। यह राशि किसी भी प्रशिक्षक, प्रोफेसर, TA, ट्यूटर, रीडर, लैब असिस्टेंट या शोधकर्ता को भुगतान करने से पहले की है। और यह सिर्फ यहीं तक ही सीमित नहीं है। California में हर समस्या के लिए एक नियम है—और अक्सर यह समस्या का समाधान करने में असफल रहता है, बल्कि नई समस्याएँ पैदा कर देता है। गवर्नर Newsom हमेशा कोशिश करते हैं—उनके बाल हमेशा सलीके से संवरे रहते हैं। फिर भी, वह एक बेईमान प्रणाली में शासन करते हैं जो सबसे मुखर हितों और उनके द्वारा बेचे जाने वाले मनगढ़ंत वादों को पुरस्कृत करती है। California लोगों, स्थानों और स्थिति के मामले में समृद्ध है। आइए हम अपनी बाधाओं को दूर करें: जो कारगर है उसे करें, जो कारगर नहीं है उसे बंद कर दें, और लोगों के साथ शालीनता से पेश आएँ।

ईमेल: satish4guv@gmail.com | www.satish4guv.org | www.rao4guv.org



### Raji Rab | डेमोक्रेटिक

California को 20 बिलियन के घाटे और महंगाई के संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसका समाधान अतिरिक्त राजस्व और अंतरिक्ष युग की ओर प्रगति है, न कि बुनियादी चीजों की ओर लौटना। मैं इकलौता उम्मीदवार हूँ जिसके पास अभी के लिए योजना है जो कई बिलियन डॉलर का वैश्विक निवेश लाएगा, बजट को संतुलित करेगा, सभी विभागों के लिए अधिशेष को सुनिश्चित करेगा, कम लागत वाली दवाओं और बहुमंजिला आवासों का निर्माण करेगा, नियमों में ढील देगा, टैक्स कम करेगा, सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा और पहले वर्ष में 1.5 मिलियन नौकरियाँ पैदा करेगा। मैं एक विमान चालक, शिक्षक, उद्यमी हूँ, मेरी अपनी एयरलाइन है, मैंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया है, नागरिक अधिकारों के लिए काम किया, और आप्रवासन राज-क्षमा का समर्थन करता हूँ। *www.rajirabforgovernor.com*

22736 Vanowen St., Suite 105 Gov Sec, West Hills, CA 91307
ईमेल: info@rajirabforgovernor.com | TikTok: @rajirabforgovernor | Instagram: @rajirabforgovernor

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्यपाल



**Randeep S. Dhillon** | रिपब्लिकन

मैं डॉ. Randeep S Dhillon हूँ, जो एक अर्थशास्त्री और वित्त पेशेवर हैं, और California के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ ताकि वहनीयता, सार्वजनिक सुरक्षा और दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा पर केंद्रित व्यावहारिक नेतृत्व प्रदान कर सकूं। California की चुनौतियाँ हर समुदाय को प्रभावित करती हैं। परिवारों को जीवन-यापन की उच्च लागत का सामना करना पड़ रहा है, किसानों को विश्वसनीय पानी की आवश्यकता है, छोटे व्यवसाय बढ़ते हुए खर्चों से जूझ रहे हैं, और आस-पड़ोस सुरक्षा बहाल करना चाहते हैं। इन चुनौतियों के लिए तथ्यों और जवाबदेही द्वारा निर्देशित संतुलित, आर्थिक रूप से सुदृढ़ समाधानों की आवश्यकता है। मेरे पेशेवर अनुभव में अर्थशास्त्र, वित्त, स्वास्थ्य सेवा में नवाचार और बड़े पैमाने पर संचालन करना शामिल हैं। मेरा मानना है कि सरकार को वित्तीय रूप से ज़िम्मेदार, पारदर्शी और परिणामों पर केंद्रित होना चाहिए। वित्तीय स्थिरता परिवारों को मजबूत बनाती है, समुदायों को सहयोग प्रदान करती है और संस्थानों में विश्वास बहाल करती है। राज्यपाल के रूप में, मैं उचित, विश्वसनीय और किफ़ायती जल सुनिश्चित करके California की कृषि की रक्षा करूंगा, जिसमें जल ज़िलों में एकसमान मूल्य निर्धारण शामिल है ताकि किसान योजना बना सकें, निवेश कर सकें और उत्पादन कर सकें। California के भविष्य में ग्रामीण समुदायों के साथ भागीदार के रूप में व्यवहार किया जाना ज़रूरी है। ऊर्जा की वहनीयता परिवारों और व्यवसायों दोनों के लिए समान रूप से मायने रखती है। मैं ईंधन की लागत को स्थिर करने, नौकरियों की रक्षा करने और विदेशी ऊर्जा पर निर्भरता को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा विकास के साथ-साथ ज़िम्मेदार California के कच्चे तेल के उत्पादन का समर्थन करता हूँ। California को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। मैं California के स्वामित्व वाले ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का समर्थन करूंगा ताकि नवाचार, रोज़गार और डेटा यहीं बने रहें। मैं नियमों को कम करके और पूंजी तक पहुंच को बढ़ाकर छोटे व्यवसायों का समर्थन करूंगा ताकि व्यवसायी विकास कर सकें और लोगों को रोज़गार दे सकें। जन सुरक्षा सर्वोपरि है। किसी भी राशि में दुकान से चोरी करना अपराध है, और कानूनों को निष्पक्ष रूप से लागू किया जाना ज़रूरी है। मैं महिलाओं की आर्थिक उन्नति, आवास और रोज़गार के माध्यम से सेवानिवृत्त सैनिकों की आवासहीनता के समाधान और अवैध नशीली दवाओं के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई का समर्थन करता हूँ।

1615 South H Street, Bakersfield, CA 93304 | टेलीफ़ोन: (661) 374-0005
ईमेल: Dhillon@Cagov2026.com | Facebook: Facebook.com/Cagov2026 | Instagram: Instagram.com/Cagov2026



**LivingForGod AndCountry DeMott** | कोई पार्टी प्राथमिकता नहीं

मेरे कानूनी नाम LivingForGod का अर्थ है: यीशु मसीह के अच्छे चरित्र को प्रतिबिंबित करने वाला जीवन जीना; यह मेरी नींव, मेरा संचालन तंत्र और मेरा मार्गदर्शक है। एक पादरी के रूप में मेरा मानना है कि छल और भ्रष्टाचार की नींव पर बनी कोई भी सफलता रेत पर महल बनाने के जैसे होती है। इसलिए जब तूफान सामने से टकराएगा, तो मैं जरा भी विचलित नहीं होऊंगा! जब विमानों को दुर्घटनाग्रस्त करने जैसी भीषण अशांति की बात आती है, तो मैं वह पायलट बनूंगा जो तूफान को चीरते हुए आगे बढ़ेगा ताकि यात्री (आप लोग) फिर से चैन की सांस ले सकें। एक सफल व्यवसायी के रूप में मैंने बिग टाइम पेस्ट कंट्रोल को बिल्कुल शुरुआत से खड़ा किया, फिर इसे बेच दिया और उच्च प्रबंधन को छोड़कर, जमीनी स्तर पर, उपेक्षितों और टूटे हुए लोगों के साथ हाथ में हाथ डालकर, उनके साथ घुटने टेककर एक पादरी के रूप में सेवा करने के लिए आगे बढ़ा। मेरी विरासत अमेरिकी दृढ़ता का एक नक्शा है, जो मेफ्लावर के डॉक्टर Samuel Fuller से लेकर Ben Franklin के प्रेरणादायक व्यक्तित्व तक फैला हुआ है। लेकिन मैं पीछे मुड़कर नहीं देख रहा हूँ—मैं पूरे California की ओर देख रहा हूँ, जहाँ के लोग उपेक्षित और विश्वासघात हुए जैसा महसूस कर रहे हैं! मेरे पास गैरकानूनी ICE अभियानों को **रोकने** की योजना है; और एक पादरी का हृदय है जो यह याद रखता है कि यह व्यवस्था किन लोगों की सेवा करती है। मैं तय की गई दूरी पर लगने वाले टैक्स के 100% खिलाफ़ हूँ। California को फिर से महान बनाने के लिए, लोगों की रक्षा करें! जब पुराने दल इस बात पर बहस कर रहे हैं कि माचिस किसने खरीदी, और कचरे के ढेर में लगी आग सुलग रही है; तो मैं आपको एक अग्निशामक यंत्र दे रहा हूँ! इसीलिए मैं California के गवर्नर पद के लिए सबसे अच्छा विकल्प हूँ। • *www.DeMottForGovernor.com*

724 Terrace Dr., Redding, CA 96002 | टेलीफ़ोन: (530) 921-1978
ईमेल: demottforgovernor@gmail.com | X: https://x.com/realdemott | Instagram: https://instagram.com/realdemott

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## उपराज्यपाल

- महाभियोग, मृत्यु, पद-त्याग, कार्यालय से हटाए जाने, या राज्य से अनुपस्थित होने के मामले में राज्यपाल के कार्यालय और कर्तव्यों की ज़िम्मेदारी संभालते हैं।
- राज्य सीनेट के अध्यक्ष के रूप में काम करते हैं और उनके पास टाई-ब्रेकिंग वोट होता है।
- आर्थिक विकास आयोग की अध्यक्षता करते हैं; राज्य भूमि आयोग, और महासागर संरक्षण परिषद के सदस्य हैं; और California विश्वविद्यालय प्रणालियों के बोर्ड्स में शामिल होते हैं।



### Janelle Kellman | डेमोक्रेटिक

Janelle Kellman जलवायु जोखिम विशेषज्ञ, स्थानीय सामुदायिक नेता और आपदा तैयारी से संबंधित एक गैर-लाभकारी संस्था की कार्यकारी हैं, जो California में व्याप्त उच्च जीवन-यापन लागत के संकट को हल करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। जलवायु जोखिम विशेषज्ञता रखने वाली एक पर्यावरण वकील के रूप में, Janelle ने सरकारों और स्थानीय समुदायों को जंगल की आग, बाढ़ और चरम मौसम से होने वाले आर्थिक जोखिम को कम करने में मदद करने के लिए Center for Sea Rise Solutions की स्थापना की—ताकि आपदाओं की लागत करदाताओं पर न डाली जाए। स्थानीय सामुदायिक नेता और Sausalito की मेयर के रूप में, Janelle ने बाढ़, समुद्र स्तर में वृद्धि और जंगल में लगने वाली आग जैसी आपदाओं से निपटने में नेतृत्व किया है—स्थानीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लाखों डॉलर हासिल किए हैं, जिससे घर के मालिकों के लिए बीमा प्रीमियम कम हो गए हैं। आवासहीनता की समस्या पर किसी और के कार्रवाई करने का इंतजार करने के बजाय, मेयर के रूप में उन्होंने एक स्थानीय शिविर के लिए आपातकाल की घोषणा की और लोगों को आवास में स्थानांतरित करने के लिए मानवीय सहायता अभियान का नेतृत्व किया। तब से स्थानीय बेघर लोगों की संख्या आधे से अधिक कम हो गई है। California के उपराज्यपाल राज्यव्यापी स्तर पर शैक्षिक, पर्यावरणीय और आर्थिक नीतियों को निर्देशित करने में मदद करते हैं। Janelle निम्नलिखित कार्य करेंगी: 1. जलवायु संबंधी अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए, आग से बचने के वित्तपोषण के तरीके में बदलाव करके अगले दशक में बिजली के बिलों को आधा कर देंगी; 2. बीमा बाजार को स्थिर करने के लिए आपदा-तैयारी प्रोग्रामों में निवेश करेंगी; और 3. हमारे सामुदायिक कॉलेजों में व्यावसायिक और करियर-उन्मुख शिक्षा का विस्तार करेंगी ताकि प्रत्येक विद्यार्थी California की जलवायु प्रौद्योगिकी, आवास, सेवा और कुशल व्यवसायों में योगदान दे सके। इसके परिणामस्वरूप बिजली के बिलों में कटौती हुई, घर के बीमा की लागत में भारी कमी आई और California के सभी निवासियों के लिए सामुदायिक कॉलेज मुफ़्त हो गए। *JanelleKellman.com*

PO Box 1688, Sausalito, CA 94965 | ईमेल: janelle@janellekellman.com
Instagram: https://www.instagram.com/janellekellmanforltg | Facebook: https://facebook.com/janellekellmanforltg



### Michael Tubbs | डेमोक्रेटिक

मैं California को अधिक किफ़ायती बनाने और यह साबित करने के लिए उपराज्यपाल पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ कि सरकार केवल वादे नहीं करती बल्कि परिणाम भी दे सकती है। मैं गरीबी में पला-बढ़ा, मेरी परवरिश मेरी अकेली माँ ने की। मेरे परिवार और समुदाय ने मुझे लचीलापन और सेवा भाव सिखाया—ये वो मान्यताएँ हैं जिनकी मदद से मैं स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ सका और 26 साल की उम्र में Stockton का मेयर चुना गया। मैंने उस समय पदभार संभाला जब Stockton संकट में था—दिवालियापन के कुछ ही वर्षों बाद। अपने समुदाय के साथ काम करते हुए, मैंने एक नया मार्ग प्रशस्त किया। पुलिस के साथ साझेदारी की बदौलत हमने हत्याओं में 40% की कमी की और पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई गोलीबारी में राज्य की सबसे बड़ी गिरावट हासिल की। बेरोज़गारी निचले रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई। Stockton को राज्य का दूसरा सबसे आर्थिक रूप से स्वस्थ शहर घोषित किया गया। मैंने गारंटीकृत आय की एक पायलट परियोजना शुरू की जिसने लोगों को गरीबी से बाहर निकाला और जिसका अनुकरण 150 से अधिक शहरों ने किया है। California को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है: बस सिर्फ बातें होती हैं, लेकिन कार्रवाई करने की कमी है। उपराज्यपाल के रूप में, मैं शिक्षा की वहनीयता पर निरंतर ध्यान केंद्रित करूंगा: मैं उच्च शिक्षा की लागत को कम करने के लिए संघर्ष करूंगा — चाहे वह व्यावसायिक प्रोग्राम हों या कॉलेज की शिक्षा। मैं किफ़ायती आवास बनाने के लिए कुछ नए और अनोखे विचार पेश करूंगा ताकि California वासी अपने प्यारे राज्य में रह सकें। और मैं गरीबी को खत्म करने और आवासहीन होने से रोकने के लिए गारंटीकृत आय प्रोग्रामों जैसे सिद्ध समाधानों का समर्थन करूंगा। मैं इस पद का उपयोग जवाबदेही सुनिश्चित करने और कारगर समाधानों को गति देने के लिए करूंगा। मुझे SEIU California, California वर्किंग फैमिलीज पार्टी, और राज्य भर के उन नेताओं का समर्थन पाकर सम्मानित महसूस हो रहा है जो मानते हैं कि California को ऐसे नेताओं की ज़रूरत है जो शासन करना और परिणाम देना जानते हों। मेरा दृष्टिकोण सरल है: एक ऐसा California जो सभी के लिए काम करे। *michaeltubbsforca.com*

ईमेल: info@michaeltubbsforca.com
Instagram: instagram.com/michaeldtubbs | Facebook: facebook.com/stocktontubbs

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## उपराज्यपाल



### Ebie Lynch | रिपब्लिकन

वकील, भूतपूर्व सैनिक, नर्स। California सबसे पहले! (अधिक जानकारी के लिए) *www.ebielynchforcalifornia.com* पर जाएँ

6261 Hazel Ave. #2943, Orangevale, CA 95662 | टेलीफ़ोन: (916) 243-5448
ईमेल: elynch@ebielynchforcalifornia.com | Facebook: ebielynch4caltgov | Instagram: ebielynch



### Alice Stek | पीस एंड फ्रीडम


चिकित्सक, शिक्षक, और समाजवादी। California की असफल स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के भीतर एक OBGYN और HIV विशेषज्ञ के रूप में अपने 32 वर्षों के निरंतर करियर में, मुझे लगातार इस बात की पुष्टि होती जा रही है कि पूंजीवाद का एकमात्र इलाज समाजवाद ही है। आईये साथ मिलकर हम एक ऐसा California बनाएँ जो जनता का हो, अरबपतियों का नहीं! समाजवादी को वोट दें और वाम एकता पैनल का समर्थन करें!

333 Washington Blvd. #355, Marina del Rey, CA 90292 | टेलीफ़ोन: (323) 487-0931
ईमेल: alicestek4ca@gmail.com | www.alicestek4ca.com | Instagram: alicestek4ca

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## उपराज्यपाल



### David Fennell | रिपब्लिकन

हैलो California! David Fennell राज्य की महानता को पुनर्स्थापित करने के लिए उपराज्यपाल पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं! California हमेशा से अमेरिकी सपने का प्रतीक रहा है, लेकिन पिछले 20 वर्षों में, हमने Sacramento में असफल नेतृत्व के कारण उस सपने को अपने से दूर होते देखा है। हमें नए समाधानों की आवश्यकता है, न कि उन्हीं पुराने समाधानों की। हम किफ़ायती घर क्यों नहीं बना सकते, नए व्यवसाय क्यों नहीं शुरू कर सकते या अपने परिवारों का भरण-पोषण क्यों नहीं कर सकते? प्रौद्योगिकी कंपनियाँ टेक्सस क्यों जा रही हैं, फिल्में विदेशों में क्यों फिल्माई जा रही हैं, और हमारे किसान पानी के लिए क्यों संघर्ष कर रहे हैं? हमारी सड़कें असुरक्षित हैं और हमारे जंगलों में आगे लग रही हैं। समस्या स्पष्ट है: खराब नेतृत्व। आपके उपराज्यपाल के रूप में, मैं कार्रवाई करूंगा। मैं Sacramento में अपव्यय, धोखाधड़ी और दुरुपयोग को खत्म करने के लिए ऑडिट का नेतृत्व करूंगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि आपके टैक्स के पैसे का बुद्धिमानी से उपयोग किया जाए। मैं राज्य भूमि आयोग और अन्य बोर्डों में काम करूंगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को उनकी ज़रूरत का पानी मिले और हमारे संसाधनों का प्रबंधन किया जा सके, साथ ही जंगल में लगने वाली आग से बचाव और पुनर्निर्माण किया जा सके। मैं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संघर्ष करूंगा जो हमारे विद्यार्थियों को California के भविष्य के लिए तैयार करे। व्यापार, कृषि और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने अनुभव के साथ, मैं Sacramento में व्यावहारिक दृष्टिकोण लाने और California को फिर से समृद्धि की ओर ले जाने के लिए तैयार हूँ। उपराज्यपाल पद के लिए David Fennell को वोट दें! मैं आपको निराश नहीं करूंगा! अधिक जानने के लिए *https://www.fennellforcalifornia.com* पर जाएँ

500 Capitol Mall, Suite 2350, Sacramento, CA 95814 | टेलीफ़ोन: (916) 305-6361 | ईमेल: dave@fennellforcalifornia.com
Facebook: https://www.facebook.com/FennellForCalifornia | Instagram: https://www.instagram.com/fennellforcalifornia



### Josh Fryday | डेमोक्रेटिक

मैं नौसेना का भूतपूर्व सैनिक, पूर्व मेयर और राज्यपाल के मंत्रिमंडल का सदस्य हूँ। मैं एक पिता हूँ जिसके तीन बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं, मेरी पत्नी दूसरी कक्षा की सरकारी स्कूल शिक्षिका है—और मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं California के शिक्षकों और शिक्षाविदों का प्रतिनिधित्व करने वाले दोनों संघों द्वारा समर्थित एकमात्र उम्मीदवार हूँ। मैं चुनाव लड़ रहा हूँ क्योंकि हमें डेमोक्रेट्स की एक नई पीढ़ी की ज़रूरत है जो अधिक दृढ़ और मजबूत हो—ताकि Donald Trump और लालची कार्पोरेशनों को California वासियों को नुकसान पहुंचाने से रोका जा सके। नौसेना में एक JAG अधिकारी के तौर पर, मैंने कानून के शासन के लिए आवाज उठाई, बंदियों का बचाव किया और Guantanamo बे में मानवाधिकारों के हनन के खिलाफ कांग्रेस के सामने गवाही दी। एकमात्र अनुभवी उम्मीदवार होने के नाते, मेरे पास California में Trump द्वारा हमारे नेशनल गार्ड और सेना के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने और Trump की ICE सेना से हमारे परिवारों, पड़ोसियों और लोकतंत्र की रक्षा करने का अनुभव है। तटीय आयोग और राज्य भूमि आयोग में, मैं Trump और बड़ी तेल कंपनियों को नए अपतटीय तेल ड्रिलिंग से रोकूंगा। स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन को दोगुना करके, हम प्रदूषण को कम करेंगे और ऊर्जा की लागतों को घटाकर आपके पैसे बचाएंगे। California में जन्मा और पला-बढ़ा, हाई स्कूल से स्नातक होने से पहले मेरा परिवार 17 बार स्थानांतरित हो चुका था। हमारे आवास और जीवनयापन की लागत का संकट मेरे लिए व्यक्तिगत मामला है। मैं उन कठिन लड़ाइयों को लड़ूंगा जिन्हें पेशेवर राजनेता नहीं लड़ेंगे—हमारे लोकतंत्र की रक्षा करने और California को मेरे जैसे कामकाजी परिवारों के लिए अधिक किफ़ायती बनाने के लिए। आपका वोट पाकर मैं सम्मानित महसूस करूँगा। California के लिए मेरी आवास, ऊर्जा और रोज़गार योजनाओं के बारे में अधिक जानने के लिए *www.joshfryday.com* पर जाएँ।

टेलीफ़ोन: (916) 550-3398 | ईमेल: Josh@JoshFryday.com
Instagram: @josh_fryday | YouTube: @josh_fryday

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## उपराज्यपाल



### Tim Myers | डेमोक्रेटिक

मैं Tim Myers हूँ, Californians For Climate Change का अध्यक्ष, मल्टी-प्लैटिनम बैंड OneRepublic का सह-संस्थापक और पूर्व सदस्य, और 16 गोल्ड और प्लैटिनम एल्बमों का निर्माता। मैंने हार्वर्ड में पढ़ाई की और अपना पूरा जीवन रचनात्मकता, सक्रियता और सार्वजनिक सेवा के संगम पर बिताया है। एक कार्यकर्ता के रूप में, मैंने California भर में Trump विरोधी और ICE विरोधी रैलियों का नेतृत्व किया है। मैंने अग्रिम मोर्चे पर खड़ा था जब स्नाइपरों ने निशाना साधा हुआ था और रबर की गोलियां चलाई जा रही थीं। मैंने अपनी जान जोखिम में डाली क्योंकि मैं न्याय, समानता और लोगों के एकजुट होकर आगे बढ़ने की शक्ति में विश्वास करता हूँ। मैं गरीबी में पला-बढ़ा और आगे चलकर Palladium Records की स्थापना की, जिससे कलाकारों और कामकाजी परिवारों के लिए सैकड़ों नौकरियाँ और अवसर पैदा हुए। आज मैं एक पति और दो बेटियों का पिता हूँ, और मेरी लड़ाई बहुत ही व्यक्तिगत है। मैं चाहता हूँ कि मेरे बच्चे और California का हर परिवार एक ऐसे राज्य को विरासत में पाए जो सुरक्षित, किफ़ायती और संभावनाओं से भरा हो। मैं जनहित में एक ऐसे मंच पर चुनाव लड़ रहा हूँ जो सामर्थ्य, आवासहीनता को दूर करने, तकनीकी नौकरियों को वापस लाने, लागत कम करने, अपराध कम करने और मजदूरी बढ़ाने पर केंद्रित है। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने प्रस्ताव 28 को पारित कराने में मदद की, जिससे हमारे सार्वजनिक स्कूलों में संगीत और कला शिक्षा का विस्तार हुआ। मैंने PAC से एक भी पैसा नहीं लिया है क्योंकि सार्वजनिक सेवा कभी भी खरीदी नहीं जानी चाहिए। पेशेवर राजनेता जमीनी हकीकत से दूर हो गए हैं। भ्रष्टाचार का अंत होना ज़रूरी है। मेरा वायरल संदेश बदलाव के लिए तैयार 16 मिलियन से अधिक California वासियों तक पहुंच चुका है। मैं और परिवारों को बेघर होते हुए नहीं देखूंगा। हम सब मिलकर उठ खड़े होंगे और आने वाली पीढ़ियों और पूरे राज्य के मेहनतकश परिवारों के लिए California को वापस अपने अधिकार में लेंगे।

Tik Tok: timmyersmusic | Instagram: timmyersofficial



### Fiona Ma | डेमोक्रेटिक

California अमेरिका के इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। हमें ऐसे दूरदर्शी, सिद्ध नेताओं की आवश्यकता है जो मजबूती से खड़े होकर हर California वासी की ओर से लड़ने को तैयार हों। California की मान्यताओं और लोगों—विशेषकर महिलाओं और प्रवासियों—की रक्षा करना, आपके उपराज्यपाल के रूप में मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। मैं अप्रवासियों की बेटी हूँ और हमारे राज्य में डर या धौंस जमाने की कोई जगह नहीं है। मैं Trump के हमलों से *जन्मजात नागरिकता की रक्षा करूंगी* और अत्यधिक हिंसा के लिए *ICE को जवाबदेह ठहराऊंगी* । मैंने अपना पूरा जीवन सार्वजनिक सेवा में महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाने में बिताया है। California राज्य के कोषाध्यक्ष के रूप में, मैंने *प्रजनन स्वास्थ्य, जन्म नियंत्रण और कैंसर स्क्रीनिंग को वित्तपोषित किया* जब Trump ने टाइटल X वित्तपोषण में कटौती की थी। विधानसभा सदस्या के रूप में, मैंने घरेलू हिंसा के *पीड़ितों की सुरक्षा* के लिए गठित चयन समिति की अध्यक्षता की। उपराज्यपाल तटीय आयोग और UC और CSU के बोर्डों में कार्यरत हैं। मैं *Trump की अपतटीय तेल शोधन को फिर से शुरू करने की योजना का विरोध* करूंगी, साथ ही विश्वविद्यालयों की रक्षा करूंगी और शैक्षणिक स्वतंत्रता की सुरक्षा करूंगी। मैं *ट्यूशन फीस को स्थिर रखने के पक्ष में मतदान करूंगी ताकि मध्यमवर्गीय परिवार कॉलेज की पढ़ाई का खर्च वहन कर सकें।* मेरी मां एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका थीं। इसीलिए मैं California के हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। हम एक अभूतपूर्व दौर में जी रहे हैं—और California को आगे का रास्ता तय करना होगा—एक ऐसा भविष्य जो सभी के लिए एक बेहतर California में साझा विश्वास को अपनाता हो। *California Professional Firefighters, California Federation of Teachers, National Union of Healthcare Workers, बिल्डिंग ट्रेड्स, कारपेंटर्स, उपराज्यपाल Eleni Kounalakis* और 30 से अधिक श्रमिक संघों के साथ *www.fionama.com* पर हमारे अभियान में शामिल हों। मुझे California से प्यार है और मैं विनम्रतापूर्वक आपसे उपराज्यपाल के पद के लिए अपना वोट देने का अनुरोध करती हूँ।

1032 Irving Street, #908, San Francisco, CA 94122
ईमेल: Fiona@FionaMa.com | www.fionama.com | Facebook: Facebook.com/CA.FionaMa

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्य सचिव

- राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में राज्यव्यापी चुनावों की देखरेख करते हैं और प्रचार और लॉबिंग संबंधी वित्तीय जानकारी के लिए सार्वजनिक पहुंच प्रदान करते हैं।
- विशिष्ट व्यापारिक फाइलिंग बनाए रखते हैं, ट्रेडमार्कों को प्रमाणित करते हैं, सार्वजनिक नोटरी का संचालन करते हैं, और सुरक्षित लेनदारों को उनके वित्तीय हितों की सुरक्षा के लिए सक्षम बनाते हैं।
- California के ऐतिहासिक खजानों के संग्रह, सुरक्षा और साझा करने के जरिए राज्य के इतिहास का संरक्षण करते हैं।



### Donald P. (Don) Wagner | रिपब्लिकन

राज्य सचिव के रूप में, मैं हमारी चुनाव प्रणाली में California वासियों का विश्वास बहाल करूंगा और *हमारे लोकतंत्र में भाग लेने के प्रत्येक योग्य मतदाता के मौलिक अमेरिकी अधिकार की* रक्षा करूंगा। California की चुनाव प्रणाली खराब हो चुकी है। छत्तीस राज्यों और अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में मतदाताओं को मतदान के दौरान अपनी पहचान स्थापित करने की आवश्यकता होती है। California में ऐसा नहीं होता है। चुनाव सुरक्षा इतनी कमजोर है कि California में कम से कम *एक कुत्ते का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया गया* और उसका वोट भी गिना गया! जहाँ अन्य बड़े राज्य चुनाव की रात को ही वोटों की गिनती पूरी करके परिणाम घोषित कर सकते हैं, वहीं California में इसमें 30 अत्यंत कष्टदायक दिन लगते हैं। हम आम तौर पर देश में मतगणना बंद करने और अंतिम परिणाम घोषित करने वाला आखिरी राज्य होते हैं। यह शर्मनाक और अस्वीकार्य है। आप एक उत्कृष्ट चुनाव प्रणाली के हकदार हैं जो *सुरक्षित, कुशल, सटीक हो और केवल योग्य मतदाताओं के लिए ही सुलभ हो*। राज्य सचिव के रूप में, मैं व्यावहारिक सुधारों को लागू करने के लिए काम करूंगा, जिनमें शामिल हैं: 1) मतदान स्थलों पर *मतदाता पहचान पत्र लाने को अनिवार्य करना*; 2) डाक मतपत्रों को चुनाव दिवस तक वापस किया जाना अनिवार्य करना; 3) भुगतान किए गए प्रचारकों द्वारा "मतपत्र संचयन" पर रोक लगाना। California के कारोबारी माहौल को सुधारने में राज्य सचिव की भी भूमिका होती है। कार्यालय का आधुनिकीकरण किया जाना चाहिए और इसे व्यावसायिक रूप से अनुकूल बनाया जाना चाहिए। राज्य सचिव के रूप में, मैं उन खराब व्यापार नीतियों के खिलाफ लड़ूंगा जो California को रहने के लिए महंगा बनाती हैं और हमारे परिवारों, दोस्तों और नियोक्ताओं को दूर भगाती हैं। मेरे पास परिणाम देने का अनुभव है। मैंने California विधानमंडल के सदस्य, Irvine के मेयर, Orange काउंटी के सुपरवाइज़र के रूप में काम किया है और मेरा अपना व्यवसाय भी रहा है। मैं राज्य सचिव के रूप में आपके वोट की रक्षा करने का वचन देता हूँ। अधिक जानकारी के लिए *WagnerforCalifornia.com* पर जाएँ।

4100 MacArthur Blvd., Ste. 310, Newport Beach, CA 92660 | टेलीफ़ोन: (714) 785-5949
ईमेल: donwagner@WagnerForCalifornia.com | WagnerForCalifornia.com



### Shirley N. Weber | डेमोक्रेटिक


*मैं आपके मतदान अधिकारों की रक्षा करने से कभी पीछे नहीं हटूंगी।* हम सामान्य समय में नहीं हैं। हमें ऐसे सशक्त नेताओं की आवश्यकता है जो सही और न्यायसंगत बातों के लिए खड़े होकर संघर्ष करें। मेरा जन्म Jim Crow के दक्षिणी क्षेत्र में बटाईदार किसानों के परिवार में हुआ था, जिन्हें वोट देने का अधिकार नहीं था। California ने हमारा खुले दिल से स्वागत किया और तब से यही मेरा घर है। मेरे माता-पिता ने अपना पहला मतदान यहीं किया था और उन्होंने हमारे पारिवारिक बैठक कक्ष को ही मतदान केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया। अमेरिका दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहाँ एक ही पीढ़ी के भीतर एक परिवार Jim Crow के तहत मताधिकार से वंचित होने से लेकर देश के सबसे बड़े राज्य में चुनाव कराने तक का सफर तय कर सकता है। हम इतनी दूर आ चुके हैं, और मैंने इसे अपनी आँखों से देखा है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो उस प्रगति को पलटना चाहते हैं। वे मतदान के घंटों को कम करने, मतदान के लिए दिनों की संख्या को कम करने और डाक-द्वारा-मतदान की प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। उनमें से कुछ ने तो अपने पसंदीदा उम्मीदवार के हारने पर चुनाव अधिकारियों की जान से मारने की भी धमकी दी है। California में इस तरह के व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य सचिव के रूप में, 28 राज्यव्यापी और विशेष चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। जब हमारे मतदान के अधिकारों पर हमला हुआ, तो मैंने अदालतों में हमारे लिए लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। मैं हमेशा से एक पारदर्शी नेता रही हूँ क्योंकि विश्वास ही सब कुछ है। California के प्रत्येक योग्य नागरिक को मतदाता के रूप में पंजीकरण कराना चाहिए और अपना वोट डालना चाहिए, चाहे हम राजनीतिक रूप से सहमत हों या नहीं। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष जारी रखूंगी कि आपके और मतदान पेटी के बीच कोई बाधा न आए। राज्य सचिव के लिए डॉ. Shirley N. Weber को मतदान करें। अधिक जानने के लिए *www.DrShirleyWeber.com* पर जाएँ।

ईमेल: info@drshirleyweber.com
Facebook: facebook.com/ShirleyWeber4SOS | X: x.com/drweber4ca

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्य सचिव



### Michael Feinstein | ग्रीन

California लोगों, विचारों और दृष्टिकोणों का एक खूबसूरत, पूर्णतया विविध मिश्रण है। हम तभी सबसे अच्छे होते हैं जब सभी की बात सुनी जाए और सभी का प्रतिनिधित्व किया जाए। हमारे लोकतंत्र की टेबल पर प्रत्येक व्यक्ति को एक सीट मिलनी चाहिए। Santa Monica के पूर्व मेयर Michael Feinstein को वोट देना *लोकतंत्र के अधिकारों के विधेयक* के लिए वोट देने के समान है: (1) *वरीयता क्रम मतदान।* अधिक उम्मीदवारों पर अधिक आवाज, सकारात्मक अभियान और गठबंधन निर्माण के साथ मतदाताओं को सशक्त बनाना। (2) *बहुदलीय लोकतंत्र।* हमारी मौजूदा 'कम बुराई' वाली, विजेता-सब-कुछ-ले-जाने वाली प्रणाली के बजाय, *आनुपातिक प्रतिनिधित्व वाले चुनाव लागू करें—जहाँ समान विचारधारा वाले मतदाताओं को उनकी संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिले, और सभी मतदाता ऐसे उम्मीदवारों को चुनने में मदद कर सकें जो वास्तव में उनके विचारों का प्रतिनिधित्व करते हों*। एक ही ज़िले से कई दृष्टिकोण प्रतिनिधित्व प्राप्त करते हैं। *हम अपनी विविधता के ज्ञान से लाभ उठाते हैं।* (3) *अभियान वित्त सुधार।* बड़े धन के भ्रष्ट प्रभाव को रोकें, पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करें। *चुनाव लड़ने की लागत को कम करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी मतदाताओं के पास सोच-समझकर निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी मौजूद हो।* आधिकारिक मतदाता गाइडों में उम्मीदवारों के मुफ़्त वक्तव्य उपलब्ध कराएँ, और मतदाताओं को सभी चुनावी विकल्पों के बारे में सूचित करने के लिए अपने सार्वजनिक प्रसारण माध्यमों का उपयोग करें। *उम्मीदवारों को स्वच्छ धन के समर्थन का एक व्यापक, जमीनी स्तर का आधार प्रदान करें।* छोटे दानदाताओं के योगदान के बराबर सार्वजनिक निधि का उपयोग करें। उम्मीदवारों को वित्तपोषित करने के लिए निवासियों को लोकतंत्र वाउचर देकर सशक्त बनाएँ। *हमारा लोकतंत्र इसके लायक है।* (4) *चुनाव अखंडता। सभी मतों की गणना की जानी ज़रूरी है—और सभी मतों को गिना जाना चाहिए।* सार्वजनिक स्वामित्व वाले, ओपन-सोर्स मतदान उपकरण, कागज़ी मतपत्र और सार्थक ऑडिट के माध्यम से पारदर्शिता, सटीकता और विश्वसनीयता को बढ़ावा दें। (5) *सभी के लिए मतदान अधिकार सुनिश्चित करें।* सार्वभौमिक मतदाता पंजीकरण। भाषा संबंधी पहुंच का विस्तार करें। मतदान को आसान बनाने के लिए चुनाव के दिनों को राज्य अवकाश घोषित करें।

PO Box 5605, Santa Monica, CA 90409 | टेलीफ़ोन: (310) 392-8450
ईमेल: info@feinstein4sos.org | www.feinstein4sos.org | X: www.twitter.com/feinstein4sos



### Gary N. Blenner | ग्रीन

क्या आप ऐसी सरकार से उकता गए हैं जो कामकाजी लोगों की बजाय केवल अमीरों के हितों को ध्यान में रखती है? हमारी चुनाव प्रणाली को ठीक करना और लोकतंत्र का विस्तार करना ही इसका उत्तर है। आनुपातिक प्रतिनिधित्व। रैंक वाले विकल्प संबंधी मतदान। अभियानों का सार्वजनिक वित्तपोषण। कॉर्पोरेट व्यक्तित्व समाप्त करें। 2 जून को वाम एकता पैनल को मतदान करें! *blenner4sos.org*

4540 American River Drive, Sacramento, CA 95864
ईमेल: blenner4sos@gmail.com | Facebook: Gary Blenner For California Secretary of State

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## नियंत्रक

- राज्य का प्रमुख वित्तीय अधिकारी होने के नाते सभी सार्वजनिक निधियों के लिए राज्य के लेखापाल और बहीखाता लिखने वाले के तौर पर सेवा प्रदान करते हैं।
- राज्य पेरोल प्रणाली और बिना दावे वाली संपत्तियों के लिए कानूनों का प्रबंधन करते हैं, और राज्य की कार्यवाहियों का लेखा-परीक्षण और समीक्षाएँ करते हैं।
- समानता बोर्ड, नियंत्रण मंडल, और अन्य मंडलों और आयोगों को सेवा प्रदान करते हैं।



### Meghann Adams | पीस एंड फ्रीडम

California में $4 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, हममें से लाखों लोग हर महीने मिलने वाली तनख्वाह पर क्यों जीते हैं? San Francisco स्कूल बस ड्राइवरों की यूनियन, SMART 1741 के अध्यक्ष के रूप में, मुझे संघ का वित्तीय प्रबंधन करने का वर्षों का अनुभव है और हमारी स्कूल प्रणालियों पर अरबपतियों के हमलों के सामने अपने सदस्यों के लिए संघर्ष करने का एक सफल रिकॉर्ड है। आपके नियंत्रक के रूप में, मैं किफ़ायती आवास के संकट को हल करने, कॉर्पोरेट टैक्स में खामियों को दूर करने और युद्ध से सार्वजनिक पेंशन को निकालकर आवास और हरित ऊर्जा में पुनर्निवेश करने के लिए California पुनर्निवेश योजना शुरू करने के लिए संघर्ष करूंगी। अब समय आ गया है कि हम अपनी अपार संपत्ति को उन मेहनतकश लोगों के लिए इस्तेमाल करें जो इसे बनाते हैं। समाजवादी को वोट दें—साथ मिलकर हम एक ऐसा California बना सकते हैं जो जनता का हो, अरबपतियों का नहीं! *LeftUnitySlate.org Meghann4CA.com*

टेलीफ़ोन: (510) 543-1789 | ईमेल: info@meghann4ca.com
Instagram: @meghann4ca | https://www.meghann4ca.com/



### Malia M. Cohen | डेमोक्रेटिक

California राज्य की नियंत्रक के रूप में, Malia Cohen राज्य की मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्य करती हैं, जो दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वित्त व्यवस्था की रक्षा करती हैं। वह यह सुनिश्चित करने के लिए दोबारा चुनाव लड़ रही हैं कि करदाताओं के धन का प्रबंधन पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता के साथ किया जाए। San Francisco में जन्मी और पली-बढ़ी Malia California की संभावनाओं और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसकी रक्षा करने की अत्यावश्यकता को भली-भांति समझती हैं। एक कामकाजी मां, आजीवन डेमोक्रेट और समर्पित लोक सेवक के तौर पर, उनका मानना है कि बजट नैतिक दस्तावेज़ होते हैं जो हमारे साझा मान्यताओं को प्रतिबिंबित करने चाहिए और लोगों में निवेश करना चाहिए, न कि विशेष हितों में। नियंत्रक के रूप में, Malia ने वित्तीय और वेतन संबंधी आंकड़ों तक सार्वजनिक सुलभता का विस्तार करके राजकोषीय पारदर्शिता को मजबूत बनाया है, जिससे California वासियों को यह स्पष्ट जानकारी मिलती है कि सार्वजनिक धन कैसे खर्च किया जाता है। उन्होंने आर्थिक अनिश्चितता के दौर में California को आर्थिक रूप से मजबूत बनाए रखने में मदद करने के लिए समय पर मासिक नकदी रिपोर्ट जारी की है, सभी 58 काउंटियों को कई मिलियन डॉलर की लावारिस संपत्ति वापस दिलाई है, और सटीक वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए स्थानीय सरकारों को सम्मानित किया है। उन्होंने California की वेतन प्रणाली के आधुनिकीकरण को भी उन्नत बनाया है, जिसमें लंबे समय से देरी हो रही थी, ताकि राज्य भर में सार्वजनिक कर्मचारियों को बेहतर सेवा प्रदान की जा सके। ऐसे समय में जब सरकार पर भरोसा होना पहले से कहीं अधिक मायने रखता है, Malia Cohen California के वित्तीय भविष्य की रक्षा करने और हर समुदाय के लिए California के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। California भर के शिक्षकों, नर्सों, स्वास्थ्यकर्मियों, ऑपरेटिंग इंजीनियरों, प्लंबरों, पाइप फिटरों, विद्युतकर्मियों और कामकाजी लोगों के साथ मिलकर Malia Cohen को नियंत्रक पद के लिए समर्थन दें। अधिक जानकारी के लिए यहाँ जाएँ: *MaliaCohenForCA.com*

Instagram: https://www.instagram.com/malia.cohen | Facebook: https://www.facebook.com/MaliaCohen

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## नियंत्रक



**Herb W Morgan** | रिपब्लिकन

California वित्तीय पारदर्शिता और आधुनिक निगरानी के एक नए युग के लिए तैयार है। राज्य नियंत्रक के रूप में, मैं पूरे राज्य और उसकी सहायक संस्थाओं में व्यापक पारदर्शिता लागू करूंगा—लेनदेन के स्तर के खर्च को लगभग वास्तविक समय की रिपोर्टिंग के साथ ऑनलाइन प्रकाशित करूंगा ताकि प्रत्येक California वासी स्पष्ट रूप से यह देख सके कि सार्वजनिक धन का उपयोग कैसे किया जाता है। जब तथ्य सबके सामने आ जाते हैं, तो खर्च को लेकर होने वाली बहसें शांत हो जाती हैं और सरकार पर लोगों का भरोसा बढ़ता है। मेरा मुख्य ध्यान आधुनिकीकरण करने और जवाबदेही पर है। उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करके, हम संचालन को सुव्यवस्थित कर सकते हैं, सार्थक सुधार ला सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि संसाधन उन कक्षाओं, समुदायों और प्रोग्रामों तक पहुंचें जो सबसे अधिक मायने रखते हैं। निवेश और जटिल वित्तीय प्रणालियों की देखरेख में लगभग चार दशकों के अनुभव के साथ, मैं Sacramento में अनुशासित प्रबंधन और व्यावहारिक नेतृत्व लाऊंगा—जनता के प्रत्येक डॉलर का उपयोग लोगों के लिए अधिक समझदारी से, तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से करके California की सहानुभूति की संस्कृति को मजबूत बनाऊंगा।

ईमेल: info@herbmorgan.com | X: @herb4controller | Instagram: @herb4controller

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## कोषाध्यक्ष

- राज्य के बैंकर के रूप में, राज्य के निवेशों का प्रबंध करते हैं, और राज्य के बॉन्ड्स और नोटों की बिक्री की व्यवस्था करते हैं।
- कई आयोगों के लिए काम करते हैं, जिनमें से अधिकतर बॉन्ड के विपणन से संबंधित हैं।
- नियंत्रक और अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा खर्च की जाने वाली राज्य निधियों का भुगतान करते हैं।



### Eleni Kounalakis | डेमोक्रेटिक

मैं एक महिला व्यवसायी, वित्तीय विशेषज्ञ और ग्रीक अप्रवासियों की बेटी हूँ। मैं California के सपने में विश्वास करती हूँ और लेफ्टिनेंट गवर्नर के रूप में मैंने छोटे व्यवसायों, शिक्षा और मेहनती परिवारों के लिए अवसरों का समर्थन करने के लिए कड़ी मेहनत की है। मैं California के वित्त का अनुशासित और ज़िम्मेदार प्रशासक बनने के लिए राज्य कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रही हूँ, जिसका ध्यान कामकाजी परिवारों की रक्षा करने, हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और हमारी मान्यताओं को प्रतिबिंबित करने वाले विवेकपूर्ण निवेश करने पर केंद्रित होगा। मैं राज्य कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रही हूँ ताकि: *सार्वजनिक वित्त का उपयोग करके किफ़ायती आवास का निर्माण कर सकूँ। हमारी स्वास्थ्य सेवा और अप्रवासियों पर Trump के हमलों का मुकाबला कर सकूँ। मेहनती California वासियों की पेंशन की रक्षा कर सकूँ। बच्चों और परिवारों के वित्तीय भविष्य में निवेश कर सकूँ।* मुझे गवर्नर Gavin Newsom, सीनेटर Alex Padilla, सीनेटर Adam Schiff और पूर्व स्पीकर Nancy Pelosi का समर्थन प्राप्त है। मुझे California के 450,000 से अधिक शिक्षकों का समर्थन और अनुमोदन भी प्राप्त है। California के अग्निशामक, प्राथमिक प्रतिक्रियाकर्ता और स्वास्थ्यकर्मी भी मेरी उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं और मुझे उम्मीद है कि आप भी उनका समर्थन करेंगे। एक महिला व्यवसायी के रूप में, मैंने दशकों तक आवासीय समुदाय बनाने, बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण का उपयोग करने और परिणाम देने में बिताए हैं। California के 50वें लेफ्टिनेंट गवर्नर और Obama प्रशासन के पूर्व राजनयिक के रूप में, मैंने राज्य की कुछ सबसे कठिन चुनौतियों के समाधान के लिए वास्तविक दुनिया की वित्तीय विशेषज्ञता का योगदान दिया है। मैंने स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित रोज़गार सृजित किए हैं, सार्वजनिक भूमि का प्रबंधन किया है, और विद्यार्थियों और परिवारों के लिए लागतों को कम करने में मदद करने के लिए कॉलेज परिसरों में 60,000 से अधिक नए बिस्तरों को मंजूरी देने के लिए मतदान किया है। मैं लोकतंत्र के लिए एक प्रबल योद्धा हूँ। मैं Donald Trump द्वारा आप्रवासी समुदायों और महिलाओं की प्रजनन स्वतंत्रता पर किए जा रहे हमलों के खिलाफ अग्रिम पंक्ति में हूँ—और साथ ही साथ हमारे पर्यावरण और California की मूल मान्यताओं की रक्षा भी कर रही हूँ। *EleniForCA.com*

2443 Fillmore Street #300, San Francisco, CA 94115 | ईमेल: info@eleniforca.com
Instagram: @eleniforca | X: @eleniforca



### Glenn Turner | ग्रीन

नरसंहार से अपना नाता तोड़िये! राज्य पेंशन निधियों (CalSTRS और CalPERS) में $3 बिलियन से अधिक राशि मौजूद है जो इज़राइल के साथ व्यापार करने वाली कंपनियों में निवेश की गई है; California के कोषाध्यक्ष इन कंपनियों के बोर्डों में शामिल हैं। हमें इज़रायल, हथियार निर्माताओं और जीवाश्म ईंधनों से अपना निवेश वापस लेना होगा। हमें अरबपतियों पर टैक्स, विद्यार्थियों के ऋण में छूट, उच्च वेतन, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास के वित्तपोषण में सहायता के लिए सार्वजनिक बैंक और 99% के लिए एक सुरक्षा जाल की आवश्यकता है। एक सेवानिवृत्त लघु व्यवसाय की मालकिन (30+ वर्षों के अनुभव के साथ) के तौर पर, मैं 5—10 वर्षों के लिए आगे की योजना बनाती हूँ और पैसे पर सावधानीपूर्वक नज़र रखती हूँ। हमें भविष्य के लिए योजना बनानी चाहिए, न कि मितव्ययिता के लिए। *LeftUnitySlate.org* पर मतदान करें। अधिक जानकारी के लिए: *GlennTurner26.org* पर जाएँ

P.O. Box 7005, Berkeley, CA 94707 | टेलीफ़ोन: (510) 527-2855
ईमेल: glennturnerforstatetreasurer@gmail.com

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## कोषाध्यक्ष



### David Serpa | रिपब्लिकन

*पति। पिता। भूतपूर्व सैनिक। व्यवसायी। अत्यधिक टैक्स से पीड़ित नागरिक। www.serpaforCA.com*

टेलीफ़ोन: (951) 691-7798 | ईमेल: davidserpahomes@gmail.com
Facebook: https://www.facebook.com/DavidSerpaforThePeople?mibextid=wwXIfr
TikTok: tiktok.com/@davidserpaforcalifornia



### Jennifer Hawks | रिपब्लिकन


मैं पेशेवर राजनीतिज्ञ नहीं हूँ, और यही वह दृष्टिकोण है जिसके कारण मैं California राज्य के कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रही हूँ। 1983 से Silicon Valley में रहने वाले एक निवासी के रूप में, मैंने California को विकसित होते, नवपरिवर्तन करते और तेजी से जटिल वित्तीय चुनौतियों का सामना करते हुए देखा है। मैंने यहीं अपने परिवार का पालन-पोषण किया, बड़े संगठनों में काम किया और सामुदायिक और सार्वजनिक बोर्डों में अपनी सेवाएँ दीं, जहाँ बजट को संतुलित रखना पड़ता था और निर्णयों के वास्तविक परिणाम होते थे। उन अनुभवों ने मुझे सिखाया कि केवल अच्छे इरादे होना ही काफी नहीं होता। कुशल वित्तीय प्रबंधन के लिए अनुशासन, कार्य निष्पादन और जवाबदेही भी आवश्यक है। California की वित्तीय चुनौतियाँ रातों-रात पैदा नहीं हुईं। ये उन फैसलों का नतीजा हैं जो वर्षों से पर्याप्त जांच-पड़ताल या दीर्घकालिक अनुशासन के बिना लिए गए हैं। मैं बारीकियों पर ध्यान देने वाली और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हूँ, और मेरा मानना है कि कोषाध्यक्ष का यह दायित्व है कि वह कठिन प्रश्न पूछे, धन के लेन-देन पर नजर रखे और जब कोई बात समझ में न आए तो जनता को स्पष्ट उत्तर प्रदान करे। ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता केवल नारे नहीं हैं; ये इस पद के लिए आवश्यक कर्तव्य हैं। कोषाध्यक्ष कार्यालय को करदाताओं, स्थानीय सरकारों और निवेशकों के लिए कठोर निगरानी, मापने योग्य प्रदर्शन मानकों और पूर्ण पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिए। कोषाध्यक्ष के रूप में, मैं California की वित्तीय नींव को मजबूत करने के लिए गहन लेखा-परीक्षण, स्पष्ट रिपोर्टिंग और व्यावहारिक वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दूंगी। यह कार्यालय सार्वजनिक धन की सुरक्षा के लिए बनाया गया है, जो राजनीतिक एजेंडों से स्वतंत्र है। मेरा ध्यान इस बात पर रहेगा कि California के लोगों के लिए सबसे अच्छा क्या है। ज़िम्मेदारी भरा प्रबंधन, जवाबदेही और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता। Jennifer Hawks को मतदान दें *www.hawksforus.com*

P.O. Box 60415, Palo Alto, CA 94306 | टेलीफ़ोन: (650) 305-5003
ईमेल: jennifergogop@yahoo.com

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## कोषाध्यक्ष



**Tony Vazquez** | डेमोक्रेटिक

California को अपनी कुछ सबसे कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में वित्तीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की निगरानी करने के लिए मजबूत वित्तीय जवाबदेही, सावधानीपूर्वक प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल और सभी वित्तीय समीक्षाओं में निष्पक्ष रहने का दृढ़ संकल्प होना आवश्यक है। पिछले 40 वर्षों से मैंने अपना जीवन California की उन्नति के लिए समर्पित किया है। मैं शैक्षिक और सामुदायिक संस्थाओं, स्थानीय और नगरपालिका प्रशासन में सक्रिय रहा हूँ, जिसमें मैंने Santa Monica के नगर परिषद सदस्य और मेयर के रूप में काम किया है, और California समानता बोर्ड के सदस्य के रूप में राज्यव्यापी प्रतिनिधित्व किया है। कई वर्षों से मैं BOE के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हूँ और राज्य भर के करदाताओं और राज्य के सबसे अधिक आबादी वाले ज़िले 3 के करदाताओं का प्रतिनिधित्व करते हुए Franchise Tax Board में भी रहा हूँ। मेरा मानना है कि California के सामने इस समय सबसे बड़ी प्राथमिकता किफ़ायती आवास है। इस चुनौती का सामना करने के लिए, BOE में मैंने अपनी छूट प्रक्रियाओं, प्रथाओं और कार्यविधियों के लिए एक सरलीकरण और दक्षता परियोजना शुरू की और कम आय वाले आवास आवेदकों को संपत्ति टैक्स में छूट का दावा करने का तरीका बताने के लिए एक शैक्षिक अभियान शुरू किया। मैं अपनी उम्मीदवारी के साथ California के हित में सर्वोत्तम दृष्टिकोण प्रस्तुत करता हूँ। मुझे California बहुत पसंद है। यहाँ की अनूठी वैश्विक आबादी विविधता और इसकी प्राकृतिक सुंदरता सभी आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। यदि मैं California राज्य का कोषाध्यक्ष चुना जाता हूँ, तो मैं सटीक वित्तीय निगरानी, मुख्य चुनौतियों के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने और California को उसकी सभी वित्तीय चुनौतियों का सामना करने और उनसे आगे निकलने में मदद करने के लिए पेशेवरों की एक सर्व-प्रतिभाशाली टीम विकसित करने पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करूंगा।

12501 Imperial Hwy., Ste. 200, Norwalk, CA 90650 | टेलीफ़ोन: (310) 664-8949
ईमेल: vazquez4treasurer@tonyvazquez.org | Facebook: tonyvazquezca | X: @tonyvazquezca

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## महान्यायवादी

- राज्य के कानून अधिकारी के रूप में यह सुनिश्चित करते हैं कि राज्य के कानूनों का प्रवर्तन किया जाता है और धोखाधड़ी या अवैध गतिविधियों की जाँच की जाती है।
- न्याय विभाग के प्रमुख होते हैं जो राज्य सरकार को कानूनी सेवाएँ प्रदान करता है और दीवानी और आपराधिक अदालती मामलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- काउंटी ज़िला अटॉर्नी और शेरिफ सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियों का निरीक्षण करते हैं।



### Marjorie Mikels | ग्रीन

मैं एक वकील हूँ, मैंने UCLA से कानून में डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की है, मुझे California, नौवें सर्किट और संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में वकालत करने का लाइसेंस प्राप्त है, और मुझे लेफ्ट यूनिटी स्लेट और ग्रीन पार्टी का समर्थन प्राप्त है। न्याय और जवाबदेही का समर्थन करते हुए, मेरी प्राथमिकताएँ हैं: लोकतंत्र को कायम रखना और मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में मुकदमा चलाना; कक्षाओं/हर जगह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करना/सेंसरशिप रोकना; मीडिया और हमारी जिंदगियों पर बड़ी तकनीकी कंपनियों के कब्ज़े को रोकना; जीवाश्म ईंधन/परमाणु ऊर्जा से स्वच्छ नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तीव्र संक्रमण लागू करना; सभी लोगों और सभी अधिकारों के लिए वास्तविक सुरक्षा को सुनिश्चित करना; सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देना, अरबपतियों पर टैक्स लगाना और गरीबी को समाप्त करने के लिए सैन्य खर्च कम करना; ICE और साम्राज्यवाद को रोकना; फासीवाद का मुकाबला करना! और अधिक प्रेरणा: <*marjoriemikels4justice.com*>

3542 Fruitvale Ave., #129, Oakland, CA 94602
ईमेल: m4justice2026@gmail.com



### Michael E. Gates | रिपब्लिकन

California के परिवारों को फिर से सुरक्षित रहने का अधिकार है। अपराध बढ़ रहा है, आवासहीनता बेकाबू हो रही है, करदाताओं के पैसों की धोखाधड़ी बड़े पैमाने पर हो रही है, और हमारे बच्चों—विशेषकर युवा लड़कियों— को सुरक्षा नहीं दी जा रही है। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय को कानून लागू करने और परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, न कि राजनीति खेलने पर। मैं एक पति और पांच बच्चों का पिता हूँ, और हर माता-पिता की तरह, मैं चाहता हूँ कि हमारे बच्चे सुरक्षित समुदायों में पले-बढ़े। इसीलिए जनता की सुरक्षा हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। Huntington Beach के सिटी अटॉर्नी के रूप में, मैंने लोगों के लिए संघर्ष किया है। मैंने एक शहरी आपराधिक अभियोजक प्रोग्राम बनाया जिसने जीवन की गुणवत्ता से जुड़े अपराधों पर मुकदमा चलाया और अपराध को दो अंकों की दर से कम किया। हमने यह साबित कर दिया कि जब कानून लागू किया जाता है, तो समुदाय समृद्ध होते हैं। अटॉर्नी जनरल के रूप में, मैं सभी अपराधों पर मुकदमा चलाकर, जिसमें प्रस्ताव 36 को लागू करना भी शामिल है, अपराध को फिर से अवैध बनाऊंगा, और अपराधियों को जवाबदेह ठहराते हुए बेघर लोगों को सड़कों से हटाकर इलाज के लिए भेजकर आवासहीनता की समस्या का समाधान करने के लिए कानून का उपयोग करूंगा। मैं पुलिस के लिए खड़ा रहूँगा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों का समर्थन करूंगा और जब उन पर अनुचित रूप से हमला किया जाएगा तो उनका बचाव करूंगा। मैं Huntington Beach में अपराध और आवासहीनता को कम करने वाले सिद्ध प्रोग्रामों को California के अन्य शहरों में भी लागू करूंगा। मैं Sacramento में धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के मामलों पर सख्ती से मुकदमा चलाऊंगा, माता-पिता के अधिकारों की रक्षा करूंगा, लड़कों को लड़कियों के खेलों से दूर रखने वाले कानूनों को लागू करूंगा और मतदाता पहचान पत्र का समर्थन करूंगा। यह एक गंभीर पद है। मैं आम California वासियों के लिए संघर्ष करूंगा और California में जवाबदेही और सुरक्षा वापस लाऊंगा। अधिक जानकारी के लिए *www.Gates4AG.com* पर जाएँ।

ईमेल: info@gates4ag.com | X: https://x.com/MichaelGatesESQ | Instagram: https://www.instagram.com/michael.e.gates/

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## बीमा कमिश्नर

- बीमा विभाग के प्रमुख, जो California के बीमा कानूनों को लागू करते हैं और कानूनों को लागू करने में विनियमों का पालन करते हैं।
- बीमा कंपनियों को लाइसेंस देते हैं, उनका विनियमन और परीक्षण करते हैं।
- बीमा उद्योग के बारे में जनता के प्रश्नों और शिकायतों का उत्तर देते हैं।

---



### Patrick Wolff | डेमोक्रेटिक

California बीमा संकट से जूझ रहा है। हमें इस समस्या को हल करने के लिए एक ऐसे बीमा कमिश्नर की आवश्यकता है जिसे पास बीमा और वित्तीय मामलों की गहरी विशेषज्ञता प्राप्त हो — न कि ऐसे व्यक्ति की जो उस राजनीति का हिस्सा हो जिसने इस समस्या को जन्म दिया है। मैं कोई राजनीतिज्ञ नहीं हूँ, और अगर निर्वाचित हुआ तो यह एकमात्र निर्वाचित पद होगा जिसके लिए मैं चुनाव लड़ूंगा। 2001 से 2005 तक, मैंने एक प्रमुख बैंक में काम किया जहाँ मैंने घर और ऑटो बीमा ब्रोकरेज की एक फर्म की स्थापना की। 2005 से, मैंने एक वित्तीय विश्लेषक के रूप में काम किया है, जहाँ अन्य क्षेत्रों के अलावा, मैंने बीमा बाजारों और कंपनियों का विश्लेषण किया है। मुझे बीमा प्रणाली की पूरी जानकारी है, और मैं हमारी बीमा प्रणाली को निष्पक्ष, कुशल और पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ। बीमा कमिश्नर का ग्राहकों का हिमायती होना ज़रूरी है और यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि बीमा विभाग *कभी भी* बीमा कंपनियों के प्रभाव में न आए। मेरा अभियान बीमा कंपनियों या जीवाश्म ईंधन कंपनियों से किसी भी प्रकार का पैसा स्वीकार नहीं करता है, और मैं कभी भी कॉर्पोरेट या विशेष हितों से उपहार स्वीकार नहीं करूंगा। 1997 में कॉलेज से स्नातक होने से पहले, मैं एक चैंपियन शतरंज खिलाड़ी था: मैं शतरंज ग्रैंडमास्टर बना और दो बार यूएस शतरंज चैंपियन रहा। मुझे कठिन और जटिल परिस्थितियों में लड़ना और जीतना आता है और मैं इन कौशलों को बीमा कमिश्नर की भूमिका में लाऊंगा। आप बीमा संकट को हल करने की मेरी विस्तृत योजना यहाँ पढ़ सकते हैं: *https://patrickwolff.com/my-plan*. मुझे आपका मतदान पाकर बहुत खुशी होगी, और आपके बीमा कमिश्नर के रूप में, मैं *आपके* पक्ष में एक Wolff बनकर खड़ा रहूँगा। *https://patrickwolff.com/*

3450 Sacramento St. #430, San Francisco, CA 94118 | टेलीफ़ोन: (415) 323-6537 | ईमेल: patrick@patrickwolff.com
Instagram: https://www.instagram.com/wolffonyourside/ | X: https://x.com/WolffOnYourSide

---

*कोई फोटो सबमिट नहीं किया गया*

### Stacy A. Korsgaden | रिपब्लिकन

Stacy Korsgaden एक लाइसेंस प्राप्त बीमा पेशेवर (लाइसेंस #0750748), जो एक छोटे व्यवसाय की मालकिन और आजीवन California की निवासी हैं, बीमा कमिश्नर के पद के लिए चुनाव लड़ रही हैं ताकि एक प्रतिस्पर्धी बीमा बाजार को बढ़ावा दिया जा सके जो उपभोक्ताओं के लिए काम करे, न कि नौकरशाहों के लिए। लगभग 40 वर्षों से, वह परिवारों, बुज़ुर्गों, किसानों और छोटे व्यवसायों के साथ सीधे तौर पर काम कर रही हैं, जिससे उन्हें अपने घरों, आजीविका और भविष्य की रक्षा करने में मदद मिल रही है। उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है कि कैसे अत्यधिक नियम लागू करना, बाजार विकृति और नियामक विफलता ने उपभोक्ताओं के लिए बहुत कम विकल्प और बढ़ी हुई कीमतें छोड़ दी हैं। Korsgaden इस काम में विचारधारा नहीं, बल्कि वास्तविक दुनिया का अनुभव लेकर आती हैं। बीमा कमिश्नर के रूप में, Stacy एक स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार के लिए संघर्ष करेंगी जो प्रतिस्पर्धा को बहाल करेगा। उनका उद्देश्य सरल है: कम लागत, अधिक विकल्प और एक स्वस्थ बीमा बाजार जो वास्तव में उपभोक्ताओं के लिए काम करे। Stacy Korsgaden आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हैं कि आप California बीमा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, जवाबदेही और व्यावहारिक समझ को वापस लाने के लिए उन्हें अपना मतदान दें।

PO Box 972, Grover Beach, CA 93483 | टेलीफ़ोन: (805) 710-0732
ईमेल: stacy@stacykorsgaden.com | X: @SKorsgaden | Facebook: Stacy Korsgaden for California Insurance Commissioner

---

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## बीमा कमिश्नर



### Jane Kim | डेमोक्रेटिक

बीमा कमिश्नर को आपके लिए कीमतें कम करने के लिए काम करना चाहिए, न कि उद्योग के लिए मुनाफा बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। इसीलिए मैं बीमा उद्योग से कभी भी एक पैसा भी कभी नहीं लूंगी। फिलहाल, बीमा प्रणाली पूरी तरह से टूटी हुई है। बीमा कंपनियाँ हमारी दरें बढ़ाती जाती हैं, हमारी कवरेज रद्द कर देती हैं और हमारे दावों को खारिज कर देती हैं, जबकि वे रिकॉर्ड तोड़ मुनाफा कमा रही हैं। बीमा कमिश्नर के रूप में, मैं *अत्यधिक मुनाफे पर रोक लगाऊंगी* और दावा दायर किए जाने पर *आपकी दरों को स्थिर रखूंगी*। मैं *सभी के लिए एक सार्वजनिक आपदा बीमा* प्रोग्राम बनाऊंगी ताकि आग, बाढ़ या भूकंप जैसी आपदाओं के समय हम सुरक्षित रहें। मैं *अवैध मूल्य निर्धारण* पर कड़ी कार्रवाई करूंगी, बीमा कंपनियों को कवरेज से इनकार करने के लिए क्रेडिट स्कोर का उपयोग करने से रोकूंगी, और California में *हर बच्चे के लिए सुनिश्चित स्वास्थ्य देखभाल* के लिए संघर्ष करूंगी। मैं एक नागरिक अधिकार वकील, आयोजक और उपभोक्ता अधिवक्ता हूँ, और मैं जानती हूँ कि बड़ी चुनौतियों का सामना कैसे करना है और कामकाजी परिवारों के लिए जीत कैसे हासिल करनी है। San Francisco के निर्वाचित पर्यवेक्षक के रूप में, मैंने *सार्वभौमिक शुल्क-मुक्त कम्युनिटी कॉलेज*, California में *पहली बार $15 न्यूनतम मजदूरी*, और *किफ़ायती आवास के रिकॉर्ड स्तर* हासिल किए। मुझे जैसे राज्य और राष्ट्रीय नेताओं जैसे अमेरिकी सीनेटर Bernie Sanders, नियंत्रक Malia Cohen, शिक्षकों, और स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों का समर्थन प्राप्त हुआ है क्योंकि वे जानते हैं कि मैं *आपके* लिए संघर्ष करूंगी। अब समय आ गया है कि एक ऐसी बीमा प्रणाली बनाई जाए जो *सभी* कामकाजी परिवारों के लिए काम करे, और आपका मतदान प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। अधिक जानकारी के लिए *JaneKim.org* पर जाएँ।

371 Lakeport Blvd. #391, Lakeport, CA 95453
ईमेल: info@janekim.org | Instagram: @janekim | Facebook: https://www.facebook.com/JaneKimCA



### Sean Lee | रिपब्लिकन

Sean Lee एक वित्तीय सेवा कार्यकारी हैं जो California के उपभोक्ताओं, परिवारों, घर के मालिकों, वरिष्ठ नागरिकों और छोटे व्यवसायों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दो दशकों से अधिक समय से, Lee ने व्यक्तियों और व्यवसाय मालिकों को बीमा कवरेज को समझने, वित्तीय जोखिमों का प्रबंधन करने और सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद की है। उन्होंने बढ़ते हुए प्रीमियमों का सामना कर रहे परिवारों, विश्वसनीय संरक्षण की तलाश कर रहे घर के मालिकों और वित्तीय सुरक्षा को लेकर चिंतित वरिष्ठ नागरिकों के साथ काम किया है। अपने करियर के शुरुआती दौर में, Lee ने Caltech के माध्यम से JPL / NASA में वैज्ञानिक अनुसंधान का आयोजन किया, जिससे जटिल समस्याओं के विश्लेषण के लिए एक अनुशासित, डेटा-आधारित दृष्टिकोण विकसित हुआ। बाद में उन्होंने अपने उन विश्लेषणात्मक कौशलों का इस्तेमाल बीमा और वित्तीय सेवा उद्योगों में किया। Lee का मानना है कि बीमा कमिश्नर का एक स्वतंत्र नियामक होना ज़रूरी है जो उचित बीमा दरों, नीति की स्पष्ट भाषा और मजबूत उपभोक्ता संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करे। वह बीमा प्रथाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी निगरानी का समर्थन करते हैं। Lee कृत्रिम बुद्धिमत्ता और InsurTech सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के ज़िम्मेदारी भरे उपयोग का भी समर्थन करते हैं, ताकि दक्षता में सुधार हो सके और धोखाधड़ी से निपटा जा सके। *अगर निर्वाचित होते हैं, तो Sean Lee उपभोक्ताओं की रक्षा करने और California के बीमा बाजार को मजबूत बनाने के लिए अथक प्रयास करेंगे।*

300 Spectrum Center Drive, #400, Irvine, CA 92618 | टेलीफ़ोन: (213) 568-5515 | ईमेल: SeanLI@antai.us
Linkedin: www.linkedin.com/in/sean-lee-phd-0556624b/ | Facebook: www.facebook.com/ad.lee.39

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य


## बीमा कमिश्नर



### Ben Allen | डेमोक्रेटिक

7 जनवरी, 2025 को, मेरे घर से कुछ ही मील दूर पैलिसेड्स की आग भड़क उठी, जिसने उस समुदाय को तबाह कर दिया जिसका मैं एक दशक से अधिक समय से राज्य सीनेट में प्रतिनिधित्व कर रहा हूँ। सैकड़ों ऐसे मतदाताओं की मदद करना जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया था और उन्हें बीमा दावों को सफलतापूर्वक निपटाने में सहायता करते हुए, मुझे हमारी टूटी हुई बीमा प्रणाली को करीब से देखने का मौका दिया। धुएं, राख और अनिश्चितता के बीच खड़े होकर मैंने असफलता का असली रूप देखा। California को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसीलिए मैं बीमा कमिश्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ: ताकि उपभोक्ताओं की रक्षा कर सकूं, पर्यावरण को सुरक्षित रख सकूं और सरकार को उन लोगों के प्रति जवाबदेह बना सकूं जिनकी वह सेवा करती है। California को ऐसे नेताओं की ज़रूरत है जिनमें परिणाम देने का दृढ़ संकल्प हो और जिनका सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड हो। जनहित में काम करने का मेरा लंबा और सफल इतिहास रहा है: राज्य सीनेट में, मैंने बीमा उद्योग के लॉबिस्टों का सामना किया है, देश के कुछ सबसे मजबूत उपभोक्ता संरक्षण कानूनों को पारित करवाया है, और जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम, जल संबंधी बुनियादी ढांचों में सुधार और जलवायु में परिवर्तन से निपटने के लिए $10 बिलियन के निवेश के प्रयासों का नेतृत्व किया है। बीमा कमिश्नर के रूप में, मेरी #1 (सर्वोच्च) प्राथमिकता उपभोक्ताओं को सबसे पहले/आगे रखने की होगी। इसका मतलब है: *प्रदूषण फैलाने वालों को जवाबदेह ठहराना: मैं कॉर्पोरेट दुनिया के प्रदूषण फैलाने वालों को जलवायु को नुकसान पहुंचाने के लिए आर्थिक रूप से ज़िम्मेदार ठहराऊंगा जिनके कारण बीमा लागतें बढ़ जाती है। आपदाओं के बाद उचित व्यवहार: मैं उपभोक्ताओं की रक्षा करूंगा और बीमा कंपनियों से तेजी से और मजबूत पुनर्निर्माण में सहायता करने की अपेक्षा करूंगा। भविष्य की आपदाओं को रोकना: मैं वनस्पति और वन प्रबंधन प्रोग्रामों को तेज करूंगा जिससे आग लगने का खतरा कम होगा और आपकी बीमा लागतों में कमी आएगी। उद्योग के प्रभाव से मुक्त: मैं बीमा उद्योग से मिलने वाले चुनावी चंदे को लेने से इनकार कर रहा हूँ।* मैं अमेरिकी सीनेटर Adam Schiff जैसे नेताओं, California एनवायरनमेंटल वोटर्स, California प्रोफेशनल फायरफाइटर्स, और California फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स का समर्थन पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। मुझे आशा है कि आप भी मेरा समर्थन करेंगे। *benallenca.com*

1700 Tribute Rd., Suite 201, Sacramento, CA 95815 | टेलीफ़ोन: (805) 334-0154
ईमेल: info@benallenca.com | Instagram: @benallenca | X: @BenAllenCA



### Robert P Howell | रिपब्लिकन


Los Angeles में आग लगने की घटनाओं से कई साल पहले, मैंने चेतावनी दी थी कि California की बीमा प्रणाली उन लोगों को सुरक्षा प्रदान करने में असफल हो रही है जिनकी रक्षा करना उसका दायित्व था। आज वह विफलता दुखद और निर्विवाद दोनों ही है। California की बीमा प्रणाली टूट चुकी हो चुकी है, और यह रातों-रात खराब नहीं हुई है। बीमा कंपनियाँ कई वर्षों से बहुत कम निगरानी के तहत काम कर रही हैं। नियामक बस तटस्थ भाव से बैठे हैं, जबकि नीतियाँ रद्द की जा रही हैं, कवरेज कम की जा रही हैं और प्रीमियमों को बढ़ाया जा रहा है। California वासी हर काम सही तरीके से करते हैं। वे अपना प्रीमियम अदा करते हैं और नियमों का पालन करते हैं। लेकिन फिर भी जब उन्हें तत्काल कवरेज की ज़रूरत होती है, तो सिस्टम उन्हें निराश कर देता है। बीमा क्षेत्र के अंदरूनी सूत्रों के प्रति वफादार पेशेवर राजनेताओं ने इन समस्याओं को जन्म दिया है। मैं बीमा कंपनी से *कभी भी* राजनीतिक चंदे न लेने की शपथ खाता हूँ। मैं एक पति, पिता और दादा हूँ। मैं एक ऐसा व्यवसायी हूँ जो वास्तविक दुनिया में वहनीयता को समझता है। Silicon Valley स्थित एक साइबर सुरक्षा विनिर्माण कंपनी के CEO के रूप में, हम अमेरिकी कर्मचारियों को रोज़गार देते हैं और लागत-प्रभावी बजट का प्रबंधन करते हैं। बीमा कमिश्नर के पद के लिए Robert Howell को मतदान देने से उपभोक्ताओं के लिए एक स्वतंत्र निगरानी संस्था की गारंटी मिलेगी। मैं बीमा कंपनियों को नियमों के प्रति जवाबदेह ठहराऊंगा और अनुचित प्रथाओं को चुनौती दूंगा। मैं अनुचित तरीके से रद्द किए जाने और अनुचित दर वृद्धि से पॉलिसीधारकों को बचाने के लिए "बीमा भुगतानकर्ताओं के अधिकारों का विधेयक" लागू करूंगा। हमें एक ऐसे बीमा कमिश्नर की आवश्यकता है जो कानून को लागू करे और जनता के प्रति जवाबदेह हो। California के आम नागरिकों को सर्वोपरि प्राथमिकता मिलनी चाहिए। मैं उस ज़िम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेता हूँ। *California के बीमा कमिश्नर पद के लिए कृपया Robert Howell को मतदान करें।* वैसे . . . 2022 में बीमा कमिश्नर के पद के लिए 5.4 मिलियन से अधिक California वासियों ने Robert Howell को वोट दिया था। इस बार, आइए मिलकर जीत हासिल करें! *ElectRobertHowell.com CRAgop.org*

1145 Ardsley Ct., San Jose, CA 95120 | टेलीफ़ोन: (408) 629-7600
ईमेल: robert.howell@reagan.com | electroberthowell.org

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## बीमा कमिश्नर



### Eduardo “Lalo” Vargas | पीस एंड फ्रीडम

हर साल California वासी कम कवरेज के लिए अधिक बीमा प्रीमियमों का भुगतान करते हैं। मैं बीमा दरों को स्थिर रखने और प्रीमियम कम करने, शोषण करने वाली दावा प्रक्रियाओं के लिए बीमा अधिकारियों की जांच करने और उन्हें जवाबदेह ठहराने, और एक ऐसी सार्वजनिक बीमा प्रणाली के लिए लड़ने का संकल्प लेता हूँ जो सभी के लिए पूर्ण और निष्पक्ष कवरेज की गारंटी देती है। एक समाजवादी, विज्ञान शिक्षक, यूनियन आयोजक, पूर्व अग्निशामक और EMT के रूप में—मुझे आम लोगों की सेवा करने और उनके हितों को सर्वोपरि रखने का व्यापक अनुभव है। समाजवादी 2026 को वोट दें! *LeftUnitySlate.org* को वोट दें।

टेलीफ़ोन: (213) 770-8485 | ईमेल: info@lalovargas4ca.com
lalovargas4ca.com | @lalovargas4ca



### Merritt Farren | रिपब्लिकन


मैं Merritt Farren हूँ, California में लगी जंगल की आग से बचा व्यक्ति, Amazon का पूर्व वकील और Disneyland Resort में कानूनी, मेहमानों के दावों और सुरक्षा संचालन का पूर्व प्रमुख। Pacific Palisades की आग में मेरा घर जल गया और मैंने खुद भुगता है कि हमारी बीमा प्रणाली कितनी खराब है। आग लगने के बाद, मैंने उपभोक्ता हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए State Farm की दर-वृद्धि की कार्यवाहियों में भाग लिया। California बीमा संकट से बुरी तरह जूझ रहा है। हम में से लाखों लोग—व्यक्ति, परिवार, और व्यवसाय—अपनी ज़रूरत का बीमा नहीं करवा पाते हैं। जो लोग सक्षम हैं, उन्हें बढ़ती हुई लागतों का सामना करना पड़ रहा है, और उपभोक्ताओं के साथ व्यवहार लगातार खराब होता जा रहा है। यह कैसे संभव है? California समस्या के नवोन्मेषी समाधान के लिए विश्व का महान केंद्र है। हमारा निजी क्षेत्र बेजोड़ है। लेकिन जब बीमा सुधार की बात आती है, तो हमारी सरकार हमें निराश कर चुकी है। मुझे दुनिया की दो सबसे नवोन्मेषी और ग्राहक-केंद्रित कंपनियों: Amazon और Disney में काम करने का अनुभव है। दोनों इस बात को समझते हैं कि ग्राहक को प्राथमिकता देना सफलता को सीमित नहीं करता; बल्कि यह सफलता को आगे बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है। मैंने ग्राहक-केंद्रित नवाचार से जो ज्ञान प्राप्त किया है, उसे मैं California के बीमा नियमों में लागू करना चाहता हूँ। केवल सतही/ऊपरी बदलाव नहीं। बल्कि वास्तविक सुधार। ऐसा सुधार जो आपके बीमा विकल्पों को बढ़ाता है, आपकी लागतों को कम करता है, और आपके परिवार को सुरक्षित रखता है। मुझे बीमा कमिश्नर के रूप में चुनें, और आप देखेंगे कि हमें घर, स्वास्थ्य, व्यवसाय और वाहनों के बीमा में किस प्रकार की साहसिक सोच और निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। और हाँ, मैं खुद को California की मान्यताओं का समर्थक उम्मीदवार मानता हूँ। मैं उन चीजों को सबसे अधिक महत्व देता हूँ जिन्हें California वासी सबसे ज्यादा महत्व देते हैं: आशावाद, रचनात्मकता, व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी, हमारे समुदायों की सुरक्षा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और दूसरों के प्रति सहानुभूति। धन्यवाद, Merritt

26565 West Agoura Road, Suite 200, Calabasas, CA 91302 | ईमेल: Merritt@MerrittFarrenca.com
@MerrittFarrenCA | Facebook: www.facebook.com/MerrittFarrenCA

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## बीमा कमिश्नर



### Steven Craig Bradford | डेमोक्रेटिक

Steven Bradford California के बीमा बाजार में स्थिरता, निष्पक्षता और वहनीयता बहाल करने के लिए California बीमा कमिश्नर के पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व राज्य सीनेट के सदस्य और लोक सेवक Bradford इस महत्वपूर्ण भूमिका में सरकार और नीति निर्माण में दशकों का अनुभव लेकर आए हैं, जिसमें राज्य विधानमंडल की बीमा समिति में सेवा करना भी शामिल है, जहाँ उन्होंने जटिल नियामक चुनौतियों पर आम सहमति बनाने में मदद की। Bradford का मानना है कि किसी भी California वासी को मानव निर्मित या प्राकृतिक आपदा के बाद वित्तीय तबाही का सामना नहीं करना चाहिए, और वह बाजारों को स्थिर करने, बीमा को अधिक किफायती बनाने और बीमा कंपनियों को California वासियों को बीमा कवरेज से बाहर करने से रोकने के लिए बीमाकर्ताओं, नियामकों, स्थानीय सरकारों और उपभोक्ताओं के साथ मिलकर काम करेगा। Steve की योजना में बीमा मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता लाना, अपने घरों की सुरक्षा करने वाले लोगों को पुरस्कृत करना, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में बीमा बाजार का पुनर्निर्माण करना और दरों को उचित बनाना शामिल है। Bradford सबसे अधिक जोखिम पर होने वाले लोगों के लिए सुरक्षित स्थानांतरण का समर्थन करेंगे, बीमा विभाग का आधुनिकीकरण करेंगे और समानता को सर्वोपरि रखेंगे। अपने पूरे करियर के दौरान, Bradford ने कामकाजी परिवारों, स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच, आर्थिक अवसर और उपभोक्ता संरक्षण के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच को बढ़ाने, वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और राज्य भर में समुदायों की रक्षा करने के लिए कानून बनाए हैं, और उपेक्षित California वासियों को ऊपर उठाने का उनका एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। यही कारण है कि Bradford को जमीनी स्तर के डेमोक्रेट्स, टीमस्टर्स, निर्माण श्रमिकों और राज्य सचिव Shirley Weber, राज्य कोषाध्यक्ष Fiona Ma, सांसद Adam Gray, पूर्व राज्य सीनेट अध्यक्ष Toni Atkins जैसे नेताओं का समर्थन प्राप्त है—क्योंकि वे उनके नेतृत्व, ईमानदारी और जवाबदेही और एक सुचारू रूप से काम करने वाले बीमा बाजार के लिए उनकी अथक कोशिशों को मान्यता देते हैं। 2 जून तक, Steve Bradford को बीमा कमिश्नर के पद के लिए वोट दें। *www.bradfordforcalifornia.com पर और जानकारी प्राप्त करें*

ईमेल: info@bradfordforcalifornia.com
X: https://x.com/stevebradford | Facebook: https://www.facebook.com/BradfordForCalifornia/

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# CALIFORNIA समानता बोर्ड ज़िले

## प्रत्येक समानता बोर्ड ज़िले के अंतर्गत आने वाली काउंटियाँ




**ज़िला 1**

Alpine, Amador, Butte, Calaveras, Colusa, El Dorado, Fresno, Glenn, Inyo, Kern, Kings, Lassen, Madera, Mariposa, Merced, Modoc, Mono, Nevada, Placer, Plumas, Sacramento, San Bernardino, San Joaquin, Shasta, Sierra, Siskiyou, Solano, Stanislaus, Sutter, Tehama, Tulare, Tuolumne, Yolo, Yuba

**ज़िला 2**

Alameda, Contra Costa, Del Norte, Humboldt, Lake, Marin, Mendocino, Monterey, Napa, San Benito, San Francisco, San Luis Obispo, San Mateo, Santa Barbara, Santa Clara, Santa Cruz, Sonoma, Trinity, Ventura

**ज़िला 3**

Los Angeles

**ज़िला 4**

Imperial, Orange, Riverside, San Bernardino, San Diego


# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

राज्य के निर्वाचित टैक्स आयोग, समानता बोर्ड में सेवा प्रदान करते हैं, जो:

- विनियमित रेल मार्गों और विशिष्ट सार्वजनिक उपयोगिताओं की संपत्ति का आकलन करता है और निजी रेलरोड कार टैक्स का आकलन और संग्रह करता है।
- राज्य के 58 काउंटी आकलनकर्ताओं के मूल्यांकन कार्यों की निगरानी करता है।
- मादक पेय टैक्स का आकलन और संग्रह करता है, और बीमाकर्ताओं पर टैक्स का प्रबंधन संयुक्त रूप से करता है।


### ज़िला 1



**Donald E. Williamson** | डेमोक्रेटिक

35 से अधिक वर्षों का अनुभव। Donald Williamson ने 4 राज्य-स्तरीय समानता बोर्ड (B.O.E.) प्रमाणपत्र प्राप्त किए। • मूल्यांकक प्रमाणपत्र • स्थायी मूल्यांकन प्रमाणपत्र • B.O.E. उन्नत मूल्यांकन प्रमाणपत्र • B. O. E. प्रशिक्षक—मूल्यांकनकर्ताओं को प्रमाणित करने वाली कक्षाओं का शिक्षण • B.O.E. परामर्शदाता। उप मूल्यांकनकर्ता—B.O.E. उन्नत रूप से प्रमाणित। San Bernardino काउंटी के निर्वाचित मूल्यांकक—3 कार्यकाल। #1 प्राथमिकता "जनता की बेहतर सेवा"—30,000 से अधिक अग्नि के आपदा पीड़ितों की मदद की; मूल्यांकनकर्ता Williamson और उनका बेहतरीन स्टाफ़ प्रतिदिन निकासी केंद्र और क्षेत्र में मौजूद थे। आधिकारिक समायोजन प्रदान किये गये। • B.O.E. से संघर्ष किया: जीत हासिल की—शहरों, व्यवसायों, मोबाइल होम/घर के मालिकों की रक्षा की। • Victorville और Ontario में 900 से अधिक नौकरियाँ बचाई • मूल्यांकनकर्ता Donald Williamson ने वरिष्ठ नागरिकों, चर्चों, विकलांग भूतपूर्व सैनिकों, VFW—अमेरिकन लीजन्स (पूर्व सैनिकों का संगठन) को उनकी पूर्ण छूट प्राप्त करने में मदद की। • मूल्यांकनकर्ता Williamson द्वारा प्रायोजित वरिष्ठ/विकलांग मकान मालिक—किरायेदार सहायता में वृद्धि। राज्य भर में 10,000,000 वरिष्ठ नागरिकों की मदद की। • प्रस्ताव 8 और R&T कोड के अनुसार सभी अत्यधिक टैक्स आकलन कम कर दिए और फिर से ऐसा करेंगे। बजट निगरानी समिति का गठन किया गया—सभी 12 वर्षों में बजट के भीतर ही खर्च हुआ। पूर्व अध्यक्ष: Central Southern California Assessor Association भूतपूर्व सैनिक: USMC—SEMPER FI, Kiwanis: पूर्व उपराज्यपाल, 7 बार प्रेसीडेंट, अध्यक्ष: ज़रूरतमंद परिवारों के लिए भोजन प्रोग्राम, Ronald McDonald हाउस, पुनर्वास अस्पतालों, विद्यार्थियों की सहायता। Elks: संस्थापक सदस्य, अमेरिकन लीजन सदस्य। 49 वर्ष से विवाहित: पत्नी Martha. पुत्र: Dale, James और Donald II. इनका समर्थन: Yucaipa Mobilehome Residents Association के अध्यक्ष—Mark Westwood ने किया। डेमोक्रेटिक सेंट्रल कमेटी के सांसद Tim Prince द्वारा समर्थित। टीमस्टर्स AFL-CIO यूनियन के सदस्यों द्वारा समर्थित—अर्थात अग्निशामक दलों, HOD कैरियर्स, बढ़ई, इंजीनियर, कुशल कारीगर, नर्सें। इनके द्वारा समर्थित: शिक्षकों, भूतपूर्व सैनिकों, वरिष्ठ नागरिकों, मकान मालिकों और किरायेदारों। “मैं पूरे राज्य में आपकी आवाज़ बनूंगा” Donald Williamson को वोट दें राज्य समानता बोर्ड ज़िला #1

29102 Rosewood Lane, Highland, CA 92346 | टेलीफ़ोन: (909) 709-9448 | ईमेल: dwmson44@msn.com



**Nader F Shahatit** | रिपब्लिकन

मैं Nader Shahatit हूँ, एक टैक्स सलाहकार और समर्पित करदाता समर्थक, जो सभी California वासियों के लिए एक निष्पक्ष और न्यायसंगत टैक्स प्रणाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। मैं प्रस्ताव 13 की रक्षा करूंगा और हमारे टैक्स प्रशासन में आधुनिक, AI-संचालित नवाचार लाऊंगा ताकि प्रथम ज़िले और पूरे California के 10 मिलियन से अधिक निवासियों के लिए सेवाएँ आसान, तेज और अधिक सुलभ हो सकें। आपका मत आपकी आवाज़ है। मैं आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूँ कि आप मुझे राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना अपना समर्थन देने का अवसर दें।

28793 Beattie St., Highland, CA 92346 | टेलीफ़ोन: (909) 936-0515
ईमेल: shahatitnader@yahoo.com | shahatit4boe2026.com

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

### ज़िला 1



**Nelson Esparza** | डेमोक्रेटिक

Nelson Esparza एक समर्पित लोक सेवक और California के कामकाजी परिवारों के लिए एक सिद्ध समर्थक हैं। California की सेंट्रल वैली में पले-बढ़े Nelson का जीवन और करियर सभी के लिए अवसर, निष्पक्षता और आर्थिक समृद्धि के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित रहा है। एक अनुभवी शिक्षक और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के तौर पर, Nelson California के राज्य टैक्स बोर्ड में वास्तविक दुनिया की अर्थशास्त्र विशेषज्ञता लाएंगे। Fresno नगर परिषद में, वे वित्त समिति और लेखा-परीक्षण समिति के अध्यक्ष के तौर पर कार्यरत हैं—जहाँ वह प्रतिदिन जटिल वित्तीय मुद्दों से निपटते हैं। इसके अलावा, उन्होंने हमारे समुदायों के लिए सैकड़ों मिलियन डॉलर का निवेश हासिल किया है। Nelson California की टैक्स प्रणाली को निष्पक्ष बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि निगम और धनी लोग अपना उचित हिस्सा चुका रहे हैं, राज्य समतुल्यता बोर्ड के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। Nelson टैक्स संबंधी खामियों को दूर करने और टैक्स चोरी करने वालों पर नकेल कसने के लिए संघर्ष करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी स्थानीय सरकारें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सार्वजनिक सुरक्षा, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास में निवेश करना जारी रख सकें। साथ ही, वह मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्ग के परिवारों पर नए टैक्सों का विरोध करेंगे जो पहले से ही अपना गुजारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह हमारी टैक्स प्रणाली में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्ष संपत्ति टैक्स निर्धारण के लिए संघर्ष करेंगे। Nelson को हमारे जिले भर में शिक्षकों, नर्सों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों और स्थानीय, राज्य और संघीय स्तर पर कई नेताओं का समर्थन प्राप्त है—क्योंकि वे जानते हैं कि उनके पास हमारे करदाताओं के धन और हमारी सार्वजनिक सेवाओं की रक्षा करने का अनुभव और दृढ़ संकल्प है। 2 जून तक, राज्य समानता बोर्ड के लिए Nelson Esparza को वोट दें—और अधिक जानकारी के लिए *nelsonesparza.com* पर जाएं।

ईमेल: nelson@nelsonesparza.com
Facebook: facebook.com/esparzanelson | Instagram: @esparzaforBOE



**Shannon Grove** | रिपब्लिकन

क्या अब समय नहीं आ गया है कि जब आम लोगों को Sacramento में हमारी राज्य सरकार से मदद की ज़रूरत हो, तो उन्हें भी अपनी बात रखने का मौका मिले? इसीलिए मैं समानता बोर्ड के लिए चुनाव लड़ रही हूँ। यह एक ऐसा कार्यालय है जिसके बारे में शायद आपने कभी नहीं सुना होगा, जिसका काम उन लोगों की मदद करना है जिन्हें लगता है कि सरकार ने उन पर अनुचित तरीके से टैक्स लगाया है। सबसे पहले, मेरे बारे में थोड़ी सी जानकारी। मैं Kern काउंटी में पली-बढ़ी हूँ। हाई स्कूल के बाद, मैं अमेरिकी सेना में भर्ती हो गई, और अपनी सेवा पूरी करने के बाद, मैंने एक छोटा व्यवसाय शुरू किया जो स्थानीय लोगों को अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियाँ खोजने में मदद करता है। एक व्यवसायी के तौर पर, मुझे भी अंतहीन सरकारी नियमों और नौकरशाही की बाधाओं से जूझने का काफी अनुभव रहा है। बाद में, मैंने विधानसभा के लिए चुनाव लड़ा और उसमें जीत हासिल की, और फिर राज्य सीनेट के लिए भी चुनाव लड़ा और उसमें जीत हासिल की। विधानसभा में, मैं सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक मजबूत, द्विदलीय आवाज के तौर पर जाना जाती था। विशेष रूप से, मैंने बच्चों की यौन तस्करी को एक गंभीर अपराध बनाने वाले अभियान का नेतृत्व किया। इसे कानून के तौर पर पारित कर दिया गया है और अब यह हमारे सबसे संवेदनशील California वासियों की रक्षा करने में मदद करता है। मैं छोटे व्यवसाय मालिकों, किसानों और पशुपालकों की आवाज़ भी रही हूँ। ये व्यवसाय, जो अक्सर परिवारों द्वारा चलाए जाते हैं, हमारे राज्य की रीढ़ हैं। मैंने अनुचित नियमों, टैक्सों और शुल्कों को कम करने और व्यवसायों के लिए शुरुआत करना, विकास करना और अधिक लोगों को नियुक्त करना आसान बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। समानता बोर्ड में आपके प्रतिनिधि के तौर पर, मेरा लक्ष्य स्पष्ट है: यह सुनिश्चित करना कि जब आपको लगे कि आप पर अनुचित तरीके से टैक्स लगाया गया है और आपको कुछ मदद की आवश्यकता है, तो आपके पास मदद पाने के लिए कोई जगह हो। यह मेरा आपसे वादा है।


ईमेल: press@shannongroveca.com
Facebook: https://www.facebook.com/ShannonGroveForCA/ | Instagram: https://www.instagram.com/shannongrove4ca

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

### ज़िला 2



**John Pimentel** | डेमोक्रेटिक

California के परिवारों को बढ़ती हुई लागतों और एक अनुचित टैक्स प्रणाली का सामना करना पड़ रहा है। हमें निष्पक्षता, वहनीयता और जवाबदेही पर केंद्रित व्यावहारिक, संतुलित नेतृत्व की आवश्यकता है। मैं एक *व्यावहारिक सोच* रखने वाला डेमोक्रेट हूँ जो: *खाद्य पदार्थों पर बिक्री कर समाप्त करेगा।* यह प्रतिगामी है और कामकाजी परिवारों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं पर बोझ डालता है। *टैक्स संबंधी खामियों को दूर करना* ताकि बड़ी कंपनियाँ और धनी लोग अपना उचित हिस्सा चुकाएँ। *पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत बनाना* ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारी सरकार जनता के भरोसे के योग्य हो। मैंने अपने पूरे करियर में परिणाम दिए हैं। मैंने पवन, सौर, जैव ईंधन और जल पुनर्चक्रण जैसी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में $1.5 बिलियन इससे अधिक विकसित किया—जिससे हजारों श्रमिक संघों की नौकरियाँ पैदा हुईं और साथ ही ऊर्जा की लागतें भी कम हुईं। परिवहन के लिए California के उप सचिव के तौर पर मैंने अभिनव प्रोत्साहन-आधारित अनुबंधों को लागू किया, जिससे भूकंप से क्षतिग्रस्त फ्रीवेज़ का तेजी से पुनर्निर्माण हुआ, एजेंसियों का एकीकरण करके दोहराव को समाप्त किया गया और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार के लिए CHP का विस्तार किया गया। सामुदायिक कॉलेज के ट्रस्टी के तौर पर, मैंने मुफ़्त कॉलेज शिक्षा शुरू करने के प्रयासों का नेतृत्व किया। नामांकन में 24% की वृद्धि हुई और 35,000 लोगों ने कॉलेज की लागत को कम करने या अपने कौशलों और आमदनियों को बढ़ाने के लिए इस प्रोग्राम का उपयोग किया। मेरी कहानी California के वादे को दर्शाती है। मेरे दादाजी खेतिहर मजदूर थे। मेरे पिता जब किंडरगार्टन में गए तो उन्हें अंग्रेजी बिल्कुल नहीं आती थी। मेरी पीढ़ी कॉलेज से ग्रेजुएट होने वाली पहली पीढ़ी है। मैंने Stockton में सामुदायिक कॉलेज में पढ़ाई की, फिर UC Berkeley में दाखिला लिया और हार्वर्ड से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। सार्वजनिक शिक्षा ने मेरे जीवन की दिशा बदल दी। मैं इसका कर्ज चुकाना चाहता हूँ। मैं California की दोषपूर्ण कराधान और व्यय नीतियों को ठीक करने, कामकाजी परिवारों के लिए जीवन-यापन की लागत को कम करने और यह सुनिश्चित करने की योजना बना रहा हूँ कि हमारी टैक्स प्रणाली निष्पक्ष हो। *मैं सम्मानपूर्वक आपके मतदान की माँग करता हूँ।*

20 Park Road, Suite E, Burlingame, CA 94010 | टेलीफ़ोन: (650) 210-6916 | ईमेल: JPimentel2020@gmail.com
Facebook: https://facebook.com/JohnPimentelCA | Instagram: https://instagram.com/johnsmcccd/



**Sally J. Lieber** | डेमोक्रेटिक

California राज्य समानता बोर्ड में आपके प्रतिनिधि के तौर पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है, जहाँ मैं California वासियों के लिए हमारी टैक्स प्रणाली को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए काम करती हूँ। बोर्ड में रहते हुए, मैंने संपत्ति टैक्स के राहत के दायरे को बढ़ाने, भूतपूर्व सैनिकों और कम आय वाले परिवारों के लिए टैक्स क्रेडिट तक पहुंच को मजबूत करने, प्रस्ताव 19 पर सार्वजनिक जानकारी बढ़ाने और घर के मालिकों के बीमा के लिए उपभोक्ता संरक्षण को आगे बढ़ाने के लिए काम किया है। मैंने किफ़ायती आवास का समर्थन किया, संपत्ति मालिकों के लिए पहचान की चोरी से सुरक्षा का समर्थन किया, और यह सुनिश्चित किया कि बोर्ड राज्य के टैक्स कानून में बदलावों पर ज़िम्मेदारी से और कुशलतापूर्वक प्रतिक्रिया दे। मैं कॉर्पोरेट PAC से चंदा स्वीकार नहीं करती हूँ और हमेशा इस बात पर जोर दूंगी कि धनी हितधारक अपना बकाया चुकाएँ। अगले चार वर्षों में, मैं सटीक और न्यायसंगत संपत्ति टैक्स मूल्यांकन, विस्तारित करदाता सहायता और कामकाजी परिवारों के लिए आवास की सामर्थ्य, आपदा से उबरने और आर्थिक स्थिरता का समर्थन करने वाली नीतियों के लिए काम करना जारी रखूंगी। बोर्ड की सदस्या के तौर पर, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका और California के संविधानों को बनाए रखने की शपथ लेती हूँ, जिसमें प्रस्ताव 13 भी शामिल है। बोर्ड के लिए चुने जाने से पहले, मैंने स्थानीय, क्षेत्रीय और राज्य सरकार में अपनी सेवाएँ दीं। California राज्य विधानसभा में, मैंने राज्यव्यापी न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने, हमारे तट और San Francisco खाड़ी की रक्षा करने, नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार करने, Cal Grant छात्रवृत्तियाँ बढ़ाने और राज्य भर में मुफ़्त सामुदायिक कॉलेज पहुंच को बनाए रखने के लिए कानून बनाए। मुझे राज्य भर के शिक्षकों और अग्निशामकों का समर्थन प्राप्त होने और Planned Parenthood, Sierra Club, Congress of California Seniors और Equality California से आजीवन 100% रेटिंग प्राप्त करने पर गर्व है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे आपकी सेवा करने पर गर्व है। मैं सम्मानपूर्वक आपके मतदान की माँग करती हूँ। *www.sallylieber.org*


333 W. San Carlos St., Suite 600, San Jose, CA 95110 | टेलीफ़ोन: (650) 597-2587
ईमेल: vote@sallylieber.org | Facebook: www.facebook.com/CAvoteSally

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

### ज़िला 2



**Bill Shireman** | रिपब्लिकन

California के टैक्स निष्पक्ष, पूर्वानुमानित और यथासंभव कम हो सकते हैं— साथ ही परिवारों, समुदायों और अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए वास्तविक मूल्य प्रदान कर सकते हैं। लेकिन अक्सर, सत्ता के दलाल और विशेष हितों वाले समूह हमारे पैसों पर कब्जा कर लेते हैं और उन्हें बर्बाद करते हैं। मैंने अपना पूरा करियर इसे रोकने में बिताया है। जनता के एक द्विदलीय सेवक और व्यापारिक नेता के तौर पर, मैंने California की आधुनिक रीसाइकलिंग प्रणाली के निर्माण में मदद की-टैक्सों में कटौती की, रोज़गार सृजित किए और हमारे तट और वन्यजीवों की रक्षा की। वह प्रणाली स्वयं ही अपना खर्च निकाल लेती है और करदाताओं के पैसों पर जरा भी निर्भरता के बिना, आधे ट्रिलियन से अधिक डिब्बे, प्लास्टिक, कंप्यूटर और अन्य चीजों को रीसाइकल कर चुकी है। आज California में महंगाई का संकट और भी गहराता जा रहा है। आवास, किराया, टैक्स और बीमा जैसी समस्याएँ परिवारों को पलायन करने पर मजबूर कर रही हैं, असमानता को बढ़ा रही हैं और सार्वजनिक स्कूलों को नुकसान पहुंचा रही हैं। समानता बोर्ड एक महत्वपूर्ण लेकिन अनदेखी भूमिका निभाता है—घर के मालिकों की रक्षा करना, प्रस्ताव 13 को लागू करना और यह सुनिश्चित करना कि संपत्ति टैक्स निष्पक्ष और कानूनी हों। प्रस्ताव 13 को संरक्षित—और आधुनिक बनाया जाना ज़रूरी है,—ताकि California एक बार फिर से कामकाजी परिवारों और छोटे व्यवसायों के लिए काम करे, न कि केवल अंदरूनी लोगों और अरबपतियों के लिए। समानता बोर्ड में, मैं विवेकशील वित्तीय रूढ़िवादी के तौर पर कार्य करूंगा: • करदाताओं को अनुचित मूल्यांकनों से बचाना • आवास की वहनीयता और अवसरों को बढ़ावा देना • टैक्स का प्रशासन कुशलतापूर्वक और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करना • व्यवस्था को ठीक करना ताकि हम टैक्स में कटौती कर सकें और उन्हें स्थानांतरित कर सकें, जिससे कम संसाधनों से अधिक काम निकाला जा सके। मेरे रिकॉर्ड से पता चलता है कि हम टैक्स में कटौती कर सकते हैं और खर्च किए गए प्रत्येक डॉलर के बदले दो से चार गुना अधिक मूल्य प्रदान कर सकते हैं। आइए हम California को फिर से सुचारु रूप से काम करने वाला बनाएँ!

ईमेल: Bill@SolutionCitizen.org | LinkedIn: linkedin.com/in/bill-shireman

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड


### ज़िला 3



**Yvonne Yiu** | डेमोक्रेटिक

समानता बोर्ड पर आपके प्रतिनिधि के तौर पर, *मैं वित्त में अपने 25 वर्षों के अनुभव का उपयोग California के वित्तीय प्रहरी के तौर पर सेवा करने, टैक्स के तौर पर प्राप्त आपकी धनराशि की सुरक्षा करने, सरकारी ऑडिट्स का उपयोग करके सरकारी अपव्यय को जड़ से खत्म करने और पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए करूँगी। मैं इस समय राज्य कोषाध्यक्ष के स्थानीय निवेश सलाहकार बोर्ड में कार्यरत हूँ, जहाँ मैं समुदायों को निवेश को प्रबंधित करने, पुलिस और अग्निशमन जैसी सार्वजनिक सेवाओं के लिए भुगतान करने, और उनके बुनियादी ढांचे में निवेश करने में मदद करती हूँ।* मेरे पिता की मृत्यु के बाद, जब मैं 16 वर्ष की थी, तब मेरा परिवार हांगकांग से अमेरिका आ गया। कड़ी मेहनत से, मैंने *UCLA से अर्थशास्त्र की डिग्री, Loyola Marymount विश्वविद्यालय से MBA* और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के *Wharton बिजनेस स्कूल* से प्रमाणित विनियामक और अनुपालन पेशेवर पदनाम हासिल किया। *मेरे पास संघीय उद्योग विनियामक प्राधिकरण (FINRA) से 10 प्रतिभूति (स्टॉक) लाइसेंस हैं*। कुछ शीर्ष वित्तीय फर्मों में काम करने के बाद, मैंने $1 बिलियन से अधिक परिसंपत्तियों वाली अपनी स्वयं की निवेश कंपनी खोली। Monterey Park के मेयर के तौर पर, मेरे वित्तीय अनुभव और सलाह ने $55 मिलियन से अधिक की बचत की और हमारे बजट को संतुलित करने और शहरी सेवाओं के लिए भुगतान करने में मदद की। समानता बोर्ड पर, मैं *1) जवाबदेही और पारदर्शिता को सुनिश्चित करके California की वित्त-व्यवस्था की रक्षा करूँगी, 2) सरकारी अपव्यय को उजागर करने और हटाने के लिए राज्य ऑडिट्स का उपयोग करूँगी, और 3) लोगों द्वारा आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने और California को वहनीय बनाने में सहायता करने वाले प्रोग्राम विकसित करूँगी*। मैं तीन बेटों की माँ हूँ, और हमेशा हमारे परिवारों के लिए संघर्ष करूंगी। मैं राजनेता नहीं हूँ। *मैं सुधारक और सार्वजनिक एवं निजी, दोनों क्षेत्रों में शिक्षा, पृष्ठभूमि और अनुभव रखने वाली ऐसी एकमात्र उम्मीदवार हूँ जो California की वित्त-व्यवस्था में सुधार लाऊंगी, अच्छा निवेश सुनिश्चित करूँगी और करदाताओं का पैसा बचाऊँगी।*

988 Kingsford Street, Monterey Park, CA 91754 | टेलीफ़ोन: (951) 833-8185
ईमेल: yvonneyiu@yahoo.com | www.yvonneyiu.com



**Mike Gipson** | डेमोक्रेटिक

विधानसभा सदस्य Mike Gipson एक सिद्ध नेता हैं जिनके पास कामकाजी परिवारों के लिए संघर्ष करने का दशकों का अनुभव है। वह निष्पक्षता, पारदर्शिता, और जवाबदेही के लिए लड़ने के लिए समानता बोर्ड के पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। Mike उन टैक्स संबंधी खामियों को दूर करने के लिए संघर्ष करेंगे जिनका फायदा अरबपति और कार्पोरेशंस अपने हिस्से का उचित टैक्स चुकाने से बचने के लिए उठाते हैं। Los Angeles में जन्मे और पले-बढ़े Mike ने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने सेवा कर्मचारी और सार्वजनिक शिक्षक संघों के लिए काम किया है, स्थानीय नगर परिषद के सदस्य, एक पूर्व स्थानीय पुलिस अधिकारी के तौर पर, और वर्तमान में वह California राज्य विधानसभा के सदस्य हैं। वह राज्य के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले विधानसभा डेमोक्रेटिक कॉकस के अध्यक्ष हैं। विधानसभा सदस्य के तौर पर, Mike ने California के बच्चों और परिवारों को ICE से बचाने वाले अभूतपूर्व कानूनों, 3-D प्रिंटेड "घोस्ट गन" को सड़कों से और अपराधियों के हाथों से दूर रखने वाले कानूनों, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बच्चों की देखभाल तक विस्तारित पहुंच के लिए वित्तपोषण, और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश का समर्थन किया है। इसीलिए गवर्नर Gavin Newsom ने कहा था, "Mike हमारे राज्य के लोगों के लिए एक साहसी नेता रहे हैं।" पूर्व में समानता बोर्ड के अध्यक्ष के चीफ ऑफ़ स्टाफ के तौर पर काम कर चुके Mike वर्तमान में विधानसभा राजस्व और कराधान समिति के अध्यक्ष के तौर पर कार्यरत हैं, जो समानता बोर्ड की निगरानी करती है। BOE में, Gipson गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा, मजबूत स्कूलों, और महत्वपूर्ण सामाजिक सेवाओं का समर्थन करने के लिए आवश्यक धन लाएंगे जो हमारे राज्य भर में परिवारों और समुदायों को बनाए रखते हैं। 2 जून तक, समानता बोर्ड के लिए Mike Gipson को वोट दें! नर्सों, निर्माण श्रमिकों और स्कूल शिक्षकों द्वारा समर्थित। *mikegipson.net* पर जाएँ


X: https://x.com/mgipson2014 | Facebook: https://www.facebook.com/MikeGipson4BOE

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

### ज़िला 4



**Cody Petterson** | डेमोक्रेटिक

समानता बोर्ड के चौथे ज़िले के मुख्य उपाधिकारी के तौर पर, Cody Petterson मतपत्र पर मौजूद सबसे योग्य उम्मीदवार हैं। वह पहले से ही California की 58 काउंटियोंमें कॉर्पोरेट संपत्तियों और संपत्ति टैक्स के मूल्यांकन में $167 बिलियन के वार्षिक मूल्यांकन की निगरानी में मदद करते हैं। "मैं California के संघर्षरत मध्यम वर्ग को पुनर्जीवित करने, हमारे बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण करने, हमारे स्कूलों में पुनर्निवेश करने, और कामकाजी California वासियों के लिए आवास के उत्पादन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए चुनाव में खड़ा हुआ हूँ। BOE में पांच साल के अनुभव के साथ, मैं बोर्ड के अधिकार का लाभ उठाने के लिए विशिष्ट रूप से योग्य हूँ ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपयोगिता कंपनियाँ सार्वजनिक शिक्षा और अन्य सेवाओं के लिए अपना उचित हिस्सा चुकाएँ और हमारी टैक्स प्रणाली कामकाजी परिवारों के लिए काम करे।" सैन डिएगो यूनिफाइड स्कूल बोर्ड के तत्काल पूर्व अध्यक्ष के तौर पर, Cody Petterson ने कठिन बजटों को संतुलित किया है और हमारे बच्चों की भलाई और शैक्षणिक विकास को प्राथमिकता दी है। Cody ने शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए 2,800 से अधिक किफ़ायती आवास यूनिटों को मंजूरी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई—जिससे राज्य का कुल आंकड़ा तीन गुना हो गया—और वे San Diego क्षेत्रीय आवास वित्त प्राधिकरण के संस्थापक अध्यक्ष के तौर पर कार्यरत हैं। समानता बोर्ड में, उन्हें इस काम को जारी रखने के लिए एक अनूठा अवसर मिलेगा। Mike Schaefer, जो पद छोड़ने वाले बोर्ड के सदस्य हैं और जिनकी सीट के लिए Dr. Petterson चुनाव लड़ रहे हैं, कहते हैं, "मैं Cody का पुरजोर समर्थन करता हूँ। वह इस काम को भली-भांति जानते हैं और तुरंत काम शुरू कर सकते हैं। उन्होंने मेरे लिए शानदार काम किया है और California के करदाताओं के लिए भी शानदार काम करेंगे।"

टेलीफ़ोन: (858) 314-8229 | ईमेल: codypettersonsd@gmail.com
www.codyforequalization.com | Instagram: codyforequalization



**Gardner C. Osborne** | लिबरटेरियन

एक पंजीकृत एजेंट के तौर पर 25 वर्षों के टैक्स संबंधी कामकाजी अभ्यास के साथ, व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों का प्रतिनिधित्व करते हुए और 45 वर्षों से निवासी के तौर पर, मेरी चिंताएँ राज्य के अत्यधिक खर्च और प्रस्ताव 13 की रक्षा करना है। एक नागरिक पदाधिकारी के तौर पर, मैं CDTFA के गठन जैसे विधायी अतिचार के खिलाफ़ लडूंगा, जिसने 2017 में इस निर्वाचित पद से कराधान जवाबदेही को हटा दिया और उसकी जगह एक अलग-थलग नौकरशाही को स्थापित कर दिया। *Osborne4Equalization.com* को *आपका मतदान प्राप्त हुए* बिना *यह बदलाव* नहीं *हो पाएगा*


1545 Grand Ave., San Diego, CA 92109 | टेलीफ़ोन: (858) 733-5095
ईमेल: gardner@osborne4equalization.com | osborne4equalization.com | Facebook: osborne4equalization

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

### ज़िला 4



**Martín Arias** | डेमोक्रेटिक

California राज्य के समानता बोर्ड के लिए Martín Arias को वोट देने में California के अग्निशामक दलों के साथ जुड़ें! "करदाताओं के अधिवक्ता Martín Arias एकमात्र ऐसे योग्य उम्मीदवार और राज्य समानता बोर्ड द्वारा प्रमाणित विशेषज्ञ हैं जिन पर अग्निशामक दल भरोसा करते हैं। हमने Martín का जंगल में लगी आग से बचे लोगों को उनके घरों के पुनर्निर्माण के दौरान अनुचित संपत्ति टैक्स और दंडों से बचाने का मजबूत रिकॉर्ड देखा है।"—CAL FIRE Local 2881. *आपके करदाता अधिवक्ता के तौर पर, Martín Arias ने "करदाताओं के कई मिलियन बचाए हैं," और वे आपको भी टैक्स से राहत दिलाएंगे!* California राज्य के समानता बोर्ड के टैक्स बचत प्रोग्रामों का उपयोग करते हुए, Martín ने घर मालिकों के $31.8 मिलियन बचाए; वरिष्ठ नागरिकों के $5.7 मिलियन बचाए; विकलांग पूर्व सैनिकों के $36.8 मिलियन बचाए; चर्चों, गैर-लाभकारी संस्थाओं, किफ़ायती आवास-व्यवस्था, छोटे व्यवसायों, और किराएदारों के लिए टैक्स राहत के तौर पर $228 मिलियन बचाए। Martín पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करते हैं—प्रस्ताव 13 की टैक्स बचत के जरिए किराएदारों और मकान मालिकों की रक्षा करते हैं। मेहनतकश आप्रवासियों के गौरवान्वित पुत्र के तौर पर, Martín उन संघर्षों को समझते हैं जिनका सामना ऐसे कई California वासियों को करना पड़ता है जो कड़ी मेहनत करते हैं और टैक्स का भुगतान करते हैं फिर भी घर के मालिक बनने के लिए संघर्ष करते हैं। इसीलिए Martín California को अधिक किफायती बनाने के लिए संघर्ष करते हैं, ताकि आपको और आपके परिवार को अत्यधिक टैक्स से बचाया जा सके! Martín San Diego स्टेट यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट हैं, दो बच्चों के पिता हैं और एक शानदार पत्नी और कामकाजी मां के पति हैं। Martín USS MIDWAY और YMCA के नेतृत्व में सेवारत हैं। दमकलकर्मियों, शिक्षकों, पड़ोसियों, छोटे व्यवसाय मालिकों, *California राज्य के समानता बोर्ड के सदस्य Tony Vazquez*और San Diego काउंटी, Orange काउंटी, Riverside काउंटी, Imperial काउंटी, और San Bernardino काउंटी के सामुदायिक नेताओं के साथ-साथ California लैटिनो वैधानिक कॉकस के सीनेटरों और विधानसभा सदस्यों द्वारा समर्थित। "आपका वोट पाना और आपके लिए उठाते रहने को जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।"—Martín Arias, मोबाइल: (619) 483-1122 अधिक जानकारी के लिए *www.VoteMartinArias.com* पर जाएँ

3288 Adams Ave #16713, San Diego, CA 92176 | टेलीफ़ोन: (619) 483-1122
ईमेल: martin@votemartinarias.com | Facebook: martinarias.ca | Instagram: @martinarias.ca



**Tom Umberg** | डेमोक्रेटिक

मैं समानता बोर्ड के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ ताकि आपका प्रहरी बन सकूं—आम California वासियों के लिए हमारी टैक्स प्रणाली को निष्पक्ष और न्यायसंगत बनाने के लिए लड़ सकूं, साथ ही यह सुनिश्चित कर सकूं कि बड़ी धनवान कंपनियाँ अपना उचित हिस्सा चुकाएँ। समानता बोर्ड कई बिलियन डॉलर के संपत्ति टैक्स के लिए जवाबदेही प्रदान करता है, जिससे स्कूलों, अस्पतालों, पुस्तकालयों, पार्कों और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहित महत्वपूर्ण स्थानीय सेवाओं के लिए धन उपलब्ध होता है। मैं टैक्स में निष्पक्षता के लिए आपकी आवाज बनूंगा, मकान मालिकों, किराएदारों और छोटे व्यवसायों के हितों की रक्षा करूंगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले विशेष हितों वाले अमीर लोगों के खिलाफ खड़ा रहूँगा। मेरे कार्य अनुभव से पता चलता है कि मुझे कामकाजी परिवारों की परवाह है और मैं बोर्ड में जवाबदेही सुनिश्चित करना जानता हूँ। राज्य सीनेट में, मैंने Donald Trump को California के चुनाव में फिर से आने से रोकने के लिए "No Kings" कानून लिखा और सभी California वासियों के नागरिक अधिकारों की रक्षा करते हुए ICE से जवाबदेही की मांग करने वाले कानून का समर्थन किया। एक संघीय अभियोजक और सेना के JAG अधिकारी के तौर पर, मैंने राजनेताओं और सरकारी कर्मचारियों को धोखाधड़ी, दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया, भ्रष्ट विदेशी सरकारों को मानवाधिकारों के हनन के लिए जवाबदेह ठहराया, और चुनाव के दिन मतदान गार्डों के साथ लैटीनो मतदाताओं को डराने-धमकाने के रिपब्लिकन पार्टी के कृत्य की जांच की। हाल ही में, मैंने हमारे चुनावों में विशेष हित रखने वाले लोगों के प्रभाव पर अंकुश लगाने के लिए एक विधेयक तैयार किया है। एक छोटे व्यवसायी के तौर पर, मैं हमारे व्यवसायों और कर्मचारियों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझता हूँ। मुझे गवर्नर Gavin Newsom, अमेरिकी सीनेटर Adam Schiff, California के सीनेटर Steve Padilla, California के पेशेवर अग्निशामकों और स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षकों और नर्सों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक संघों का समर्थन प्राप्त होने पर गर्व है। आपका मतदान पाकर मैं सम्मानित महसूस करूँगा।

PO Box 1630, Sunset Beach, CA 90742 | टेलीफ़ोन: (949) 679-0052
ईमेल: Info@TomUmberg.com | www.TomUmberg.com

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

### ज़िला 4



**Denis Bilodeau** | रिपब्लिकन

दक्षिणी California के करदाताओं को ऐसी सरकार मिलनी चाहिए जो परिवारों को बढ़ती हुई लागतों से और छोटे व्यवसायों को रोज़गार-विरोधी नियमों से बचाए। मैं California की $8.7 ट्रिलियन की संपत्ति टैक्स प्रणाली में करदाताओं के लिए मजबूत सुरक्षा और स्वतंत्र निगरानी लाने के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ। मैंने प्रस्ताव 13 की रक्षा करने के लिए *Howard Jarvis करदाताओं की एसोसिएशन* की प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर किए और टैक्स में वृद्धि किए जाने का विरोध किया। मुझे *Reform California* का समर्थन प्राप्त है और मैं प्रस्तावित कार माइलेज टैक्स का विरोध करूंगा। *Orange County Water District करदाताओं की एसोसिएशन* के अध्यक्ष के तौर पर, मैं सरकारी फिजूलखर्ची के खिलाफ़ लड़ता हूँ और पारदर्शिता की मांग करता हूँ। मुझे सार्वजनिक सेवा का 25 वर्षों का अनुभव है, जिसमें ऑरेंज काउंटी के जल ज़िले का नेतृत्व करना भी शामिल है, जहाँ मैं बजट को संतुलित करता हूँ, California में उच्चतम गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध कराता हूँ और पर्यावरण की रक्षा करता हूँ। नगर परिषद के एक सदस्य के तौर पर, मैंने अपने आस-पड़ोस को सुरक्षित रखने और आवासहीनता को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया है। समानता बोर्ड में, मैं बिजली और गैस के बिलों से लेकर किराने का सामान और दवाओं तक, हर चीज़ की लागत को कम करने के लिए काम करूंगा। मैं व्यावहारिक विकास का समर्थन करता हूँ जो मोहल्लों की रक्षा करता है और आने वाली पीढ़ियों को घर के मालिक बनने का उचित अवसर देता है। मैं मकान मालिकों को बढ़ते हुए संपत्ति टैक्स से बचाऊंगा, जिनके कारण किराए में वृद्धि होती है। मैं करदाताओं के लिए एक स्वतंत्र आवाज बनूंगा। कृपया *समानता बोर्ड के लिए Denis Bilodeau को* मतदान करें।

P.O. Box 1871, Orange, CA 92862 | टेलीफ़ोन: (858) 633-3352
ईमेल: info@BilodeauForBOE.com | BilodeauForBOE.com

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## सार्वजनिक निर्देश अधीक्षक (निर्दलीय कार्यालय)

- राज्य के सार्वजनिक स्कूलों के प्रमुख के तौर पर, स्थानीय स्कूल ज़िलों को शिक्षा नीति दिशा-निर्देश प्रदान करते हैं और शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार के लिए शिक्षा समुदाय के साथ काम करते हैं।
- शिक्षा विभाग की अध्यक्षता करते हैं और राज्य शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित की गई नीतियों को कार्यान्वित करते हैं।
- राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था के प्रशासी मंडल के पदेन सदस्य के तौर पर सेवा प्रदान करते हैं।



### Josh Newman

California दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का घर है, जो नवाचार और अवसरों के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है। हमारी सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली को उस स्थिति को प्रतिबिंबित करना चाहिए, फिर भी California के अधिकांश विद्यार्थी पढ़ने, गणित, या विज्ञान में कक्षा-स्तर के मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हमारी प्रणाली सफलता के साथ संरेखित नहीं है। एक अनुभवी सैनिक, व्यवसायी, कक्षा के शिक्षक और पूर्व राज्य सीनेटर के तौर पर, जिन्होंने सीनेट शिक्षा समिति की अध्यक्षता की थी, मैंने California के विद्यार्थियों की असाधारण क्षमता और उन्हें पीछे धकेलने वाली संरचनात्मक बाधाओं दोनों को देखा है। California की विशाल, विकेन्द्रीकृत स्कूल प्रणाली, जिसमें लाखों विद्यार्थी और कई बिलियन टैक्स डॉलर खर्च होते हैं, में यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समन्वय और नेतृत्व की कमी है कि प्रत्येक विद्यार्थी, चाहे वह किसी भी भौगोलिक स्थिति या पृष्ठभूमि का हो, उसे वह उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा मिले जिसका वह हकदार है। मैं राज्य अधीक्षक पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ क्योंकि California बेहतर कर सकता है और उसे बेहतर करना ही होगा। सीनेट में, मैंने स्कूलों के आधुनिकीकरण, विद्यार्थी के लिए सहायताओं को मजबूत करने, कैरियर-तकनीकी मार्गों का विस्तार करने और शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार करने वाले प्रमुख कानून बनाए। मैंने गठबंधन बनाए हैं, जटिल समस्याओं का समाधान किया है और परिणाम दिए हैं, और मुझे इस बात पर गर्व है कि मुझे California भर के शिक्षकों, अभिभावकों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों, व्यावसायिक संगठनों और ट्रेड यूनियनों से व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है। अधीक्षक के तौर पर, मैं हमारी शिक्षा प्रणाली में आवश्यक समन्वय और सहयोग लाऊंगा, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता का विस्तार करने, श्रम और उद्योग के साथ साझेदारी को मजबूत करने, स्कूल के दिन को कार्यदिवस के साथ संरेखित करने और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि हमारे स्कूल विद्यार्थियों को तेजी से बदलती हुई अर्थव्यवस्था और हमारे लोकतंत्र में पूर्ण भागीदारी के लिए प्रभावी तरीके से तैयार करें। California का भविष्य हमारे सार्वजनिक स्कूलों की मजबूती पर निर्भर करता है। हमारे सभी विद्यार्थी बेहतर पाने के हकदार हैं।
*www.newmanforspi.com*

1400 N. Harbor Blvd., Suite 505, Fullerton, CA 92835 | टेलीफ़ोन: (310) 463-5257
ईमेल: josh@newmanforca.com | Facebook: joshnewmanca | Instagram: newmanforca



### Ainye Long

कुमारी Long California की तीसरी पीढ़ी की पब्लिक स्कूल की छात्रा और पांचवीं पीढ़ी की पब्लिक स्कूल शिक्षिका हैं, जो युवाओं और शिक्षा के जरिए California को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले 19 वर्षों से, वह Oakland, Richmond, Los Angeles, और San Francisco में गणित पढ़ाने वाली एक अग्रणी लीडर रही हैं, जो राज्य भर में विभिन्न समुदायों की सेवा कर रही हैं। उन्होंने परिवार निदेशक के तौर पर भी नेतृत्व किया है और सामुदायिक सहभागिता, बोर्ड की अध्यक्षा और क्षेत्रीय अधीक्षक के तौर पर, स्कूलों और परिवारों के बीच मजबूत साझेदारी का निर्माण किया। वर्तमान में, वह SFUSD के Willie L. Brown मिडिल स्कूल में आठवीं कक्षा की गणित शिक्षिका और विभाग की अध्यक्षा हैं, और शिक्षकों का मार्गदर्शन करती हैं एवं शिक्षण उत्कृष्टता को बढ़ावा देती हैं। 2022 के चुनाव में एकमात्र सरकारी स्कूल शिक्षिका होने के बाद, वह अपने वास्तविक कक्षा अनुभव के साथ नेतृत्व करना जारी रखती हैं।

टेलीफ़ोन: (445) 204-7284 | ईमेल: Info@AinyeLong4CA.com | Instagram: @AinyeLong4CA | AinyeLong4CA.com

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवार के वक्तव्य

## सार्वजनिक निर्देश अधीक्षक (निर्दलीय कार्यालय)



### Frank Lara

एक यूनियन लीडर और दस साल से अधिक समय तक पब्लिक स्कूल टीचर के तौर पर, मैंने हमारे स्कूलों की वास्तविकताओं को करीब से देखा है। California दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, फिर भी कक्षाएं भरी हुई हैं, स्कूल की इमारतें जर्जर हो रही हैं और विद्यार्थियों को पर्याप्त सुविधाएँ नहीं मिल पा रही हैं। San Francisco के यूनाइटेड एजुकेटर्स के VP के तौर पर, मैंने एक बेहतर व्यवस्था के लिए एकजुट होकर लड़ने वाले कामगारों की ताकत को देखा है। मैं कार्पोरेशनों और अरबपतियों पर टैक्स लगाने के लिए दबाव डालूंगा ताकि स्कूलों में कर्मचारियों की पूर्ण नियुक्ति हो सके और सुविधा-स्थलों का आधुनिकीकरण किया जा सके। मैं कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या कम करने, गुणवत्तापूर्ण विशेष शिक्षा, ICE-मुक्त स्कूलों, जातीय अध्ययन और सभी के लिए मुफ़्त बच्चों की देखभाल और कॉलेज शिक्षा के लिए संघर्ष करूंगा। समाजवादी को वोट दें! *LeftUnitySlate.org* को वोट दें

4121 Montgomery St., Oakland, CA 94611 | टेलीफ़ोन: (510) 626-0126
ईमेल: info@frank4caschools.com | Instagram: frank4caschools | TikTok: frank4caschools



### Sonja Shaw


California के सरकारी स्कूल हमारे बच्चों को निराश कर रहे हैं। आधे से भी कम ही बच्चे कक्षा स्तर के अनुसार पढ़ या लिख सकते हैं। लड़कियों के खेल खतरे में हैं, जिसके चलते महिला एथलीट पदक और छात्रवृत्तियां गंवा रही हैं। कई लड़कियाँ तो अभ्यास करने से पहले अपनी कारों में ही कपड़े बदलती हैं क्योंकि उन्हें लॉकर रूम में असुरक्षित महसूस होता है। यह अस्वीकार्य है। दो बेटियों की मां होने के नाते, मुझे Chino Valley यूनिफाइड स्कूल बोर्ड का अध्यक्ष चुना गया क्योंकि माता-पिता बदलाव की मांग कर रहे थे। हमने अपना वादा पूरा किया। जब मैंने 2022 में पदभार संभाला, तो हमारे ज़िले को उन्हीं समस्याओं का सामना करना पड़ा जो पूरे California में देखी जा रही थीं: खराब ग्रेड, गिरते हुए परीक्षा अंक, कक्षाओं में राजनीतिक व्यवधान और लड़कियों का निष्पक्षता और गोपनीयता को गंवाना। हमने एक अलग रास्ता चुना। हमने पढ़ने, लिखने और गणित पर फिर से ध्यान केंद्रित किया। लड़कियों के लिए सुरक्षित खेल और निजी स्थान। नौकरशाही को कम किया। संसाधनों को वापस कक्षाओं में निर्देशित किया गया, जहाँ उनकी आवश्यकता है। परिणाम निर्विवाद थे। विद्यार्थियों के परिणामों में सुधार हुआ, और स्वतंत्र शोध ने हमारे ज़िले को COVID के बाद शैक्षणिक सुधार के लिए एक मॉडल के तौर पर मान्यता दी। वह सफलता Sacramento के जनादेशों से नहीं मिली। यह उन माता-पिता की ओर से आया जिन्होंने एकजुट होकर समझदारी के लिए आवाज उठाई। राज्य अधीक्षक के तौर पर, मैं उसी नेतृत्व को पूरे राज्य में लागू करूंगी। मैं विद्यार्थियों और परिवारों के लिए एक स्वतंत्र पैरोकार बनूंगी, न कि राजनीतिक गठजोड़ने वाली। मेरी योजना सरल है: पढ़ने, लिखने और गणित में उच्च शैक्षणिक मानकों को बहाल करना; टाइटल IX की रक्षा करना, लड़कियों के लिए निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करना; माता-पिता को निर्णय लेने की प्रक्रिया में वास्तविक भागीदारी देना; उत्कृष्ट शिक्षकों का समर्थन करना; और फिजूलखर्ची वाली नौकरशाही को कम करना। स्थानीय स्तर पर यह खाका मौजूद है। हमने साबित कर दिया है कि यह कारगर है। आइए California के हर विद्यार्थी के लिए परिणाम सुनिश्चित करें। *ShawForCA.com* पर अधिक जानकारी प्राप्त करें।

6939 Schaefer Avenue, Suite D #119, Chino, CA 91710 | टेलीफ़ोन: (949) 495-1310
ईमेल: info@shawforca.com | X: @realSonjaShaw | Instagram: @SonjaShaw2026

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य


## सार्वजनिक निर्देश अधीक्षक (निर्दलीय कार्यालय)



### Gus Mattammal

मैं एक ऐसे इलाके में पला-बढ़ा जहाँ का सरकारी स्कूल बदहाल था, और मैंने कम आय वाले, ज्यादातर अश्वेत और भूरे रंग के बच्चों की पूरी एक पीढ़ी को उस स्कूल में जाते हुए देखा। मेरे माता-पिता ने मुझे बेहतर अवसर देने के लिए बहुत त्याग किये, और शिक्षा मेरे लिए एक सहारा बनी, एक बेहतर जीवन जीन का मार्ग बनी। California में, हमारे निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी, जिनमें अधिकतर अश्वेत विद्यार्थी शामिल हैं, वह उस शिक्षा को प्राप्त करने में नाकाम हो रहे हैं जिसके वे हकदार हैं। उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। खर्च के मामले में शीर्ष 20 देशों में शामिल होने के बावजूद, California परिणामों के मामले में अमेरिका में सबसे निचले पायदान पर है। साल दर साल यह अन्याय होना जारी रहता है, और हमारे बच्चे इसकी कीमत चुकाते हैं। अधीक्षक के तौर पर, मैं इसे बदलूंगा। मैं पिछले 23 वर्षों से पूर्णकालिक शिक्षक रहा हूँ, और इस दौरान मैंने हर पृष्ठभूमि के 1,000 से अधिक विद्यार्थियों के साथ काम किया है। मैंने राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एक शिक्षा कंपनी में वरिष्ठ कार्यकारी के तौर पर 19 वर्ष बिताए हैं। मैं एक निर्वाचित प्रतिनिधि हूँ और California के स्कूलों के लिए एक साहसिक सुधार एजेंडा और अधीक्षक की भूमिका के लिए एक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने वाली पुस्तक का लेखक हूँ। मैं एकमात्र ऐसा उम्मीदवार हूँ जो आपको शिक्षा और निर्वाचित पद के क्षेत्र में व्यापक और गहन अनुभव प्रदान कर सकता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक विद्यार्थी, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, किताब पढ़ सके, गणित हल कर सके और नौकरी प्राप्त कर सके। शिक्षा का राजनीतिक दलों से जुड़ाव होना ज़रूरी नहीं है। यह लोगों को एक साथ ला सकता है, क्योंकि हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चों को बेहतरीन शिक्षा मिले। राजनीतिक विचारधारा के सभी वर्गों के राज्य विधायकों, शिक्षकों, अधीक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर मेरा समर्थन करें। इसे याद रखना आसान है: *हमारे लिए Gus को वोट दें!*

1900 S. Norfolk St., Suite 350, San Mateo, CA 94403 | टेलीफ़ोन: (650) 451-5335
ईमेल: gus@gusforca.com | Instagram: @theonetruegus | X: @theonetruegus



### Al Muratsuchi

मैं एक शिक्षक, पूर्व स्थानीय स्कूल बोर्ड अध्यक्ष, पब्लिक स्कूल का अभिभावक और California विधानसभा शिक्षा समिति का अध्यक्ष हूँ, और दशकों से California के स्कूलों के लिए संघर्ष करने का मेरा एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। मैं लोक शिक्षा अधीक्षक के पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ क्योंकि मैं चाहता हूँ कि California के पब्लिक स्कूल देश में सर्वश्रेष्ठ हों। एक अप्रवासी के बेटे के तौर पर, सार्वजनिक स्कूलों के विद्यार्थी के तौर पर, और Berkeley और UCLA से ग्रेजुएट होने वाले पहली पीढ़ी के व्यक्ति के तौर पर, मैं सभी के लिए समान शैक्षिक अवसरों के लिए संघर्ष करने के लिए भावुक हूँ। California विधानमंडल में शिक्षा समिति की अध्यक्ष के तौर पर, मैंने हमारे स्कूलों को पूरी तरह से वित्तपोषित करने, कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या कम करने, अधिक कला और संगीत के साथ-साथ व्यावसायिक तकनीकी शिक्षा प्रदान करने, गुणवत्तापूर्ण प्रीस्कूल और स्कूल के बाद के प्रोग्रामों का विस्तार करने, सभी के लिए स्कूल में भोजन उपलब्ध कराने और विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन करने के लिए संघर्ष का नेतृत्व किया है। पढ़ने की परीक्षा के अंकों में सुधार लाने के लिए, मैंने एक कानून का सह-लेखन किया और पठन के विज्ञान पर आधारित ध्वन्यात्मकता-आधारित (फोनिक्स-आधारित) पढ़ने के निर्देश को बढ़ाने के लिए पैसा उपलब्ध कराया। जब आप्रवासन छापों से हमारे विद्यार्थियों को खतरा हुआ, तो मैंने California सेफ हेवन स्कूल्स अधिनियम लिखा, ताकि ICE को हमारे स्कूलों से दूर रखा जा सके। और राज्य भर में हमारी पुराने और असुरक्षित स्कूल सुविधा-स्थलों को ठीक करने के लिए, मैंने प्रस्ताव 2, California के मतदाताओं द्वारा 2024 में अनुमोदित $10 बिलियन का राज्य स्कूल बॉन्ड लिखा। मुझे इस बात का गर्व है कि California फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स और California स्कूल एम्प्लॉइज एसोसिएशन द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले 370,000 से अधिक शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों ने मेरा समर्थन किया है। 2 जून को, लोक शिक्षा अधीक्षक पद के लिए Al Muratsuchi को वोट दें। *www.AlforCaliforniaSchools.com* पर जाएँ

P.O. Box 4375, Torrance, CA 90510 | ईमेल: info@alforcaliforniaschools.com
X: www.x.com/AMuratsuchi | Instagram: www.instagram.com/almuratsuchi

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## सार्वजनिक निर्देश अधीक्षक (निर्दलीय कार्यालय)



### Richard Barrera

राज्य के लोक शिक्षा अधीक्षक Tony Thurmond के वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर सेवा करना और California शिक्षक संघ (CTA) द्वारा समर्थित होना मेरे लिए सम्मान की बात है, जो 300,000 से अधिक स्कूल शिक्षकों, नर्सों, परामर्शदाताओं और शिक्षाविदों का प्रतिनिधित्व करता है। California की टीचर ऑफ़ द ईयर Tammy Reina और Zenaida Rosario: "हमें Richard पर भरोसा है कि वह हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए संघर्ष करेंगे।" उन्होंने 18 सालों तक परिणाम दिए हैं!" सैन डिएगो यूनिफाइड स्कूल ज़िले के अध्यक्ष के तौर पर, जो राज्य का दूसरा सबसे बड़ा ज़िला है, मैंने संकटग्रस्त ज़िले को सफलता के राष्ट्रीय मॉडल में बदल दिया। सभी बड़े शहरी ज़िलों में, हम अब "द नेशन्स रिपोर्ट कार्ड" में पढ़ने और गणित में नंबर 1 स्थान पर हैं। California में, हम पढ़ने, गणित, विज्ञान, स्नातक दर और कॉलेज/करियर के लिए तैयारी के क्षेत्रों में प्रथम स्थान पर हैं। हमने फिजूलखर्ची और नौकरशाही को कम करके और अपने विद्यार्थियों, परिवारों और शिक्षकों में सीधे निवेश करके सफलता हासिल की है। मैंने मतदाताओं से 4 बार सफलतापूर्वक यह अनुरोध किया कि वे 60 साल पुरानी इमारतों को अत्याधुनिक, पर्यावरण के अनुकूल स्कूलों से बदल दें। हमने शिक्षकों के वेतन में 40% की वृद्धि की, हमने परिवारों और शिक्षकों के लिए संपूर्ण पारिवारिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की और हजारों किफ़ायती आवास बनाए। मैंने निर्दयी Trump प्रशासन से विद्यार्थियों की रक्षा करने के लिए संघर्ष किया है: ICE को हमारे स्कूलों से बाहर रखा, LGBTQ विद्यार्थियों के लिए आवाज़ उठाई और Trump द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में की गई भारी कटौती के खिलाफ़ कांग्रेस के सामने गवाही दी। मुझे उन लोगों का समर्थन प्राप्त है जो विद्यार्थियों की सफलता के लिए सबसे अधिक ज़िम्मेदार हैं—CTA के स्कूल शिक्षकों से लेकर दक्षिणी California के संयुक्त प्रशासकों के स्कूल प्रिंसिपलों और राष्ट्रपति Biden की शिक्षा उप सचिव Cindy Marten तक। वर्तमान लोक शिक्षा अधीक्षक, Tony Thurmond: "विद्यार्थियों की सफलता के मामले में Richard Barrera का रिकॉर्ड बेजोड़ है। इसीलिए मैंने उनसे California शिक्षा विभाग में हमारे साथ जुड़ने के लिए कहा। इसीलिए मैं इस चुनाव में उनका समर्थन करता हूँ।" *BarreraforEdu.com*

1732 Granada Avenue, San Diego, CA 92102 | टेलीफ़ोन: (619) 937-8619
ईमेल: rbcoi@yahoo.com | Facebook: Richard Barrera | Instagram: richardbarrera2026



### Anthony Rendon

California की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली ने मेरी जिंदगी बदल दी। मैं हाई स्कूल में कुछ ज़्यादा अच्छा विद्यार्थी नहीं था। मैंने मुश्किल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और उसके बाद गोदामों और निर्माण क्षेत्र में काम करने चला गया। लेकिन मुझे सामुदायिक कॉलेज में सीखने के प्रति अपना जुनून मिला, मैंने California स्टेट यूनिवर्सिटी फुलर्टन से ग्रेजुऐट की उपाधि प्राप्त की और UC रिवरसाइड से Ph.D. की उपाधि हासिल की। अंततः, मैं राज्य विधानसभा का अध्यक्ष बन गया—California के शीर्ष सार्वजनिक अधिकारियों में से एक—मैक्सिकन अप्रवासियों के पोते के लिए यह एक सार्थक उपलब्धि थी। मैं लोक शिक्षा अधीक्षक के पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ ताकि मैं अपने जीवन भर के उस मिशन को जारी रख सकूं जिसके तहत हर बच्चे को, उसकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा तक पहुंच प्रदान की जाती है। जब मैंने पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्रोग्राम चलाए, तो मैंने राज्य के बजट में कटौती के विनाशकारी प्रभावों को देखा। इसलिए विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर मैंने शिक्षा के लिए धन में 50 प्रतिशत की वृद्धि की, फिर देश में सबसे मजबूत शिक्षा निगरानी कानून लागू किए, और हमारे स्कूलों और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए Trump प्रशासन के खिलाफ सफलतापूर्वक आवाज़ उठाई। आज स्कूलों को न केवल अधिक निवेश की बल्कि वास्तविक सुधार करने की भी आवश्यकता है। हमारे स्कूलों को उन मूलभूत कौशलों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिनकी बच्चों को सफल होने के लिए आवश्यकता होती है। हमें प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग से सावधान रहना चाहिए जो विद्यार्थियों की सीखने और आगे बढ़ने की क्षमता को कमजोर करता है। कक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग को लेकर उचित दिशानिर्देश स्थापित करने के लिए अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यालयों के बीच सहयोगात्मक नेतृत्व होना ज़रूरी है। कक्षा में विद्यार्थियों का ध्यान भटकाने वाली चीज़ें कम होनी चाहिए। शिक्षकों को पढ़ने, लिखने, गणित, विज्ञान और नागरिक शास्त्र की बुनियादी बातें सिखाने के लिए बिलियन-डॉलर वाले तकनीकी एल्गोरिदम से प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए। मेरे जीवन के अनुभव मुझे सार्थक बदलाव लाने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करते हैं। हमारे बच्चों को इससे कम कुछ भी स्वीकार्य नहीं है। *www.anthonyrendon.org/*

249 E. Ocean Blvd., Ste. 814, Long Beach, CA 90802 | टेलीफ़ोन: (916) 251-9380 | ईमेल: info@anthonyrendon.org
Facebook: facebook.com/AnthonyRendonCA | Instagram: instagram.com/anthonyrendonca

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्य और राय उनके अपने हैं और ये ज़रूरी नहीं कि वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों या राय का प्रतिनिधित्व करते हों। उम्मीदवारों के वक्तव्यों के क्रम का निर्धारण यादृच्छीकृत तरीके से किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए हैं और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से सबमिट किया गया और इसके लिए उनके द्वारा भुगतान किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य जमा नहीं किए हैं, उनके नाम मतपत्र पर दिखाई देने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

California
मोटर वोटर

California मोटर वोटर प्रोग्राम California डिपार्टमेंट ऑफ़ मोटर व्हीकल्स (DMV) में मतदान करने के लिए पंजीकरण करने को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बना रहा है। ड्राइविंग लाइसेंस, आईडी कार्ड या पते में बदलाव से संबंधित लेनदेन ऑनलाइन, डाक द्वारा, या व्यक्तिगत रूप से DMV में पूरा करने वाले सभी योग्य व्यक्ति स्वचालित रूप से मतदाता के रूप में पंजीकृत हो जाएंगे, जब तक कि वे स्वचालित मतदाता पंजीकरण से "बाहर रहने" का विकल्प नहीं चुनते।

California मोटर वोटर प्रोग्राम उन California वासियों पर लागू होता है जो 18 वर्ष या उससे अधिक की उम्र के हैं और निम्नलिखित सभी मानदंडों को पूरा करते हैं:

- संयुक्त राज्य अमेरिका का एक नागरिक।
- California का निवासी।
- वर्तमान में किसी अपराध की दोषसिद्धि के लिए राज्य या संघीय जेल की सजा नहीं काट रहे हैं।
- वर्तमान में किसी न्यायालय द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम न ठहराया गया होना।

16 और 17 वर्ष की आयु के लोगों के लिए मतदाता पूर्व-पंजीकरण उपलब्ध है। 18 वर्ष के होने पर उनका मतदाता पंजीकरण अपने आप ही सक्रिय हो जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए, *motorvoter.sos.ca.gov* पर जाएँ।

मतदान करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए *registertovote.ca.gov* पर जाएँ।

---

# मतदाता पंजीकरण गोपनीयता जानकारी

**घर पर सुरक्षित रहें गोपनीयता मतदाता पंजीकरण प्रोग्राम:** जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली परिस्थितियों का सामना करने वाले कुछ विशेष मतदाता गोपनीय मतदाता स्थिति के योग्य हो सकते हैं, अगर वे घर पर सुरक्षित प्रोग्राम के सक्रिय सदस्य होते हैं। इसमें घरेलू हिंसा, पीछा करने, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी, बच्चों के अपहरण, और बुज़ुर्ग/निर्भर व्यक्ति से दुर्व्यवहार आदि के पीड़ित और उत्तरजीवी शामिल हैं, साथ ही सार्वजनिक संस्था के कर्मचारी/ठेकदार सार्वजनिक संस्था के लिए काम करने के कारण अपनी सुरक्षा को लेकर भयभीत लोग, और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता, कर्मचारी, स्वयंसेवक और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सुविधा से संबद्ध होने के कारण अपनी सुरक्षा को लेकर भयभीत मरीज़, भी शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए, राज्य सचिव के घर पर सुरक्षित रहें प्रोग्राम से टोल-फ़्री नंबर (877) 322-5227 पर संपर्क करें या *sos.ca.gov/safeathome* पर जाएँ।

**मतदाता की जानकारी की गोपनीयता:** चुनाव अधिकारियों द्वारा आपके मतदाता पंजीकरण शपथ-पत्र में उपलब्ध करवाई गई जानकारी का प्रयोग आपको मतदान प्रक्रिया के बारे में अधिकारिक जानकारी भेजने के लिए किया जाएगा, जैसे कि आपके मतदान स्थल का स्थान, और मतपत्र में प्रदर्शित किए जाने वाले विधेयक और उम्मीदवार। मतदाता पंजीकरण जानकारी का व्यावसायिक उपयोग कानून द्वारा निषिद्ध है और ऐसा करना अपराध माना जाता है। राज्य सचिव द्वारा किए गए निर्धारण के अनुरूप मतदाता की जानकारी किसी पद के लिए उम्मीदवार व्यक्ति, मतदाता विधेयक समिति या फिर चुनाव, अध्ययन, पत्रकारिता, राजनीतिक या सरकारी उद्देश्यों के लिए किसी अन्य व्यक्ति को प्रदान की जा सकती है। इन उद्देश्यों के लिए ड्राइवर लाइसेंस और सामाजिक सुरक्षा नंबर, या आपके मतदाता पंजीकरण कार्ड पर प्रदर्शित हस्ताक्षर रिलीज नहीं किए जा सकते हैं। यदि मतदाता जानकारी के उपयोग के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं या आप ऐसी जानकारी के संभावित दुरुपयोग की सूचना देना चाहते हैं, तो कृपया राज्य सचिव की मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर कॉल करें।

# चेतावनी: चुनाव प्रचार करना वर्जित है!

उल्लंघन करने पर जुर्माने लगाए जा सकते हैं और/या कारावास की सजा दी जा सकती है।

## कहाँ:

- मतपत्र पर मतदान करने के लिए कतार में खड़े किसी व्यक्ति के आसपास या मतदान स्थल के प्रवेश द्वार, पटरी के किनारे मतदान करना, या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स के 100 फीट के भीतर निम्नलिखित गतिविधियाँ करना वर्जित हैं।






## कौन सी गतिविधियाँ करना वर्जित हैं:

- किसी व्यक्ति को किसी उम्मीदवार या मतपत्र विधेयक के पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए **न कहें**।
- किसी उम्मीदवार का नाम, तस्वीर या लोगो प्रदर्शित **न करें**।
- किसी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स तक पहुंच को अवरुद्ध **न करें** या आसपास कूड़ा **न घूमें**।
- किसी मतदान स्थल, मतदान केंद्र या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स के पास किसी भी उम्मीदवार या मतपत्र विधेयक के पक्ष में या विपक्ष में कोई भी सामग्री या सुनने लायक जानकारी प्रदान **न करें**।
- किसी पहल, जनमत संग्रह, रीकॉल या उम्मीदवार के नामांकन सहित किसी भी याचिका को प्रसारित **न करें**।
- किसी भी उम्मीदवार का नाम, तस्वीर, लोगो, और/या किसी भी उम्मीदवार या मतपत्र विधेयक का समर्थन या विरोध करने वाले किसी भी कपड़े (टोपी, कमीज, संकेत, बटन, स्टिकर) को वितरित, प्रदर्शित **न करें** या **पहनें नहीं**।
- किसी भी मतदाता की मतदान करने की पात्रता के बारे में जानकारी प्रदर्शित **न करें** या उसके बारे में मतदाता से बात **न करें**।

ऊपर संक्षेप में दिए गये चुनाव प्रचार निषेध California चुनाव संहिता के प्रभाग 18 के अध्याय 4 की धारा 7 में दिए गये हैं।

# चेतावनी: मतदान प्रक्रिया को किसी भी तरह से बिगाड़ना वर्जित है!

उल्लंघन करने पर जुर्माने लगाए जा सकते हैं और/या कारावास हो सकता है।

## कौन सी गतिविधियाँ करना निषिद्ध हैं:

- चुनाव में धोखाधड़ी **न करें** या धोखाधड़ी करने का प्रयास **न करें**।
- किसी भी तरह से किसी भी व्यक्ति को मतदान करने या मतदान न करने के लिए किसी भी तरह का मुआवजा या रिश्वत प्रदान **न करें** या प्रेरित **न करें** या प्रेरित करने का प्रयास **न करें**।
- गैरकानूनी तरीके से मतदान **न करें**।
- मतदान करने का अधिकार न होने पर मतदान करने का प्रयास **न करें** या किसी अन्य को मतदान करने में सहायता **न करें**।
- चुनाव अभियान में शामिल **न हों**; मतदान स्थल में प्रवेश करने या बाहर निकलने वाले मतदाता की तस्वीर **न लें** या रिकॉर्ड **न करें**; या प्रवेश, निकास, या पार्किंग में बाधा **न डालें**।
- किसी भी व्यक्ति के मतदान के अधिकार को चुनौती न दें या मतदाताओं को मतदान करने से **न रोकें**; मतदान की प्रक्रिया में देरी **न करें**; या धोखाधड़ी से किसी व्यक्ति को यह सलाह **न दें** कि वह मतदान करने के योग्य नहीं है या मतदान के लिए पंजीकृत नहीं है।
- यह पता लगाने की कोशिश **न करें** कि किसी मतदाता ने अपने मतपत्र पर कैसे मतदान किया।
- कुछ अपवादों को छोड़कर, किसी मतदान स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र में बन्दूक अपने पास **न रखें** या किसी के पास रखने की व्यवस्था **न करें**।
- कुछ अपवादों को छोड़कर, किसी मतदान स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र में शांति अधिकारी, गार्ड या सुरक्षा कर्मी की वर्दी में उपस्थित न हों या किसी के उपस्थित होने की व्यवस्था **न करें**।
- मतदान प्रणाली के किसी भी घटक के साथ छेड़छाड़ या हस्तक्षेप **न करें**।
- किसी चुनाव के परिणामों के जाली परिणाम न बनाएँ, जाली नकल **न बनाएँ**, या उनके साथ छेड़छाड़ **न करें**।
- किसी चुनाव के परिणामों में फेरबदल **न करें**।
- किसी भी मतदान सूची, आधिकारिक मतपत्र, या मतपत्र कंटेनर के साथ छेड़छाड़, उसे नष्ट या उसमें परिवर्तन **न करें**।
- किसी भी गैर-आधिकारिक मतपत्र इकट्ठा करने वाले कंटेनर को प्रदर्शित **न करें** जो किसी मतदाता को यह विश्वास दिलाने के लिए धोखा दे सकता है कि यह एक आधिकारिक संग्रह बॉक्स है।
- डाले गए मतदान के परिणामों की प्रति के साथ छेड़छाड़ या हस्तक्षेप **न करें**।
- किसी ऐसे व्यक्ति को जो पढ़ नहीं सकता या किसी बुजुर्ग को उनके इरादे के विपरीत किसी उम्मीदवार या विधेयक के लिए या उसके खिलाफ मतदान करने के लिए मजबूर **न करें** या धोखा न दें।
- किसी चुनाव अधिकारी के रूप में कार्रवाई **न करें** जबकि आप चुनाव अधिकारी नहीं हैं।

**नियोक्ता** अपने कर्मचारी को अपने डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र को काम पर लाने को आवश्यक नहीं बना सकते या नहीं कह सकते हैं या अपने कर्मचारी को काम पर अपने मतपत्र पर मतदान करने के लिए नहीं कह सकते। वेतन या मजदूरी का भुगतान करते समय, नियोक्ता ऐसी सामग्री को संलग्न नहीं कर सकते जो उनके कर्मचारी के राजनीतिक विचारों या कार्रवाइयों को प्रभावित करने का प्रयास करती हो।

**क्षेत्राधिकार के बोर्ड सदस्य** यह निर्धारित करने का प्रयास नहीं कर सकते हैं कि किसी मतदाता ने अपने मतपत्र पर कैसे मतदान किया है या, अगर उस जानकारी का पता लग जाता है, तो यह खुलासा नहीं कर सकते कि उस मतदाता ने अपने मतपत्र पर कैसे मतदान किया है।

ऊपर संक्षेप में बताई गई मतदान प्रक्रिया को बिगाड़ने से संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध California की चुनाव संहिता के प्रभाग 18 के अध्याय 6 में निर्धारित किए गये हैं।

# California मतदाता पहचान-पत्र और पंजीकरण आवश्यकताएँ

## California में कौन मतदाता के रूप में पंजीकरण कर सकता है?

**पंजीकरण करने के लिए, आपको निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा:**

- संयुक्त राज्य अमेरिका का एक नागरिक होना और California का एक निवासी होना
- चुनाव के दिन 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का होना (या पूर्व-पंजीकरण के लिए 16 या 17 वर्ष का होना)
- वर्तमान में किसी अपराध की दोषसिद्धि के लिए राज्य या संघीय जेल की सजा नहीं काट रहे होना
- वर्तमान में किसी न्यायालय द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम न ठहराया गया होना

## क्या मुझे California में मतदान के लिए परिचय पत्र दिखाना होगा?

अधिकतर मामलों में, नहीं। California में आमतौर पर मतदाताओं को मतदान स्थलों पर पहचान पत्र दिखाने की आवश्यकता नहीं होती है।

## आपको पहचान पत्र कब दिखाने के लिए कहा जा सकता है?

आपको पहचान पत्र केवल तभी दिखाना पड़ सकता है जब निम्नलिखित सभी लागू हों:

- आप संघीय चुनाव में पहली बार मतदान कर रहे हैं
- आपने डाक या ऑनलाइन के जरिए पंजीकरण कराया, और
- पंजीकरण करते समय आपने अपना CA पहचान पत्र या SSN प्रदान नहीं किया था

अगर यह आप पर लागू होता है, तो आपको पहले से सूचित किया जाएगा।

**मतदान स्थल कर्मी केवल तभी पहचान पत्र मांग सकते हैं जब मतदाता सूची में स्पष्ट रूप से यह बताया गया हो कि इसकी आवश्यकता है।**

## अधिक जानकारी के लिए, *vote.ca.gov* पर जाएँ या हमारी मतदाता हॉटलाइन पर (888) 345-2692 पर कॉल करें।

## पहचान पत्र के कौन-कौन से रूप स्वीकार्य हैं (अगर आवश्यक हो)?

**आप फोटो सहित या बिना फोटो वाला पहचान पत्र दिखा सकते हैं, जिनमें शामिल है:**

- California ड्राइविंग लाइसेंस या राज्य पहचान पत्र कार्ड
- संयुक्त राज्य अमेरिका का पासपोर्ट
- विद्यार्थी या सैन्य पहचान पत्र
- सरकारी एजेंसी से प्राप्त आधिकारिक डाक
- वेतन का चेक या सरकारी चेक
- उपयोगिता बिल या बैंक स्टेटमेंट

पूरी सूची के लिए देखें: *www.sos.ca.gov/elections/hava-id-standards*

फोटो पहचान पत्र की आवश्यकता नहीं है, यह कई वैध विकल्पों में से एक है। पहचान पत्र में आपका पता लिखा होना या उसका सरकारी दस्तावेज़ होना आवश्यक नहीं है।

## मतदान करते समय आपके पास पहचान पत्र नहीं है?

आप अभी भी अनंतिम मतपत्र पर मतदान कर सकते हैं। आपके मतपत्र की गणना तब की जाएगी, जब चुनाव अधिकारी इस बात की पुष्टि कर लेंगे कि आप उस काउंटी में मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं और आपने उस चुनाव में पहले से मतदान नहीं किया था।

## अपनी मतदाता स्थिति की ऑनलाइन जांच करें

*voterstatus.sos.ca.gov* पर राज्य सचिव के ‘मेरी मतदाता स्थिति’ (My Voter Status) पेज पर जाएँ, जहाँ आप अपनी मतदाता स्थिति की जाँच कर सकते हैं, अपना मतदान स्थल या मतदान केंद्र तलाश कर सकते हैं, और भी बहुत कुछ कर सकते हैं।

अपनी मतदाता स्थिति की जांच करने के लिए, आपको अपना पहला नाम, उपनाम, जन्म तिथि और अपना California ड्राइवर लाइसेंस या California पहचान कार्ड संख्या, या सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक दर्ज करने होंगे।

मतदाताओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी के लिए *voterstatus.sos.ca.gov* पर जाएँ।

# दूरस्थ सुलभ डाक-द्वारा-मतदान प्रणाली से संबंधित FAQ

दूरस्थ सुलभ डाक-द्वारा-मतदान (RAVBM) प्रणाली एक ऑनलाइन साधन है जो विकलांग व्यक्तियों सहित सभी मतदाताओं को किसी भी उपकरण का उपयोग करके अपने मतपत्र विकल्पों तक पहुंचने, पढ़ने और चिह्नित करने में सक्षम बनाता है। इसके परिणामस्वरूप, विकलांग मतदाताओं को अपनी सहायक तकनीकों का उपयोग करके निजी तौर पर और स्वतंत्र रूप से अपने मतपत्र विकल्पों को पढ़ने और चिह्नित करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि RAVBM इंटरनेट से मतदान करने का एक रूप नहीं है।

हालांकि RAVBM प्रणाली का उपयोग करके मतपत्रों पर चयनों को ऑनलाइन चिन्हित किया जा सकता है, लेकिन मतदाता का अपने मतपत्रों पर किए गए चयनों को प्रिंट करके अपने काउंटी चुनाव अधिकारी को वापस जमा करना ज़रूरी है।

## RAVBM कैसे काम करता है?

मतदाता इंटरनेट कनेक्शन वाले किसी कंप्यूटर का उपयोग करके अपने मतपत्र पर अपनी पसंद का चयन कर सकते हैं। यह सिस्टम स्क्रीन रीडरों के साथ सुसंगत है। मतदाता को चिह्नित मतपत्र विकल्पों को प्रिंट करना होगा और चुनाव के दिन रात 8:00 बजे तक मतदान बंद होने से पहले उसे वापस सबमिट करना होगा। RAVBM के मतपत्रों में किए गए चयन ईमेल द्वारा वापस नहीं भेजे जा सकते। केवल कुछ वर्दीधारी और विदेशी नागरिकों के अनुपस्थित मतदान अधिनियम (UOCAVA) के मतदाता ही इसे फैक्स द्वारा वापस भेज सकते हैं।

प्रत्येक मतदाता द्वारा किए गए चयनों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए, RAVBM प्रणाली मतदाता के विकल्पों को संग्रहीत नहीं करती है और न ही उन्हें इंटरनेट पर प्रसारित करती है। प्रत्येक काउंटी में RAVBM का प्रशासन थोड़े-बहुत अंतर के साथ किया जाता है। हालांकि, California भर में RAVBM किस प्रकार संचालित होता है, इसे आमतौर पर निम्नलिखित पाँच चरणों में वर्णित किया गया है:

## मैं RAVBM प्रणाली का उपयोग करके कैसे मतदान कर सकता हूँ?

1. **अपने जिले से RAVBM एक्सेस लिंक ढूंढें या उसका अनुरोध करें।** RAVBM एक्सेस लिंक का अनुरोध करने के लिए अपने काउंटी के चुनाव कार्यालय से फोन, ईमेल या अपने काउंटी की चुनाव वेबसाइट के जरिए संपर्क करें।
2. **निर्देशों तक पहुंचने और अपने मतपत्र विकल्पों को चिह्नित करने के लिए लिंक पर जाएँ।** एक्सेस लिंक आपको एक प्रमाणीकरण पृष्ठ पर ले जाएगा। अपनी पहचान सत्यापित करने के बाद, आप अपने RAVBM निर्देशों की समीक्षा कर सकते हैं। इसके बाद आप अपने डिवाइस पर अपने मतपत्र के चयनों को चिह्नित करेंगे, और आवश्यकतानुसार अपनी सहायक तकनीक का उपयोग करेंगे। विकलांगता अधिकार California ने RAVBM प्रणाली का एक वीडियो प्रदर्शन प्रकाशित किया है।
3. **अपने RAVBM मतपत्र विकल्पों की समीक्षा करें और उन्हें प्रिंट करें।** अपने मतपत्र में दिए गए विकल्पों की समीक्षा करें और उनमें आवश्यकतानुसार सुधार करें। पूरा होने पर, अपने मतपत्र विकल्पों को प्रिंट करने के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. **अपने RAVBM मतपत्र के चयनों को एक लिफाफे में डालें।** लिफाफे पर हस्ताक्षर करें और उसे सील कर दें। अगर आपको डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र प्राप्त हुआ है, तो उसमें एक आधिकारिक मतपत्र वापसी लिफाफा भी शामिल होगा। अपने प्रिंट किए हुए RAVBM मतपत्र विकल्पों को वापस भेजने के लिए इस लिफाफे का उपयोग करें। लिफाफे के पीछे हस्ताक्षर करना, लिफाफे को सील करना और किए गये 2 छेदों के बीच में हस्ताक्षर करना न भूलें।

   **ध्यान दें:** अगर आपके पास आधिकारिक मतपत्र वापसी लिफाफा नहीं है, तो प्रतिस्थापन लिफाफे के लिए अपने काउंटी के चुनाव कार्यालय से संपर्क करें। अगर चुनाव के दिन से पहले लिफाफे का प्रतिस्थापन प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है, तो मानक, गैर-आधिकारिक लिफाफे के उपयोग के संबंध में वापसी के निर्देशों को पढ़ें। आपको RAVBM प्रणाली में प्रवेश करते समय प्रदान की गई सामग्री से लिफाफे का एक हिस्सा, या एक "घोषणा पत्र" प्रिंट करने की आवश्यकता हो सकती है।
5. **अपने RAVBM मतपत्र के चयनों को हस्ताक्षरित और सीलबंद लिफाफे में वापस भेज दें।** अपने RAVBM मतपत्र के चयनों को डाक द्वारा, या अपने काउंटी में बने किसी भी ड्रॉप-बॉक्स में, अपने काउंटी के किसी भी मतदान केंद्र या मतदान स्थल पर, या अपने काउंटी के चुनाव कार्यालय में वापस जमा करें। अगर कोई दूसरा व्यक्ति आपके मतपत्रों को आपके लिए लौटा रहा है, तो सुनिश्चित करें कि लिफाफे पर उनका नाम, (आपसे उनका) संबंध और हस्ताक्षर शामिल हों। अपने RAVBM मतपत्र चयनों को वापस करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए, वापसी संबंधी निर्देशों की जांच करें या अपने काउंटी के चुनाव कार्यालय को कॉल करें।

# विकलांग मतदाताओं के लिए सहायता

California यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक मतदाता निजी और स्वतंत्र रूप से अपने मतपत्र पर मतदान कर सकता है।

विकलांग मतदाताओं को आपकी काउंटी क्या सहायता प्रदान करती है, इस बारे में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया अपनी काउंटी की मतदाता सूचना गाइड देखें या अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी से संपर्क करें। काउंटी की संपर्क जानकारी *sos.ca.gov/elections/voting-resources/county-elections-offices* पर उपलब्ध है।

## मतदान स्थल पर या मतदान केन्द्र में मतदान करना

यदि आपको अपने मतपत्र पर निशान लगाने के लिए सहायता की आवश्यकता है, तो आप अपनी सहायता के लिए अधिकतम दो लोगों का चयन कर सकते हैं। यह व्यक्ति इनमें से नहीं हो सकता:

- आपका नियोक्ता या कोई भी ऐसा व्यक्ति जो आपके नियोक्ता के लिए काम करता है
- आपका श्रमिक संघ नेता या कोई भी ऐसा व्यक्ति जो आपके श्रम संघ के लिए काम करता है

*कर्बसाइड मतदान* आपको मतदान क्षेत्र के सबसे निकट कार पार्क करने की सुविधा प्रदान करता है। चुनाव अधिकारी आपके पास हस्ताक्षर करने के लिए रोस्टर, एक मतपत्र और आपकी आवश्यकता की कोई भी अन्य मतदान सामग्रियाँ लाएँगे, फिर चाहे आप सड़क के किनारे खड़े हों या किसी कार में बैठे हों।

सभी मतदान स्थलों और मतदान केन्द्रों का विकलांग मतदाताओं के लिए सुलभ होना आवश्यक है और वहाँ सुगम मतदान मशीनें भी उपलब्ध होंगी।

## घर पर मतदान करना

डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (RAVBM) प्रणालियाँ विकलांग मतदाताओं को अपने मतपत्र घर पर प्राप्त करने और उन्हें चुनाव अधिकारियों के पास वापस भेजने से पहले स्वतंत्र और गुप्त रूप से निशान लगाने का सुगम विकल्प प्रदान करती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारियों से संपर्क करें।

## ऑडियो एवं बड़े प्रिंट वाली मतदाता सूचना गाइडें

यह गाइड ऑडियो और बड़े प्रिंट वाले संस्करण में और साथ ही अंग्रेज़ी, चीनी, हिन्दी, जापानी, खमेर, कोरियाई, स्पेनिश, टैगालोग, थाई, और वियतनामी में उपलब्ध है।

मंगवाने के लिए:


*vote.ca.gov* पर जाएँ

राज्य सचिव की टोल-फ़्री मतदाता हॉटलाइन को (888) 345-2692 पर कॉल करें

*voterguide.sos.ca.gov/hi/audio* से एक ऑडियो MP3 संस्करण डाउनलोड करें

# याद रखने वाली तारीखें!

★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★



## देरी न करें, आज ही मतदान करें!

**जैसे ही आपको अपना मतपत्र प्राप्त हों, इसे भरकर वापस भेजें।**

**डाक-द्वारा-मतदान से प्रारंभिक मतदान करने की अवधि 4 मई, 2026 से शुरू होती है।**

**मतदान स्थल चुनाव के दिन 2 जून, 2026 को सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं!**

### मई

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

**4 मई**
काउंटी के चुनाव अधिकारी इस तारीख पर या इससे पहले मतपत्रों को डाक से भेजना शुरू कर देंगे।

**4 मई – 2 जून**
मतपत्र लौटाने की मतदान अवधि।

**5 मई**
सुरक्षित मतपत्र ड्रॉप-बॉक्स उपलब्ध हो जाते हैं।

**18 मई**
मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का अंतिम दिन। मतदाता पंजीकरण की अंतिम तारीख के बाद आपकी काउंटी के चुनाव कार्यालय या मतदान स्थल पर चुनाव के दिन तक और इसके सहित उसी दिन मतदाता पंजीकरण करना उपलब्ध है।

**23 मई**
मतदाता विकल्प अधिनियम वाली काउंटियों में व्यक्तिगत रूप से जाकर प्रारंभिक मतदान करने के लिए मतदान केंद्र खुलने का पहला दिन।

**30 मई**
California भर में व्यक्तिगत रूप से जल्दी मतदान करने के केंद्र शनिवार, 30 मई को खुले रहेंगे। अपने नजदीकी स्थान को तलाशने और मतदान के घंटों के बारे में पता लगाने के लिए *caearlyvoting.sos.ca.gov* पर जाएँ।

---

### जून

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

**मंगलवार, 2 जून, 2026**
रात 8:00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से जाकर मतदान करने या मतपत्र वापस करने का अंतिम दिन।

सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक मतदान स्थल खुले रहते हैं।

जैसे ही आपको अपना मतपत्र प्राप्त हों, इसे भरकर वापस भेजें। डाक-द्वारा-मतदान मतपत्रों को 2 जून तक अवश्य पोस्टमार्क कर दिया जाना चाहिए।

**9 जून**
वह अंतिम दिन जब काउंटियाँ चुनाव दिवस की डाक-मोहर लगे डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र वापस प्राप्त कर सकती हैं।

**24 जून**
मतपत्र लिफाफे पर हस्ताक्षर संबंधी त्रुटियों को सुधारने की अंतिम तिथि शाम 5:00 बजे तक।

**California Secretary of State**
**Elections Division**
1500 11th Street
Sacramento, CA 95814

NONPROFIT
U.S. POSTAGE
PAID
CALIFORNIA
SECRETARY
OF STATE

OFFICIAL ELECTION MAIL
Authorized by the U.S. Postal Service ®

2 जून, 2026

# प्राथमिक चुनाव

## याद रखने वाली तारीखें

**4 मई**
काउंटी के चुनाव अधिकारी इस तारीख पर या इससे पहले मतपत्रों को डाक से भेजना शुरू कर देंगे। जैसे ही आपको अपना मतपत्र प्राप्त हों, इसे वापस भेजें।

**4 मई – 2 जून**
डाक-द्वारा-मतदान की प्रारंभिक मतदान अवधि।

**5 मई**
सुरक्षित मतपत्र ड्रॉप-बॉक्स उपलब्ध हो जाते हैं।

**18 मई**
मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का अंतिम दिन। मतदाता पंजीकरण की अंतिम तारीख के बाद आपकी काउंटी के चुनाव कार्यालय या मतदान स्थल पर चुनाव के दिन तक और इसके सहित उसी दिन मतदाता पंजीकरण करना उपलब्ध है।

**23 मई**
मतदाता विकल्प अधिनियम वाली काउंटियों में व्यक्तिगत रूप से जाकर प्रारंभिक मतदान करने के लिए मतदान केंद्र खुलने का पहला दिन।

**30 मई**
California भर में व्यक्तिगत रूप से जाकर प्रारंभिक मतदान करने वाले स्थल शनिवार, 30 मई को खुले रहेंगे। अपने नजदीकी स्थान ढूंढने और मतदान के घंटों के बारे में पता लगाने के लिए *caearlyvoting.sos.ca.gov* पर जाएँ।

**मंगलवार, 2 जून, 2026**
रात 8:00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से जाकर मतदान करने या मतपत्र वापस करने का अंतिम दिन। मतदान-स्थल सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं। डाक-द्वारा-मतदान मतपत्रों को 2 जून तक अवश्य पोस्टमार्क कर दिया जाना चाहिए।

## निम्नलिखित में से किसी भी भाषा में मतदाता सूचना गाइड की अतिरिक्त प्रतियों के लिए, कृपया कॉल करें:

**English:** (800) 345-VOTE (8683)
**Español/Spanish:** (800) 232-VOTA (8682)
中文/**Chinese:** (800) 339-2857
हिन्दी/**Hindi:** (888) 345-2692
日本語/**Japanese:** (800) 339-2865
ខ្មែរ/**Khmer:** (888) 345-4917
한국어/**Korean:** (866) 575-1558
**Tagalog:** (800) 339-2957
ภาษาไทย/**Thai:** (855) 345-3933
Việt ngữ/**Vietnamese:** (800) 339-8163
**TTY/TDD:** 711

**मोबाइल-अनुकूल मुझे स्कैन करें**

**क्या आप मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं? यहाँ देखें:** ***voterstatus.sos.ca.gov***

चुनाव की लागतों को कम करने के प्रयास में राज्य विधानमंडल ने राज्य और काउंटी को प्रत्येक मतदान करने वाले परिवार के लिए केवल एक गाइड डाक से भेजने के लिए अधिकृत किया है। आप अपने काउंटी चुनाव अधिकारी से संपर्क करके या (888) 345-2692 पर कॉल करके अतिरिक्त प्रतियाँ मंगवाने के लिए अनुरोध कर सकते हैं।



OSP 26 161310